@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली–हरियाणा–पंजाब–चण्डीगढ़–उत्तर प्रदेश से प्रसारित
गुंरूवार, 12 फरवरी 2026

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक – गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 99 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस लाएंगे : किरेन रिजिजू

## ● बिना नोटिस और बिना प्रमाण के आरोप लगाना नियमों के खिलाफ है।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए लोकसभा में बजट चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयानों पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सरकार राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस लाने जा रही है, क्योंकि उन्होंने सदन को गुमराह किया और बिना आधार के गंभीर आरोप लगाए। रिजिजू ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही के लिए स्पष्ट नियम हैं। यदि कोई सदस्य किसी अन्य सदस्य पर गंभीर आरोप लगाना चाहता है, तो उसे पहले नोटिस देना होता है और अपने आरोपों के समर्थन में प्रमाण भी पेश करने होते हैं। बिना नोटिस और बिना प्रमाण के आरोप लगाना नियमों के खिलाफ है। उन्होंने यह भी कहा कि बजट पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने कोई ठोस और उपयोगी सुझाव नहीं



दिया, बल्कि सिर्फ 'बेबुनियाद और जंगली आरोप' लगाए। रिजिजू ने बताया कि उन्होंने राहुल गांधी से कहा था कि जब वित्त मंत्री शाम 5 बजे बजट पर जवाब देंगी, तब वे सदन में मौजूद रहकर अपनी बातों को साबित करें। रिजिजू ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 में सरकार छोड़ने से पहले दिए गए उनके भाषण और पीआईबी की आधिकारिक रिलीज में साफ लिखा था कि 2030 के बाद भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस लक्ष्य को 'फास्ट फॉरवर्ड' कर दिया है। भारत अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अगले दो-तीन साल में तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

रिजिजू ने कहा कि यह कोई पुरानी बात नहीं है, बल्कि 11 साल पहले का आधिकारिक बयान है। राहुल गांधी के इस आरोप पर कि 'भारत को बेच दिया गया,' रिजिजू ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'इस देश की कोई कीमत नहीं लगा सकता। कोई पैदा नहीं हुआ जो भारत को खरीद या बेच सके।' उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत 11वें स्थान पर था और उसे 'फ्रेजाइल फाइव' कहा जाता था, और अर्थव्यवस्था को कमजोर बताया जाता था। लेकिन पिछले 11 साल में भारत ने बड़ी छलांग लगाई है और चौथे स्थान पर पहुंचा है।

## राहुल गांधी ने लोकसभा में भारत-अमेरिका ट्रेड डील को बताया समर्पण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को केंद्र सरकार का ट्रंप प्रशासन के आगे समर्पण करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने इस डील में भारतीय डेटा, किसानों की सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता अमेरिका के हवाले कर दिया। राहुल गांधी ने लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि दुनिया स्थिरता से अस्थिरता की ओर बढ़ रही है। यूक्रेन युद्ध, गाजा संघर्ष, मिडिल ईस्ट में तनाव और ईरान के साथ युद्ध की आशंका ने माहौल को खतरनाक बना दिया है। आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार खुद मानती है कि अमेरिका-केंद्रित पुराना बहुध्रुवीय सिस्टम टूट रहा है। डॉलर का वर्चस्व चुनौती का सामना कर रहा है, चीन और रूस जैसी ताकतें इसे चुनौती दे



रही हैं। ऊर्जा और वित्त को हथियार बनाया जा रहा है। डॉलर कमजोर हो रहा है और सोना-चांदी की कीमतें बढ़ रही हैं। एनएसए ने कुछ समय पहले कहा था कि युद्ध का दौर खत्म हो गया है लेकिन अब हम युद्ध के दौर में प्रवेश कर चुके हैं।

## सांसदों ने राहुल गांधी पर कसा तंज, कहा- 'उनको ज्ञान नहीं है, सदन में कुछ भी बोलते हैं'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर संसद में दिए गए बयान पर भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी की आलोचना की। भाजपा सांसदों ने कहा कि राहुल गांधी कहीं से कुछ भी लाकर बोलने लगते हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'भारत का डाटा बहुत ही सुदृढ़ कानूनी स्वरूप में है, डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम के नियम हैं। भारत के जितने संवेदनशील क्षेत्र हैं, सबके अपने रोक हैं और इस तरह के आरोप लगाने से पहले चीजों को प्रमाणित करना चाहिए।' केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर कहा, 'जो नियम हैं, यह नियम हमारे या स्पीकर ओम बिरला के आने के बाद नहीं बने हैं। यह नियम पहले से हैं। यह नियम जब संविधान की रचना हुई तब से हैं। उन नियमों के आधार पर अगर वे किसी पर आरोप लगाते हैं तो उन्हें प्रमाणित करना होगा। अगर वे जिस पर आरोप लगा रहे हैं, वह सदन का सदस्य है तो उसे नोटिस देना पड़ता है और अगर वह सदन का सदस्य नहीं है तो वे ऐसे आरोप नहीं लगा सकते। ' उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के सिर्फ बोलने से प्रमाणित नहीं होता, इससे संबंधित दस्तावेज रखने होते हैं, सबूत रखने होते हैं, सिर्फ बोलने से नहीं होगा। इन्हें प्रमाणिकता और नियम का अर्थ नहीं पता इसलिए कुछ भी बोलते हैं। पहले का इतिहास इन्हें पता नहीं है।

# पंजाब सरकार राज्य में ग्राम न्यायालय के मुद्दे पर सभी कानूनी विकल्पों की पड़ताल करेगी: मुख्यमंत्री मान

**कौमी पत्रिका**

चंडीगढ़, 11 फरवरी- ग्राम न्यायालय के लिए केंद्र की ओर से किए जा रहे दबाव के खिलाफ स्पष्ट लकीर खींचते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इसे गैर–व्यवहारिक और कानूनी समुदाय के हितों के विपरीत बताया तथा कहा कि सरकार राज्य में इस मुद्दे पर निर्णायक कदम उठाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने इस मामले की गहन जांच के लिए कानूनी विशेषज्ञों की कमेटी गठित करने का ऐलान करते हुए कहा कि वे इसे केंद्र सरकार के समक्ष उचित स्तर पर उठाएंगे। इस मुद्दे को संस्थागत अखंडता और लोगों के विश्वास से संबंधित बताते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि न्यायपालिका में कानून का राज और नैतिक मानदंड सर्वोच्च रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार वकीलों के हितों की रक्षा के लिए कोई कसर ताकत नहीं छोड़ेगी। म्यूनिसिपल भवन में 65 बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पूरे राज्य के लोगों की 20 किलोमीटर के दायरे में अदालतों तक पहुंच है, जिस कारण यह संकल्प पंजाब में व्यावहारिक रूप से लागू नहीं हो सकता। वकील पहले ही केंद्र के इस कदम के खिलाफ डटे हुए हैं क्योंकि इससे राज्य सरकारों को कानूनी तौर पर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पंजाब में इस संकल्प को बंद करने के सभी तरीके खोजे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया, पंजाब सरकार इस संबंध में सभी पहलुओं की पड़ताल करने के लिए कानूनी विशेषज्ञों की एक कमेटी का गठन करेगी। मैं इस मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष उचित मंचों पर भी उठाऊंगा। अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार वकील समुदाय के हितों की रक्षा



के लिए प्रतिबद्ध है और इस नेक कार्य के लिए कोई कसर ताकत नहीं छोड़ी जाएगी। बार एसोसिएशनों के योगदान को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, बार एसोसिएशनों ने देश में कानूनी प्रणाली के विकास में प्रभावशाली ढंग से योगदान देने के लिए हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समाज की बेहतरी के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। भारत एक संप्रभु समाजवादी गणराज्य है, जिसमें संसदीय प्रणाली है और इसे यह गौरव प्राप्त है कि वह विश्व में सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रणाली है। न्याय, आजादी, समानता और भाईचारा चार विशेषताएं हमारे संविधान द्वारा हर नागरिक के लिए सुरक्षित हैं। कानूनी प्रणाली की महत्ता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि, कानून का राज वह नींव है, जिस पर आधुनिक लोकतांत्रिक समाज की स्थापना की जाती है। न्यायपालिका में मूल्यों, अखंडता और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध कानूनी प्रणाली एक जीवंत और न्यायपूर्ण समाज का महत्वपूर्ण अंग है। मैं मौलिक अधिकारों को समझता हूं और वकीलों को अपने करियर में सफल होने के लिए आने वाली मुश्किलों से भी जानकार हूं। सार्वजनिक जीवन और कानूनी पेशे की तुलना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, राजनीतिक नेताओं और वकीलों को एक जैसे जनता का विश्वास प्राप्त होता है और दोनों को इस विश्वास को हर तरीके से बनाए रखने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि, इंसाफ आज–कल दूसरी चीजों की तरह महंगा है। इसलिए उन्होंने यह विचार पेश किया कि वकीलों को समाज के हाशिए पर धकेल दिए गए वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए एनजीओज की स्थापना करनी चाहिए। नैतिकता की जरूरत पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि केस हार सकते हैं या जीत सकते हैं लेकिन कानून का राज हमेशा कायम रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, वकील सुरक्षा एक्ट और चैंबरों के कमर्शियल बिजली कनेक्शनों को घरेलू कनेक्शनों में तब्दील करने सहित वकीलों की हर मांग जायज है और इसकी समीक्षा की जाएगी। मैं खुद लोगों का वकील हूं और समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।

शेष पृष्ठ 3 पर

# सुप्रीम कोर्ट ने गाइडलाइंस को लेकर केंद्र और यूजीसी को जारी किया नोटिस

## ● 'याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि नए नियम सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ भेदभाव करते हैं '

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम, 2026' को चुनौती देने वाली दो नई याचिकाओं पर केंद्र सरकार और यूजीसी को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने इन याचिकाओं को पहले से लंबित पुरानी याचिकाओं के साथ जोड़कर एक साथ सुनने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि नए नियम सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ भेदभाव करते हैं और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। खासकर नियमों में 'जाति-आधारित भेदभाव' की परिभाषा केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों तक सीमित रखी गई है। इससे सामान्य वर्ग के लोगों को भेदभाव की शिकायत करने का कोई कानूनी संरक्षण नहीं मिलता, जो संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 के तहत समानता के अधिकार के खिलाफ है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि यह नियम एकतरफा है और उच्च शिक्षा में सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ सकता है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2026 में नए नियमों के अमल पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि नियमों के प्रावधान अस्पष्ट हैं और इनके दुरुपयोग की आशंका है।

अदालत ने केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था और नियमों पर नए सिरे से विचार करने के लिए विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित करने का सुझाव दिया था। फिलहाल, 2012 के पुराने नियम लागू रहेंगे, ताकि जाति-आधारित भेदभाव की शिकायतों पर कोई रोक न लगे। यूजीसी ने 13 जनवरी को ये नए नियम जारी



किए थे, जिनका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति, धर्म, लिंग, दिव्यांगता आदि पर आधारित भेदभाव रोकना और समानता को बढ़ावा देना था, लेकिन सामान्य वर्ग से जुड़े कई छात्रों और संगठनों ने इसका विरोध किया और इसे 'रिवर्स डिस्क्रिमिनेशन' बताया।

विरोध के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां अब सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई होगी।

# 0 92.5% प्लेसमेंट, 51 LPA तक पैकेज: KIIT 2025 बैच की शानदार सफलता

## हम छात्रों को पहले सिर्फ नौकरी नहीं बल्कि करियर के लिए तैयार करते हैं- कीट और कीस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत

**कौमी पत्रिका**

भुवनेश्वर। वैश्विक स्तर पर चुनौतीपूर्ण जॉब मार्केट के बावजूद, कीट डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (KIIT-D) ने 2025 बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट में एक बार फिर अपनी शान/ बर्चस्व बरकरार रखी है। विश्वविद्यालय ने करीब 92.5 प्रतिशत का ओवरऑल प्लेसमेंट दर्ज किया है, जो इसे देश के शीर्ष प्लेसमेंट देने वाले संस्थानों में शामिल करता है। 2025 के प्लेसमेंट सीज़न के दौरान 757 से अधिक कंपनियां कीट कैंपस पहुंचीं। करीब 5,000 योग्य छात्रों में से लगभग 4,621छात्र / छात्रा को जॉब ऑफर्स विभिन्न स्कूलों और विषयों में प्रस्तुत किये गए।

**कीट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी रहा सबसे आगे**

प्लेसमेंट ड्राइव में कीट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी (KSOT) ने सबसे शानदार प्रदर्शन किया। यहां के 451 छात्रों को मिला 3,800 शीर्ष कम्पनीज से जॉब ऑफर्स मिले। औसत पैकेज 8.5 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जबकि 739 छात्रों को कई अन्य ऑफर्स मिले। इस दौरान 1,500 से अधिक 'ड्रीम ऑफर्स' (उच्च पैकेज वाले) दिए गए और 59 कंपनियों ने 10 LPA या उससे अधिक का पैकेज ऑफर किया। सबसे अधिक 51 LPA का पैकेज माइक्रोसॉफ्ट ने दिया। वहीं, मास रिक्रूटर्स में टीसीएस (TCS) (530 ऑफर्स) और विप्रो (WIPRO) (342 ऑफर्स) ने बड़ी संख्या में शामिल है। इसके अलावा, 1,209 पेड इंटर्नशिप्स भी ऑफर की गईं, जिससे छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही इंडस्ट्री में मौजूद दिग्गजों के साथ काम करने और सिखने का अवसर मिलेगा।

**NVIDIA टॉप हाई–पेइंग रिक्रूटर्स में शामिल**

कीट में 2025 प्लेसमेंट का एक बड़ा आकर्षण NVIDIA भी रहा। जिसने 36.28 LPA का पैकेज ऑफर किया है। NVIDIA की भागीदारी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटिंग और एडवांस्ड इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में KIIT की बढ़ती साख को बल मिला है।

Human Resocia, Hike और PayPal जैसी कंपनियों ने भी 30 LPA से अधिक के पैकेज ऑफर किए।

KIIT स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट (KSOM) में 161 कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिससे MBA स्टूडेंट्स को 401 जॉब ऑफर मिले। सबसे ज़्यादा पैकेज 20 लाख रुपये सालाना (LPA) था, और एवरेज पैकेज 7.25 लाख रुपये सालाना था। KIIT स्कूल ऑफ़ रूरल मैनेजमेंट (KSRM) ने एक बार फिर 100 परसेंट प्लेसमेंट हासिल किया, और अपना लगातार रिकॉर्ड



बनाए रखा। कुल मिलाकर, 51 कंपनियों ने स्टूडेंट्स को नौकरी दी, जिसमें सबसे ज़्यादा पैकेज 20.71 लाख रुपये सालाना और एवरेज 5.75 लाख रुपये सालाना था। KIIT स्कूल ऑफ़ बायोटेक्नोलॉजी (KSBT) में 85 परसेंट प्लेसमेंट हुआ, और कई छात्र / छात्रा ने आगे की पढ़ाई करने का फैसला किया। 42 कंपनियों ने हिस्सा लिया, और सबसे ज़्यादा पैकेज 8 लाख रुपये सालाना था।

माइक्रोसॉफ्ट (51.00 LPA), ह्यूमन रेसोसिए (44.52 LPA), हाईक (41.70 LPA), पेपाल (36.50 LPA), NVIDIA (36.28 LPA), ITA-GAKI कारपोरेशन (Zenken) (28.98 LPA), Juspay Technologies (27.00 LPA), सिस्को (24.73 LPA), D. E. शॉ इंडिया (24.30 LPA)।

2026 प्लेसमेंट की भी अच्छी शुरुआत हुई है।

इसी के साथ, 2025 बैच के प्लेसमेंट के समापन के बाद ही 2026 बैच के लिए कैंपस रिक्रूटमेंट ने भी गति पकड़ ली है। अब तक करीब 70 प्रतिशत प्लेसमेंट कन्वर्ज़न हासिल हो चुका है, जबकि सीज़न अभी जारी है। कीट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी में अब तक 175 से अधिक कंपनियों ने 3,000 से ज्यादा जॉब ऑफर्स दिए हैं, जिनमें 44 कंपनियों के 1,200 से अधिक ड्रीम ऑफर्स (10 LPA+) शामिल हैं। इनफोसिस (Infosys) और असैंचर (Accenture) जैसी कंपनियों ने बड़े स्तर पर भर्ती की है। अन्य स्कूलों में भी शुरुआती नतीजे उत्साहजनक रहे हैं।

हम छात्रों को सिर्फ पहली नौकरी नहीं, करियर के लिए तैयार करते हैं। कीट और कीस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने कहा कि लगातार बेहतर प्लेसमेंट प्रदर्शन विश्वविद्यालय की गुणवत्ता आधारित शिक्षा और इंडस्ट्री–फोकस्ड अप्रोच का परिणाम है। उन्होंने कहा, कीट में हमारा लक्ष्य छात्रों को केवल पहले नौकरी के लिए नहीं, बल्कि टिकाऊ करियर के लिए तैयार करना है। वैश्विक कंपनियों का लगातार हम पे भरोसा यह साबित करता है कि हमारे छात्र इंडस्ट्री–रेडी हैं। चुनौतीपूर्ण समय के बावजूद भी हमारे छात्रों का शानदार प्रदर्शन करना हमारे लिए वाकई गर्व की बात है।

### चुनाव से पहले आयोग का बड़ा आदेश

## तीन साल से एक ही जगह तैनात अधिकारियों का होगा तबादला

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने तीन वर्ष से अधिक समय से एक ही पद या जिले में तैनात प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के तबादले का निर्देश दिया है। बुधवार को आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।



निर्देश के अनुसार यह आदेश जिलाधिकारी, अतिरिक्त जिलाधिकारी, प्रखंड विकास अधिकारी, उप-मंडलाधिकारी और अन्य जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों पर लागू होगा। इसके साथ ही पुलिस महानिरीक्षक (आईजी), उप-महानिरीक्षक (डीआईजी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को भी स्थानांतरित किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। जिन अधिकारियों ने किसी विशेष जिले या पद पर तीन वर्ष से अधिक समय पूरा कर लिया है, उन्हें स्थानांतरित करना अनिवार्य होगा। हालांकि, राज्य मुख्यालय में तैनात अधिकारियों को इस आदेश से छूट दी गई है। आयोग ने मुख्य सचिव को तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश भेज दिए हैं। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि पिछले विधानसभा चुनाव में जो अधिकारी किसी जिले में जिलाधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी या निरीक्षक के रूप में कार्यरत थे उन्हें आगामी चुनाव में उसी जिले में दोबारा तैनात नहीं किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार, चुनाव के दौरान प्रशासनिक निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह एक मानक प्रक्रिया है।

# नोटिस के बाद पेंगुइन रैंडम हाउस के दफ्तर पहुंची दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल (विशेष प्रकोष्ठ) ने %पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया% को नोटिस जारी कर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक को सोशल मीडिया पर उपलब्ध कराने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने पूर्व सेना प्रमुख की पुस्तक को लेकर दर्ज मामले में और सीक्रेट एक्ट व कॉपी राइट की धाराएं भी जोड़ी हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस की एक टीम बुधवार को गुरुग्राम में पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के ऑफिस में पहुंची और करीब ढाई घंटे तक जांच पड़ताल की। टीम वहां से कुछ कागजात भी अपने साथ लाई है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह नोटिस ऐसे समय में जारी किया गया, जब पुस्तक की स्थिति और अनधिकृत संस्करणों के कथित अवैध प्रसार के विरोध में दावे किए जा रहे हैं, जिससे प्रकाशक, पूर्व सेना प्रमुख और वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियां एक व्यापक सार्वजनिक विवाद में शामिल हो गई हैं। पुलिस के अनुसार विशेष प्रकोष्ठ ने नोटिस के माध्यम से प्रकाशक से औपचारिक रूप से संपर्क कर कई सवाल पूछे हैं और उनके विस्तृत जवाब मांगे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने %पेंगुइन इंडिया% को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के माध्यम से कई सवाल पूछे गए हैं और उनके जवाब मांगे गए हैं। यह कदम उन रिपोर्ट के मद्देनजर उठाया गया है जिनमें दावा किया गया है कि नरवणे के संस्मरण %फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी% की पांडुलिपि प्रकाशन से पहले डिजिटल और अन्य प्रारूपों में अवैध रूप से संभवत प्रसारित की गई। पुलिस ने बताया कि पांडुलिपि के अनधिकृत प्रसार के संबंध में लगे आरोपों के कारण प्राथमिकी दर्ज की गई है और मामले की जांच जारी है। दिल्ली पुलिस ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की कथित अप्रकाशित किताब (फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी) के ऑनलाइन लीक और अनधिकृत सर्कुलेशन को लेकर दर्ज मामले में ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट और कॉपीराइट अधिनियम की धाराएं जोड़ दी हैं।

## मोहाली में 16 स्कूलों को उड़ाने की धमकी

मोहाली (एजेंसी)। मोहाली के स्कूल-कॉलेजों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुबह करीब साढ़े 7 बजे भेजी मेल में कहा गया कि इनमें दोपहर 1.11 बजे बम ब्लास्ट होगा। इस मेल में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी मानव बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके अलावा 13 फरवरी को दोपहर 2.11 बजे नई दिल्ली स्थित संसद में भी बम धमाके की धमकी दी गई है। सुबह 8.50 बजे स्कूल खुलने थे, इससे पहले ही मेल पहुंच गई। जैसे ही धमकी भरी मेल मिली तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद स्कूलों में तत्काल छुट्टी कर दी गई। स्कूल मैनेजमेंट्स ने पेरेंट्स को अर्जेंट मैसेज भेजकर अपने बच्चों को घर ले जाने को कहा। इसके अलावा स्कूल बसों को भी गेट से ही लौटा दिया गया। बच्चों को स्कूल के अंदर एंट्री नहीं दी गई। बम धमकी का पता चलते ही मोहाली पुलिस हाई अलर्ट पर आ गई। तुरंत बम स्क्वॉड की टीमें लेकर पुलिस फोर्स स्कूलों में पहुंच गई।

## असम में भारत का सबसे लंबा भूकंपरोधी पुल तैयार : 100 साल चलेगा

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर उत्तरी और दक्षिणी गुवाहाटी को जोड़ने वाला पहला 6-लेन एक्स्ट्राडोसेड ब्रिज या 'महासेतु' बनकर तैयार है। यह पुल न केवल असम बल्कि देश के लिए भी खास है, क्योंकि यह भारत का सबसे लंबा एक्स्ट्राडोसेड पुल होगा। पुल को भूकंप-रोधी तकनीक से डिजाइन किया गया है और इसकी अनुमानित उम्र 100 वर्ष है। असम का यह क्षेत्र भूकंप जोन-6 में आता है, इसलिए पुल में विशेष पेंडुलम सिस्टम लगाया है, जो भूकंप के झटकों को सहन कर उन्हें नीचे की ओर स्थानांतरित कर देता है। एक्स्ट्राडोसेड पुल गर्डर और केबल दोनों तकनीक पर आधारित होता है। इससे पारंपरिक पुलों की तुलना में ज्यादा मजबूत और किफायती भी होता है। पुल का निर्माण कार्य करीब 99 प्रतिशत पूरा हो गया है। संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने इसका उद्घाटन कर सकते है।

## फाजिल्का में 17 वर्षीय युवती की निर्मम हत्या

फाजिल्का (एजेंसी)। फाजिल्का जिले के अबोहर में मलोट रोड पर स्थित एक होटल में 17 साल की लड़की की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया। पुलिस के अनुसार, लड़की का शव होटल के कमरे में अर्धनग्न अवस्था में और आंखों पर पट्टी बंधी हुई मिली। उसकी गर्दन तेजधार हथियार से काटी गई थी। होटलकर्मियों ने बताया कि मृतक लड़की आरती अपने प्रेमी सचिन के साथ होटल में आई थी। युवक करीब आधे घंटे बाद खाना ऑर्डर करने का बहाना बनाकर होटल से निकला। घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना-1 की पुलिस मौके पर पहुंची और होटल को सील कर सभी रिकॉर्ड, रजिस्टर व अन्य सबूत कब्जे में ले लिए। पुलिस ने सचिन निवासी रामकोट के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। आरती मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले की रहने वाली थी। उनके पिता कई वर्षों से अबोहर में गौशाला में काम करते हैं। मृतक के परिजनों ने बताया कि आरोपी सचिन पहले भी आरती को परेशान करता था। एसएचओ ने बताया कि आरोपी युवक 22 वर्षीय है और कुई खेड़ा गांव का रहने वाला है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और सभी संबंधितों से पूछताछ जारी है।

## पटना में 60 वर्षीय महिला वकील का झुलसा हुआ शव बरामद

पटना (एजेंसी)। बिहार की राजधानी पटना के कदमकुआं क्षेत्र से दुखद घटना सामने आई है। राजेंद्र नगर रोड नंबर-2 में मौजूद घर से 60 वर्षीय महिला वकील इंदिरा लक्ष्मी का झुलसा हुआ शव बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इंदिरा लक्ष्मी पटना हाई कोर्ट और सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस करती थीं। उनके पति रांची में रहते हैं, जबकि उनकी एक बेटी दिल्ली में रहती है। जानकारी के अनुसार, शव घर के बरामदे में जली हुई अवस्था में मिला। घटनास्थल से किरोसिन तेल, माचिस और एक दिया बरामद हुआ है। पुलिस को एक मग में भी केरोसिन तेल मिला है। बताया जा रहा है कि घर का मुख्य दरवाजा बंद था और ताला दोनों तरफ से खुलने वाला था। महिला घर के निचले तले पर अकेली रहती थीं। उनके ऊपर वाले फ्लैट में उनके देवर रहते हैं, जिन्होंने सुबह शव देखा। एक केयरटेकर महिला ने भी महिला जली हुई अवस्था में उन्हें देखा और इसकी सूचना दी। केयरटेकर के अनुसार, रात करीब 12 बजे तक इंदिरा लक्ष्मी बरामदे में बैठी थीं। पुलिस ने बताया कि सूचना सुबह लगभग 7:40 बजे मिली। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया और जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया शरीर पर किरोसिन डालकर आग लगाने की आशंका है, हालांकि अंतिम निष्कर्ष जांच रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा। घटना से पटना सिविल कोर्ट के वकीलों में शोक की लहर है। अधिवक्ता ऋषिकेश नारायण सहित कई वकीलों ने मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है।

## एक माह में 800 लोग लापता... चिंतित दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र, दिल्ली सरकार, पुलिस को दिया नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। (ईएमएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते गुमशुदगी के मामलों को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) को नोटिस दे दिया है। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने लापता व्यक्तियों की लगातार बढ़ती संख्या पर चिंता जताकर जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कह दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। याचिका में बताया गया है कि दिल्ली में बीते एक महीने में 800 से अधिक लोगों के लापता होने के मामले सामने आए हैं। इस बीच जनवरी 2026 के पहले दो हफ्तों में 807 लोगों के लापता होने के मुद्दे पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने भी स्वतः संज्ञान लिया है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, 807 लापता लोगों में से अब तक 235 का ही पता लग सका है, जबकि 572 लोग अभी भी लापता हैं। इन मामलों में 191 नाबालिग और 616 वयस्क शामिल हैं। इस बारे में दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को भी नोटिस जारी कर निर्धारित समय में विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा गया है। किसी व्यक्ति के लापता होने की शिकायत मिलते ही पुलिस के लिए तुरंत एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है, खासकर यदि मामला नाबालिग से जुड़ा हुआ है।

# जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

### –स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई ; सिनेमाघरों को छूट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा।

आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। हालांकि, आदेश में यह भी कहा गया है किन-किन मौकों पर राष्ट्रगीत गाया जा सकता है, इसकी पूरी लिस्ट देना संभव नहीं है। यह पहली बार है जब राष्ट्रगीत के गायन को लेकर डिटेल में प्रोटोकॉल जारी किए गए हैं। केंद्र इस समय वंदे




मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मना रहा है।

#### राष्ट्रपति के आगमन और झंडारोहण जैसे कार्यक्रमों में गाया जाएगा

नई गाइडलाइन के अनुसार, तिरंगा फहराने, किसी कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्र के नाम उनके भाषणों और संबोधनों से पहले और बाद में, और राज्यपालों के आगमन और भाषणों से पहले और बाद में सहित कई आधिकारिक अवसरों पर वंदे मातरम बजाना अनिवार्य होगा। मंत्रियों या अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की मौजूदगी वाले गैर-औपचारिक लेकिन जरूरी कार्यक्रमों में भी राष्ट्रगीत सामूहिक रूप से गाया जा सकता है, बशर्ते इसे पूरा सम्मान और शिष्टाचार के साथ पेश किया जाए। 10 पेजों के आदेश में, सिविलियन पुरस्कार समारोहों, जैसे कि पद्म पुरस्कार समारोह या ऐसे किसी भी कार्यक्रम में जहां राष्ट्रपति उपस्थित हों, वहां भी वन्दे मातरम बजाया जाएगा।

#### सिनेमा हॉल में लागू नहीं होंगे नए नियम

हालांकि, सिनेमा हॉल को नए नियमों से दूर रखा गया है। यानी सिनेमाघरों में फिल्म शुरू होने से पहले 'वंदे मातरम' बजाना और खड़ा रहना अनिवार्य नहीं होगा। वहीं अगर किसी न्यूजरील या डॉक्यूमेंट्री फिल्म के हिस्से के रूप में राष्ट्रगीत बजाया जाता है, तो दर्शकों के लिए खड़ा होना जरूरी नहीं होगा। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी स्थिति में खड़े होने से प्रदर्शन में व्यवधान और अव्यवस्था हो सकती है। मंत्रालय ने कहा है कि अब से राष्ट्रगीत का आधिकारिक संस्करण ही गाया या बजाया जाएगा और इसे सामूहिक गायन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

## बेटे सिद्धू मूसे वाला के लिए इंसाफ दिलाने धरने पर बैठे... माता-पिता और छोटा सिद्धू



मानसा (एजेंसी)। अपने बेटे को इंसाफ दिलाने के लिए डीआईजी बठिंडा हरजीत सिंह को मिलने पहुंचे पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसे वाला की माता चरण कौर और पिता बलकौर सिंह एसएसपी दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गए, तब उनके साथ उनका छोटा सिद्धू भी मौजूद था। सिंह का आरोप था कि उन्होंने साल 2025 के दौरान डीजीपी को सिद्धू मूसे वाला कत्ल मामले में शामिल तीन लोगों के नाम की लिस्ट देकर कार्रवाई करने की मांग कर शिकायत दी थी जिसकी फाइल मानसा पुलिस के पास पहुंच चुकी है, लेकिन मानसा पुलिस ने उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मानसा पुलिस उन्हें इंसाफ देने के बजाय गैंगस्टरों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें पुलिस कस्टडी से भगाया गया, उन्होंने पंजाब पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने कहा के उन्हें अब तक इंसाफ नहीं दिया गया।

2022 में हुई थी हत्या – बता दें, सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह पिछली पेशी पर अपने बेटे की थार गाड़ी को अदालत में लेकर पहुंचे थे। सिद्धू मूसेवाला का 29 मई 2022 को मानसा जिले के गांव जवाहरके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो शूटर्स जगरूप रूप और मनु कोसा को अमृतसर जिले में एनकाउंटर के दौरान मार गिराया गया था। वहीं इस मामले में अब नामजद लॉरेंस बिश्नोई और जग्गू भगवानपुरिया की लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हो रही है।

## अब सलमान खान के करीबी से करोड़ों की फिरौती और रणवीर सिंह को मिला धमकी भरा संदेश



**मुंबई (एजेंसी)।** मायानगरी मुंबई में एक बार फिर अंडरवर्ल्ड और अपराधी गिरोहों की सक्रियता ने फिल्म जगत में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के आवास के बाहर हुई हालिया फायरिंग की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि अब अभिनेता रणवीर सिंह और सलमान खान के बेहद करीबी व्यक्ति को धमकियां मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, अभिनेता रणवीर सिंह को व्हाट्सएप के जरिए धमकी दी गई है, जबकि सलमान खान के एक करीबी सहयोगी को धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ है।

सलमान खान के करीबी को भेजे गए इस ईमेल में भेजने वाले ने खुद को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य होने का दावा किया है। इस धमकी भरे पत्र में करोड़ों रुपयों की रंगदारी मांगी गई है और मांग पूरी न होने पर जान से मारने की स्पष्ट चेतावनी दी गई है। हालांकि, इस मामले में अभी तक अभिनेता या उनके सहयोगी की ओर से पुलिस में कोई औपचारिक लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन पुलिस प्रशासन इस इनपुट के बाद पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। तकनीकी जांच और खुफिया जानकारी के दौरान क्राइम ब्रांच को बेहद चौंकाने वाले सुराग मिले हैं। बताया जा रहा है कि बिश्नोई गैंग से जुड़े कुछ संदिग्धों की मोबाइल लोकेशन पिछले कुछ दिनों में कई बॉलीवुड हस्तियों के घरों के आसपास पाई गई है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि गिरोह ने अपने अलग-अलग गुर्गों को इन हस्तियों की रेकी करने का काम सौंपा था। रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग और अब इन नई धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। सलमान खान लंबे समय से इस गिरोह के निशाने पर रहे हैं और पूर्व में उनके घर के बाहर हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी भी इसी गैंग ने ली थी। पुलिस का मानना है कि इन धमकियों के पीछे मुख्य उद्देश्य बॉलीवुड से मोटी रकम की वसूली करना है। एहतियात के तौर पर मशहूर हस्तियों के आवास के आसपास सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# अपने बयान पर स्पष्टीकरण दें वर्ना विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का सामना करने को तैयार रहें

### –संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने दी राहुल गांधी को चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली, (ईएमएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हालिया बयान को लेकर सियासी विवाद गहरा गया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को चेतावनी दी कि यदि राहुल गांधी शाम 5 बजे तक अपने बयान पर स्पष्टीकरण या माफी नहीं मांगते हैं तो सरकार उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाएगी। संसदीय मंत्री रिजिजू ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने सदन में ÷गलतबयानी÷ कर सदन को गुमराह किया है। उन्होंने कहा, हम सदन को गुमराह करने और बेबुनियाद बयान देने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ प्रिविलेज नोटिस फाइल करने जा रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा में प्रक्रिया और आचरण के स्पष्ट नियम हैं। यदि कोई सदस्य किसी अन्य सदस्य पर गंभीर आरोप लगाना चाहता है, तो उसे पहले नोटिस देना होता है और आरोप को प्रमाणित भी करना होता है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार पर यह आरोप लगाया कि उन्होंने भारत और भारतीय हितों को बेच दिया है। रिजिजू ने सवाल उठाया, किस आधार पर? बिना नोटिस दिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर भी



गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सदन में बुलाकर अपने आरोपों को साबित करने का अवसर दिया जाना चाहिए। रिजिजू ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी जानबूझकर ऐसा करते हैं। उन्होंने कहा, उनका भाषण आम तौर पर आरोपों से भरा होता है और उसके बाद वे सदन से चले जाते हैं। वे मंत्रियों का जवाब सुनने के लिए नहीं बैठते। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष के नेता के पद पर गंभीरता का अभाव दिखता है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भी पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर राहुल गांधी पर संसदीय परंपराओं को आहत करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संसद लोकतंत्र में उच्चतम मानकों और मर्यादाओं का प्रतीक है, लेकिन हाल की घटनाओं ने इसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि गांधी ने अपनी भाषा और शैली से संसदीय विमर्श का स्तर गिराया है। दरअसल, लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने इसे 'होलसेल सरेंडर' करार देते हुए कहा था कि यह समझौता बराबरी की शर्तों पर नहीं हुआ है और किसानों के हितों को नुकसान पहुंचाया गया है। राहुल गांधी ने यहां तक कहा कि सरकार ने 'भारत माता को बेच दिया।'

# कांग्रेस से गठबंधन रहेगा, सत्ता-साझाकरण व्यवस्था तमिलनाडु के लिए उपयुक्त नहीं: स्टालिन

### –कुछ कांग्रेसी नेताओं ने डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की उठाई थी मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने बुधवार को कांग्रेस और अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, क्योंकि राज्य में इस साल के अंत में चुनाव होने वाले हैं। स्टालिन ने कांग्रेस जैसे डीएमके के सहयोगियों के साथ किसी भी प्रकार के साझा शासन को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। हाल ही में कांग्रेस के अंदर कुछ नेताओं ने डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की मांग उठाई थी। स्टालिन ने कहा कि सत्ता-साझाकरण व्यवस्था तमिलनाडु के लिए उपयुक्त नहीं है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्टालिन ने कहा कि शासन में हिस्सेदारी की मांग तमिलनाडु पर लागू नहीं होती। वे इसे हमसे बेहतर जानते हैं। यह नारा उन लोगों की सोची-समझी साजिश है जो हमें एकजुट नहीं देख सकते। तमिलनाडु के सीएम ने संकेत दिया कि राज्य में चुनाव होने पर कांग्रेस सहयोगी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन सौहार्दपूर्ण है। मीडिया जानबूझकर कुछ अनावश्यक धारणाएं बना रहा है।

सीएम स्टालिन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ अपने संबंधों को दोनों पार्टियों के बीच निरंतर गठबंधन का एक अहम तत्व बताया। राहुल गांधी ने डीएमके नेता कनिमोझी से बातचीत करके गठबंधन में तनाव कम करने में अग्रणी भूमिका निभाई है ताकि कांग्रेस डीएमके के साथ बनी रहे। स्टालिन ने कहा कि राहुल गांधी मेरे भाई जैसे हैं, वे मेरे परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने खुद भी कई बार कहा है कि हमारा रिश्ता राजनीति से परे है। इससे पहले, तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेल्वा पेरुंथगई ने भी संकेत दिया था कि डीएमके-कांग्रेस गठबंधन अंतिम रूप से तय है और औपचारिक सीट बंटवारे की बातचीत 22 फरवरी से शुरू होगी।

उन्होंने कहा कि डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन बेहद मजबूत गठबंधन है। जनता पहले ही यह प्रमाणित कर चुकी है कि यह सरकार बनी रहेगी। हमें लगातार जीत हासिल करने में कोई संदेह नहीं है। सब कुछ अच्छा ही हो रहा है। 22 तारीख को होने वाली गठबंधन बातचीत सफलतापूर्वक संपन्न होगी।

# ओवैसी बोले– गोरी चमड़ी वाला हमें बताएगा तेल कहां से खरीदें ?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक कार्यकारी आदेश का हवाला देते हुए केंद्र सरकार से स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की। ओवैसी ने कहा कि 6 फरवरी को जारी एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के सेक्शन 4 में उल्लेख है कि यदि भारत रूस से तेल खरीदारी जारी रखता है तो उस पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है।

सांसद ओवैसी ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, वह 'गोरी चमड़ी वाला' कौन होता है जो हमें बताए कि हम किससे तेल खरीद सकते हैं? हमें आजादी इसलिए मिली ताकि हम खुद तय कर सकें कि किससे तेल खरीदना है। वे कौन होते हैं हमें बताने वाले? क्या वे हमारे माता-पिता हैं जो हम पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा सकते हैं? उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति और ऊर्जा सुरक्षा के फैसले देश के राष्ट्रीय हितों के आधार पर होने चाहिए, न कि



किसी बाहरी दबाव में। ओवैसी ने सरकार से इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की और कहा कि भारत एक संप्रभु राष्ट्र है, जो अपने आर्थिक और रणनीतिक फैसले स्वयं लेने में सक्षम है।

इसके साथ ही ओवैसी ने आतंकवाद के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन इंसाफ होना चाहिए और मुंबई हमलों तथा अन्य आतंकी मामलों से जुड़े आरोपियों, हाफिज सईद, मसूद अजहर और जकी-उर-रहमान लखवी को भारत लाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए।

# 15 से 25 फरवरी तक वॉरशिप का मेला, ईरान-रूस के वॉरशिप एक ही कतार में

### –पहली बार फिलीपींस और यूएई के वॉरशिप इस आईएफआर में कर रहे डेब्यू

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** विशाखापत्तनम में 15 से 25 फरवरी तक वॉरशिप का मेला लगने वाला है। सुप्रीम कमांडर द्रौपदी मुर्मु का प्रेसिडेंशियल यॉट जब फ्लीट रिव्यू के लिए निकलेगा, तो दुनिया भर के वॉरशिप और नेवल पर्सनल सेल्यूट करते नजर आएंगे। रूस और अमेरिका के बीच चाहे कितनी भी खींचतान हो, लेकिन भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में दोनों ही देश अपने वॉरशिप के साथ मौजूद रहेंगे।

नौसेना के मुताबिक रूस की ओर से फ्रिगेट आरएफ़एस मार्शल शापोशनिकोव और अमेरिका की ओर से गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर पिंकनी हिस्सा ले रहे हैं। रूस और अमेरिका के वॉरशिप के साथ उसी कतार में ईरान का फ्रिगेट भी खड़ा दिखाई देगा। इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में ईरानी नौसेना अपना फ्रिगेट डेना शामिल कर रही है। साल 2026 के आईएफआर में दुनिया के कुल 137 देशों को न्योता दिया है। 70 से ज्यादा देशों ने अपनी हिस्सेदारी की सहमति दी है। इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में भारत के तकरीबन 70 से ज्यादा वॉरशिप और सबमरीन शामिल होंगे, वहीं 20 से ज़्यादा विदेशी जंगी जहाज भी आ रहे हैं।

पहली बार फिलीपींस और यूएई के वॉरशिप इस आईएफआर में हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही पहली बार जर्मनी के मेरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट पी-8 भी फ्लीट रिव्यू का हिस्सा बनेंगे। फिलीपींस का गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट मिगेल मालवार और यूएई नेवी का वॉरशिप अल अमारात फ्लीट रिव्यू में शामिल होंगे। फ्लाई-पास्ट में जर्मनी का लॉन्ग रेंज मेरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट पी-8 भी उड़ान भरेगा। समय के साथ मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ भारतीय नौसेना की भागीदारी लगातार बढ़ती जा रही है।

बता दें 17 फरवरी 2001 को राष्ट्रपति के आर नारायणन ने आईएनएस सुकन्या से फ्लीट का निरीक्षण किया था। पहले आईएफआर में 20 देशों के 97 वॉरशिप शामिल हुए थे, जिनमें 73 भारतीय और 24 विदेशी वॉरशिप थे। आईएफआर का दूसरा संस्करण विशाखापत्तनम में साल 2016 में आयोजित किया गया था। बंगाल की खाड़ी में आयोजित इस आईएफआर में पहले से ज्यादा देशों की नौसेनाओं ने हिस्सा लिया। कुल 50 देशों के तकरीबन 100 वॉरशिप पहुंचे थे। भारतीय समुद्री क्षेत्र में यह अब तक का सबसे बड़ा वॉरशिप जमावड़ा था।



## दक्षिण दिल्ली में जमीन हड़पने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि मामला तब सामने आया, जब ग्रेटर कैलाश के एक निवासी ने शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि एक राष्ट्रीय अखबार में प्रकाशित एक फर्जी सार्वजनिक नोटिस में कुछ अज्ञात लोगों ने उसकी पैतृक संपत्ति पर मालिकाना हक होने का दावा किया था। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से यह पता चला है कि दस्तावेजों के आधार पर यह संपत्ति कई दशकों से शिकायतकर्ता और उसके परिवार की है। ग्रेटर कैलाश थाने में मामला दर्ज किया गया और बाद में विस्तृत जांच के लिए इसे अपराध शाखा को सौंप दिया गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने कथित जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज तैयार किए थे, ताकि स्वामित्व का दावा किया जा सके। अधिकारी ने कहा कि इस मामले में शिकायतकर्ता की संपत्ति पर दावा करने और उसे एक अनजान खरीदार को बेचने के लिए कथित तौर पर जाली वसीयत और बिक्री विलेख सहित दो अलग-अलग प्रकार के फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए थे। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता को कथित धोखाधड़ी के बारे में तब पता चला, जब एक रिश्तेदार ने उसे एक वर्गीकृत विज्ञापन के बारे में सूचित किया, जिसमें संपत्ति पर स्वामित्व का दावा किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने 22 जनवरी को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि चौधरी एक वकील है, जबकि पांडे का आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने बताया कि जांच जारी है।

## ब्रांडेड कंपनियों के नकली जूते बनाने वाली यूनिट पकड़ी, सामान बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ब्रांडेड कंपनियों के नकली जूते बनाने वाली एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस यूनिट के मालिक संदीप सिंह (44) को गिरफ्तार किया है। ये यूनिट अंबेडकर एन्क्लेव, चौहान पट्टी, पुलिस स्टेशन सोनिया विहार, नॉर्थ-ईस्ट, दिल्ली के इलाके में चल रही थी। यूनिट से भारी मशीनें, मशहूर इंटरनेशनल स्पोर्ट्स शूज ब्रांड के लोगो/ब्रांड नाम प्रिंट करने के लिए डाई और नकली/डुप्लीकेट जूते बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया है। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि नॉर्थ ईस्ट दिल्ली इलाके में यह यूनिट चल रही है। एसआई प्रवीण कुमार और हवलदार अमित कुमार ने सूचना को विकसित किया और इलाके की रेकी की। इसके बाद एसीपी पंकज अरोड़ा व इंस्पेक्टर अमित सोलंकी की टीम ने अंबेडकर एन्क्लेव, चौहान पट्टी, सोनिया विहार में स्थित यूनिट में छापा मारा।

# कैब चालक की मफलर से गला घोंटकर हत्या, पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**कौमी पत्रिका**

गुरुग्राम। गुरुग्राम जिले की पुलिस ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से कैब चालक की मफलर से गला घोंटकर हत्या करने मामले में मुख्य आरोपी को 29 जनवरी को गुरुग्राम के बसई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयोग की गई एक कार बरामद की है। आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। आरोपी की पहचान औरैया (उत्तर प्रदेश) के पूर्वाभोल गांव निवासी शानू (21) के रूप में हुई है। आरोपी की निशानदेही पर फर्रुखनगर क्षेत्र में सुल्तानपुर झील के पास से सरसों के खेत से कैब चालक सूरज का शव बरामद किया गया। मृत कैब चालक की पहचान मुरैना (मध्य प्रदेश) के रैपुरा निवासी सूरज (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम, फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ व डॉग स्क्वाड टीम को बुलाकर घटनास्थल व शव का निरीक्षण किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी पहुंचाया है। पूछताछ में आरोपी शानू ने खुलासा किया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर योजना के तहत 27 जनवरी को ऑनलाइन कैब बुक की। बुकिंग के बाद कैब चालक सूरज (मृतक) को बसई चौक पर बुलाया। कुछ दूर चलने के बाद आरोपियों ने पेशाब का बहाना बनाकर कैब रुकवाई। इसी दौरान आरोपियों ने सूरज (मृतक) को पीछे से दबोचकर मफलर से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपियों ने सूरज के शव को फर्रुखनगर क्षेत्र में सुल्तानपुर झील के पास सरसों के खेत में फेंक दिया। आरोपी कैब कार को लेकर चले गए। 29 जनवरी को सेक्टर-9 थाने की पुलिस को बसई चौक से एक कैब चालक के अपहरण के बारे में सूचना मिली। सूचना मिलने पर पुलिस बसई पहुंची। चौक पर दिल्ली पुलिस की टीम औरैया (उत्तर प्रदेश) के पूर्वाभोल गांव के शानू को अपने साथ लेकर दिल्ली से आई थी। बसई चौक पर दिल्ली पुलिस के साथ मौजूद एक व्यक्ति ने सेक्टर-9 थाने की पुलिस को बताया कि उसका साला सूरज (मृतक) गुरुग्राम में कैब चलाता था। 27 जनवरी की दोपहर वह अपनी कैब लेकर घर से निकला था। इसके बाद वह देर रात तक वापस नहीं लौटा। जब उसने (सूरज का जीजा) सूरज के मोबाइल पर कॉल की तो वह स्विच ऑफ मिला। इसके पश्चात कैब की जीपीएस लोकेशन देखी गई तो कैब की लोकेशन दिल्ली के होली चौक मिली। 28 जनवरी को सूरज का जीजा दिल्ली पहुंचा और कैब मिलने पर दिल्ली के कापसहेड़ा थाने की पुलिस को सूचना दी। पुलिस की सहायता से 29 जनवरी को पता चला कि सूरज का अज्ञात लोगों ने अपहरण करके उसकी हत्या कर दी गई है और शव को फर्रुखनगर क्षेत्र के खेतों में फेंक दिया गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सेक्टर-9 थाने में अपहरण व हत्या से संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपी को अदालत में पेश करके रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान कैब चालक की हत्या मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी, वारदात में प्रयोग अन्य साधनों की बरामदगी की जाएगी। मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है।

## ड्रग तस्करी में शामिल आरोपी महिला के घर पर चला बुलडोजर

नई दिल्ली। डाबड़ी थाना पुलिस ने संगठित रूप से ड्रग का कारोबार चलाने वाली एक महिला तस्कर के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई की है। पुलिस ने तस्कर के घर के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर उसे तोड़ दिया है। आरोपी महिला की पहचान अलका नागिया के रूप में हुई है। महिला के साथ साथ उसके परिवार के कई सदस्य इस कारोबार से जुड़े हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि दिल्ली नगर निगम की ओर से ड्रग तस्कर अलका के बी ब्लॉक जेजे कालोनी उत्तम नगर स्थित घर में अवैध निर्माण की जानकारी मिली थी। शुक्रवार को डाबड़ी थाना प्रभारी गंगा राम मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। साथ ही दिल्ली नगर निगम का दस्ता भी बुलडोजर के साथ वहां आया। उसके बाद बुलडोजर के जरिए घर के अवैध निर्माण को तोड़ दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि डाबरी थाने की पुलिस की मदद से एमसीडी ने तोड़फोड़ अभियान चला। यह घर अलका नागिया की है। जिसपर 28 से अधिक मामले दर्ज हैं। उसपर ज्यादातर मामले आबकारी और मादक द्रव्य अधिनियम के तहत दर्ज है।

# 31 किलो अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

नई दिल्ली। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रतिबंधित मादक पदार्थ के अवैध उत्पादन, परिवहन और वितरण में लिप्त एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने 31 किलोग्राम अल्प्राज़ोलम टैबलेट बरामद कीं। अनुमान है कि गोलियों की संख्या करीब तीन लाख है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों शमीम, राजीव शर्मा और मोहित गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 31 किलोग्राम अल्प्राजोलम टैबलेट (गोलियां) जब्त की हैं। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रतिबंधित मादक पदार्थ के अवैध उत्पादन, परिवहन और वितरण में लिप्त एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा हैं। यह अभियान एनसीआर में सक्रिय मादक पदार्थ के तस्करों पर नजर रखने के उद्देश्य से खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया गया। टीम ने सूचनाओं के आधार पर नंद नगरी बस डिपो के पास दो आरोपियों बदायूं, उत्तर प्रदेश निवासी शमीम (29) और बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश निवासी राजीव शर्मा (53) को उस समय गिरफ्तार किया। जब वह उत्तर प्रदेश रजिस्ट्रेशन नंबर की कार से जा रहे थे। बाद में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। तीसरे आरोपी की पहचान भटोला दरियापुर, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश निवासी मोहित गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस ने 31 किलोग्राम अल्प्राज़ोलम टैबलेट बरामद कीं।अनुमान है कि गोलियों की संख्या करीब तीन लाख है। अधिकारियों ने बताया कि अल्प्राजोलम की व्यावसायिक मात्रा की सीमा 100 ग्राम है। गोलियों के अलावा, टीम ने अल्प्राजोलम छपा हुआ 11 किलोग्राम एल्युमीनियम फॉइल, गोलियों की पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाली 25 किलोग्राम पीवीसी शीट रोल, बैच नंबर, निर्माण और समाप्ति तिथि अंकित 20 मुहर और परिवहन में इस्तेमाल की गई कार जब्त की। पुलिस ने बताया कि एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत 29 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान कार मोहित गुप्ता के नाम पर पंजीकृत पाई गई, जिसे बाद में अन्य आरोपियों की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह गुप्ता के निर्देश पर हिमाचल प्रदेश में शमीम और उसके सहयोगी रणदीप से अल्प्राजोलम की गोलियां एकत्र करता था और उन्हें बुलंदशहर की स्थानीय फार्मेसियों को आपूर्ति करता था।

### पंजाब सरकार राज्य में ग्राम न्यायालय के मुद्दे पर सभी कानूनी विकल्पों की पड़ताल करेगी: मुख्यमंत्री मान

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

मीटिंग के स्थान का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, इस म्यूनिसिपल भवन को 'नियुक्ति भवन' के रूप में जाना जाता है, क्योंकि यहां कुल 63,000 नौकरियों में से लगभग 50,000 नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। उन्होंने आगे कहा, पंजाब सरकार ने आम आदमी को लाभ पहुंचाने के लिए पहले ही बहुत सारे लोक पक्षी और नागरिक केंद्रित फैसले लिए हैं और कई और फैसले लिए जा रहे हैं। लोकतंत्र में लोग सर्वोच्च होते हैं। अपनी सत्ता के दौरान महलों में रहने वालों ने अपने घरों के दरवाजे लोगों के लिए बंद कर दिए थे लेकिन जब लोगों को मौका मिला तो उन महलों वालों के घरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए। इससे पहले एडवोकेट जनरल पंजाब मनिंदरजीत सिंह बेदी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और समागम की महत्ता के बारे में प्रकाश डाला।

# डॉक्टर बनकर दवा कंपनियों से करते बात, पेमेंट के नाम देते फर्जी चेक; ऐसे हुआ पर्दाफाश

गाजियाबाद। स्वाट टीम ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो खुद को नामचीन डॉक्टर बताकर शहर की मेडिकल फर्मेसी को फोन कर लाखों रुपये की दवाइयां मंगवाते थे। भुगतान के नाम पर वे फर्जी चेक देकर फरार हो जाते थे। इस ठगी के खेल में गिरोह ने करोड़ों रुपये का चूना लगाया है। पुलिस ने इस मामले में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनके दो अन्य साथी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पकड़े गए बदमाशों ने अपनी पहचान मुकेश तनेजा, अमित खुराना, दीप सिंह चुग और मुकेश आखरिया के रूप में बताई है। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे रोहतक, हरियाणा के निवासी हैं और इसी तरह की ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। गिरोह का तरीका काफी शातिर था, जिसमें वे पहले किसी फर्मेसी का नंबर प्राप्त करते और फिर डॉक्टर बनकर फोन करते। वे अलग-अलग बीमारियों का हवाला देकर महंगी दवाओं की आपूर्ति का ऑर्डर देते थे। दवाइयां मिलने के बाद, गिरोह के सदस्य भुगतान के लिए फर्जी चेक देते थे। ये चेक किसी भी बैंक में भुनाए नहीं जा सकते थे, जिससे फर्मेसी मालिक को लाखों रुपये का नुकसान होता था। स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए इन चार बदमाशों को धर दबोचा। पुलिस का मानना है कि इनके फरार साथियों की गिरफ्तारी के बाद इस गिरोह द्वारा की गई अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सकता है। गिरफ्तार बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वे इस पैसे का इस्तेमाल ऐशो-आराम की जिंदगी जीने के लिए करते थे। पुलिस उनसे बरामदगी और अन्य साथियों के ठिकानों के बारे में जानकारी जुटा रही है।


**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I Mohammad Furkan S/O Mohd Rafiq, R/O D -116, Pravesh Nagar, Mubarak Pur Dabas, North West Delhi, Delhi-110081, declare that name of my father and my Mother have been wrongly written as Rafeeq Khan and Baby Farida in my 10th and 12th class educational documents. The actual name of my father and my Mother are MOHD RAFIQ AND FARIDA, respectively which may be amended accordingly.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम जो कि धर्मबीर पुत्र नाहर सिहँ व ऋषिराज मिगलानी पुत्र जगमोहन खरखौदा नगर पालिका की प्रोपर्टी न: 172 पर मिलकर काम करते थे यह मलकियत खरखौदा नगर पालिका की है अब हमने साझेदारी खत्म कर दी है यह दुकान ऋषिराज मिगलानी पुत्र जगमोहन के हिस्से में आई है उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो 30 दिन के भीतर लिखित मे आपत्ति दर्ज करे ।.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हम जो कि सतबीर पुत्र जागेराम व ऋषिराज मिगलानी पुत्र जग मोहन खरखौदा नगरपालिका की प्रोपर्टी न = 173 पर मिलकर काम करते थे यह मलकियत खरखौदा नगरपालिका की है अब हमने साझेदारी खत्म की कर दी है, और यह दुकान ऋषिराज मिगलानी पुत्र जगमोहन के हिस्से में आई है उक्त संपति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो 30 दिन के अंदर लिखित मे आपत्ति दर्ज करे !

**सार्वजनिक सूचना**

यह आपको सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद फरहान एवं श्री मोहम्मद घुफरान, यूनिट/फ्लैट संख्या 10/905, 8वीं मंज़िल, जिसका सुपर एरिया 847.04 वर्ग फुट (अर्थात 78.69 वर्ग मीटर) है, को नील पदम कुंज (अभिलाष), वैशाली, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश स्थित ग्रुप हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में श्रीमती संतोष महाजन से क्रय करने का इरादा रखते हैं। उक्त संपूर्ण संपत्ति के मूल स्वामी श्री अनिल महाजन एवं श्रीमती संतोष महाजन थे, जिन्होंने इस संपत्ति को एम/एस अंसल हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन लिमिटेड से विक्रय विलेख दिनांक 05.05.2005 के माध्यम से क्रय किया था। दुर्भाग्यवश, श्री अनिल महाजन (पुत्र श्री राम प्रकाश) का दिनांक 06.06.2024 को निधन हो गया, जिनके पश्चात उनके निम्नलिखित वैध उत्तराधिकारी हैं— श्री अंकुर महाजन (पुत्र), श्रीमती प्रेरणा महाजन (पुत्री) एवं श्रीमती संतोष महाजन (पत्नी)। अत: श्री अंकुर महाजन, श्रीमती प्रेरणा महाजन एवं श्रीमती संतोष महाजन उपर्युक्त संपत्ति के पूर्ण एवं विधिक स्वामी हैं। कृपया ध्यान दें कि उक्त संपत्ति का वित्तपोषण कैन फिन होम्स लिमिटेड, आरडीसी गाज़ियाबाद शाखा, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तपोषित (financed) द्वारा किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ अश्वनी कुमार ] अधिवक्ता**
चेंबर संख्या 122, तहसील परिसर,
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
ईमेल=
kumarw®wvashwani@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, Narendra Kumar Joshi S/o Manohar Chandra Joshi R/o House no. 212, Third Floor, Block -B Duggal Colony, Khanpur, PO : Pushpa Bhawan, Dist: South Delhi, Delhi - 110062 Declare that name of mine and my wife has been Wrongly written as Narender Kumar Joshi and Mamta in my Minor Daughter Namely Avni Joshi aged 13 years in her School Records. The actual name of mine and my wife are Narendra Kumar Joshi and Mamta Joshi.

**NAME CHANGE**

I Mohd Sirajuddin alias Mohd Sirajuddin Saifi alias Siraj alias Sirajuddin S/o Islamuddin R/o 102, Gali No.-3, Zakir Husain Colony, Meerut, Uttar Pradesh-250002, have changed my name to Sirajuddin

**NAME CHANGE**

I Govindi Devi W/o Sundar Singh R/o Nawad Kheda, Golapar, Nawar Khera, Nainital, Kathgodam, Uttarakhand, 263126 have changed my name to Gomati Devi

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Rajrani W/o Anil Kumar R/o 27, Main Road, Eachachhar, Kasna, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201310 have changed my name and shall hereafter be known as Rani Devi.

**NAME CHANGE**

I Neeraj Sharma S/o Late Harbeer Sharma R/o Shivpuri Gali No 3, Modinagar, Niwari Road, Modinagar Ghaziabad Uttar Pradesh-201204 have changed the name of my minor daughter Rushita Sharma aged 6 years and he shall hereafter be known as Pragati Sharma.

**PUBLIC NOTICE**

Mrs. Pramodini Venu Gopal Owner of the Residential Flat no 98-C, 2nd floor , Block-B-10 , in Udaigiri II , Sector -34, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. Mrs. Pramodini Venu Gopal have lost Original Memorandum of allotment letter dated 01/03/1993 issued by NOIDA in favour of K.D.R. Spinning and weaving Mills Pvt. Ltd. And Possession Certificate issued by NOIDA in favour of K.D.R. Spinning and weaving Mills Pvt. Ltd., for which complaint lodged to the police. Therefore, by way of this Public Notice it is hereby notified that any person, Attorney and/or entity, firm/company, society and/or member of the Society, Bank, HUF/member of HUF, Financial Institution having any claim, charge, interest, or lien whatsoever with respect to the Said house or otherwise, may notify to undersigned only on his rahulkumargupta281401@gmail.com with documentary proof within 15 days from the date of this publication of notice, failing which any such claim etc. shall be deemed to be null and void, whereas title shall be deemed to be clear, and marketable without any defect or encumbrance and free to create equitable mortgage

**RAHUL KUMAR GUPTA**
(ADVOCATE)
Off. 43B, Third Floor,
Patparganj Village,
Mayur Vihar, Phase-I,
Delhi-1, M-NO- 7252922875

**NAME CHANGE**

It is for general information that I NITIN KUMAR S/O KESHAV KUMAR R/O 1579, Rishi Nagar, Kotla Mubarakpur, Lodhi Road, Central Delhi, Delhi-110003 declare that name of my father and my mother has been wrongly written as KESHAW KUMAR and REKHA DEVI in my all educational documents. The actual name of my father and my mother are KESHAV KUMAR and REKHA KUMARI respectively which may be amended accordingly

**NAME CHANGE**

I, PUSHVINDER SINGH R/o A-85 Third Floor, Left Side, Hari Nagar, Maya Puri, Delhi-110064, have changed my minor son's name from MEHARJOT SINGH to MEHAR SINGH permanently

**NAME CHANGE**

I MOHAMMAD MURSALIN S/O MOHAMMAD NAEEM RESIDING AT HOUSE NO. 107 OLD NO WZ-32-H SUDARSHAN PARK EXTN BLOCK–A RAMESH NAGAR WEST DELHI 110015 HAVE CHANGED MY NAME FROM MOHAMMAD MURSALIN TO MOHD MURSALIN FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Anita W/O Rajesh Kumar, R/O PLOT NO-A-126, GROUND FLOOR, KHASRA NO-41/11 AND 41/12, OLD KHASRA NO-906, FRIENDS ENCLAVE ,VTC: Mundka, PO: Nangloi, Sub District: Punjabi Bagh.District: West Delhi,State: Delhi, PIN Code: 110041,have change my name and shall hereafter be known as ANITA TYAGI.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as VINITA SABBAVARAPU alias MASA VINITA D/O RAM MURTHI SABBAVARAPU W/O MASA RAJASEKHAR Permanent Resident at 3-86, CHINAGUMMULURU, S. RAYAVARAM, ANAKAPALLI, ANDHRA PRADESH-531083, and Presently Residing at Flat No-27, 1st Floor, Block-D-12, Pocket-3, Sector-34, Rohini, Delhi-110039 have changed my name and shall hereafter be known as MASA VINITA.

**Date of Birth Change**

I, SHESHRAO UKARDA KALDATE is legally father of No. 2819092A Rank-NK Name-KALDATE PRASHANT SHESHRAO presently residing at VILL-SHINDKHED POST-SHINDKHED TEH-BARSHITAKLI DIST-AKOLA (MAHARASHTRA)-444006, have changed my date of birth from 05/07/1959 to 01/01/1959 for all future purposes. Vide affidavit dated 11.02.2026 before Public Notary Delhi.

**Date of Birth Change**

I, SHIVAJI KARBHARI GOHAD is legally father of No. 2821592W Rank-SEP Name-GOHAD GANESH SHIVAJI presently residing at VILL VARHEDARANA, POST-DARNASANGVI, TEH- NIPHAD, DIST-NASHIK, (MAHARASHTRA)-422003, have changed my date of birth from 01/06/1972 to 02/06/1972 for all future purposes. Vide affidavit dated 11.02.2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Buchani Devi W/O: Baleshwar Kunwar, residing at Plot no A-55/1kh no 62/7,Ground floor BLK-A, ANAND PUR DHAM VILLAGE KARALA,DELHI -110081, ,Permanent Address- ward no 10, gram belha ,thana phulparas, VTC: Gohuma Bairia, PO: Gahuma Beria, Phulparas, Madhubani, Bihar- 847402, have change my name and shall hereafter be known as DEONAGRI DEVI.

**नाम परिवर्तन**

मैं निहारिका पत्नी रमेश सिधवानी निवासी प्लॉट नंबर 30/1/डी खसरा संख्या 1234, स्वरूप नगर, लिबास पुर, उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली-110042 ने अपनी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी हिया का नाम बदल दिया है और अब से उसे हिया मोरवानी के नाम से जाना जाएगा।

**NAME CHANGE**

I, SIMRAN CHAWLA CHADHA D/O SANJEEV KUMAR CHAWLA R/O HOUSE NO.15/13, NEAR LAL MANDIR, EAST PATEL NAGAR, DELHI-110008 HAVE CHANGED MY NAME TO SIMRAN CHAWLA.

**NAME CHANGE**

I Naval Rai Singh S/O. Rameshwar Dayal R/O. 1/10043, UGF, LHS, Gali No-3, Khasra No-326, Village Babarpur, Delhi-110032 have changed my name to Navalray.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as Mohd Umar Khan alias Md Umar Baban alias Mohammad Umar Khan S/O Bundu Khan R/O House Number. S-8, DDA Quaters Shish Mahal Ganj Mir Khan Behind Delite Cinema Darya Ganj Darya Ganj Central Delhi Delhi - 110002, have change my name and shall hereafter be known as MOHD UMAR KHAN.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Khusboo Kumari D/O Mukhadav Sharma, R/O 4-A KH.No. 64/9, BLOCK-C-3, NANGLI VIHAR, BAPROLA, GALI NO. 3. NAJAFGARH, NEW DELHI, DIST: West Delhi, Delhi-110043, have changed my name and shall hereafter be known as KHUSHBOO.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Shashi Devi W/O Narender Singh R/O House No 209, Barodah, Baroda, Bulandshahr, Uttar 203202, have changed my name and shall hereafter be known as Chandervati

**NAME CHANGE**

I, YOGESH S/O RAJESH KUMAR KHERA residing at 1/2867 F/F GALI NO-13 RAM NAGAR LONI ROAD SHAHDARA DELHI-110032 have changed my name to YOGESH KHERA for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, RAJESH KUMAR S/O GOVIND RAM residing at 1/2867 F/F GALI NO-13 RAM NAGAR LONI ROAD SHAHDARA DELHI-110032 have changed my name to RAJESH KUMAR KHERA for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, SANPREET KAUR W/O MANINDER SINGH R/O HOUSE NO-1503, OUTRAM LINE, KINGSWAY CAMP, G T B NAGAR, DELHI-110009 have changed my name to SUNPREET KAUR KALRA for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, MANINDER SINGH KALRA S/O TARLOCHAN SINGH R/O HOUSE NO-1503, OUTRAM LINE, KINGSWAY CAMP, G T B NAGAR, DELHI-110009 have changed my name to MANINDER SINGH for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, JC-356684M Rank-NB SUB Name-MALI HANAMANT TUKARAM Father of GUNJAN MALI residing at VPO-JAKHAPUR, TEH-KAVATHE MAHANKAL, DIST- SANGLI, MAHARASHTRA-416405, have changed my minor daughter's name from GUNJAN MALI to GUNJAN HANAMANT MALI for all future purposes vide Affidavit dated 11/02/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SHUBHANGI MALI Wife of JC-356684M Rank-NB SUB Name-MALI HANAMANT TUKARAM Presently residing at VPO-JAKHAPUR, TEH-KAVATHE MAHANKAL, DIST- SANGLI, MAHARASHTRA-416405, have changed my name from SHUBHANGI MALI to SHUBHANGI HANAMANT MALI for all future purposes vide Affidavit dated 11/02/2026 before Notary Public, Delhi.

**नाम परिवर्तन**

मेरे आर्मी में माता का नाम SAROJ DEVI जो गलत है। जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड प्रमाण पत्र में माता का नाम SAROJ BAI है जोकि सही व शुद्ध है। अभिलेख में दर्ज किया जाए Army No. JC-474009X Rank-NB SUB Name-HEMENDRA SINGH RAJPOOT S/o VIJAY SINGH पता गांव-बदलेटा खुर्द, पोस्ट-बालघाट, तहसील-टोडाभीम, डिस्ट्रिक्ट-करौली, राजस्थान-322238.

**NAME CHANGE**

I, TAIBAI is legally mother of No. 2819092A Rank- NK Name- KALDATE PRASHANT SHESHRAO presently residing at VILL-SHINDKHED POST-SHINDKHED T??-BARSHITAKLI DIST-AKOLA (MAHARASHTRA)-444006, have changed my name from TAIBAI to TAIBAI SHESHRAO KALDATE and date of birth from 27/02/1980 to 27/02/1969 for all future purposes. Vide affidavit dated 11.02.2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I Arihant S/o Mukesh Kumar Jain, R/o Bharti Homes, Flat no. 202, SF, Ratan Vihar, Gali No. 04, Rajendra Park, Chirag Hospital, Gurgaon, Haryana - 122001 have changed my name to Arihant Jain for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, SUMAN is legally mother of No. JC-462665M Rank- NB SUB Name- PATIL SACHIN MARUTI presently residing at VILL- NAGARDALE, POST- KINI, TEH- CHANDGAD, DIST- KOLHAPUR, STATE MAHARASHTRA, PIN-416508, have changed my name from SUMAN to SUMAN MARUTI PATIL and date of birth from 16/05/1954 to 04/06/1954 for all future purposes. Vide affidavit dated 11.02.2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I Sukumar Ghosh S/O Late. Supravath Ghosh , 114 Gita Bose Sarani , Haora Corporation , PO Baksara , District Haora , State West Bengal , Pin 711110 have changed my name to Sukumar Ranjan Ghosh for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I Mohammad sohrab s/o : Dhanwar ali, R/o E-2/214, shivram park Nangloi, po: Nangloi,DIST: West Delhi, Delhi,110041have changed my name to Mohd Sohrab For all future purposes

**NAME CHANGE**

I, LATA, is legally wife of JC No. 463419N, Rank – Nb Sub, Name – BHITADE PRATAP PARAJI, presently residing at Vill – Sakharwadi, Post – Chikhali, Teh – Badnapur, Dist – Jalna, State – Maharashtra, Pin – 431213, have changed my name from LATA to LATA PRATAP BHITADE for all future purposes. Vide affidavit dated 06/02/2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I Arun Mittal S/o Ashok Kumar Mittal, R/o K-31/14-A, Mohan Park Model Town, Model Town II, North West Delhi, Delhi, 110009 have changed my name to Arun Kumar Mittal for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Bhupinder Singh S/O Ram Swaroop R/O h.no- 501 kakroza housing complex Dwarka Delhi 110078, changed my name to Bhupender Singh rajora.

**NAME CHANGE**

I, varaprasad murli S/O Murali C R/O RZ-118, Flat no 105 near nirankari bhawan Santosh park uttam nagar delhi 110059, changed my name to Vara Prasad M.

**NAME CHANGE**

I, Mohd Irshad S/O Makbul Khan R/O 16/357, Bapa nagar tank road Karol bagh central delhi 110005, Changed my name to Irshad Khan.

**NAME CHANGE**

I Satbir Singh S/o Dayanand R/o E - 702, Sai Baba Apptt. Sector 9, Rohini, Delhi - 110085 have changed my name to Satbir Singh Dalal for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large that my client **Mr. Narender & Mrs. Chandra** is purchasing the Third Floor (with roof/terrace rights) (referred to as "said floor"), part of Plot Nos. 30-A & 31-A, having land area measuring 75 sq. yds., pertaining to the Khasra No. 104/4/2 & 5/1, situated in the abadi known as Sant Nagar, in the area of village Burari, Delhi from Mr. Chander Shekhar Gauri & Mr. Avinash Kumar Gupta who are the owner of the property vide GPA, Agreement to Sale & WILL dated 31-10-2023 and Intend to mortgage the said property with **Aditya Birla Housing Finance Ltd.** If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Khaitan & Khaitan**
Plot No. 100 ,1st floor
Okhla Phase III, New Delhi
Ph. No: 011-49774545

**NAME CHANGE**

I, SEEMA W/O PRADEEP R/O H NO 112 NEAR SHIV MANDIR SAKATPUR PALMA-164 GURGAON HARYANA-122101,HAVE CHANGED MY NAME TO SEEMA YADAV FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I, PREDEEP S/O GAJRAJ R/O H NO 112 NEAR SHIV MANDIR SAKATPUR PALMA-164 GURGAON HARYANA-122101 HAVE CHANGED MY NAME TO PRADEEP FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I hitherto Known as ANURAG SINGHAL S/o DEVENDRA KUMAR SINGHAL residing at G-388GF, Mu-1, Greater Noida, Gautam Budha Nagar, Uttar Pradesh - 201308, have changed my name and shall hereafter be known as ROHAN SINGHAL.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I MOHD KAIF S/o NAVED MOHAMMAD R/o D-3/20, Near Shamshan Ghat, Kabir Nagar, Gokal Pur, North East Delhi, Delhi – 110094 , declare that name of my Father has been wrongly written as NAVED MOHD in my 10th and 12th Class Educational Document. The actual name of my father is NAVED MOHAMMAD, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I KHWAIRAKPAM MILAN SINGH S/o KHWAIRAKPAM CHANDRA SINGH R/O 71 – C, Pkt-12, Jasola, Jamia Nagar, South Delhi , Delhi - 110025 declare that the name of mine has been wrongly written as KHWAIRAKPAM MILAN in my minor daughter MELISA KHWAIRAKPAM aged 12 years in her School Record. The actual name of mine is KHWAIRAKPAM MILAN SINGH, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I hitherto Known as MANJU BALA alias MANJU BAGLA alias MANJU BAGHLA D/o BALDEV RAJ W/o SUBHASH BAGLA residing at J - 4, 3rd Floor, J Block, Vikas Puri, West Delhi, Delhi - 110018, have changed my name and shall hereafter be known as MANJU BAGHLA.

**NAME CHANGE**

I hitherto Known as KANISH TEOTIA S/o LALIT CHAUDHARY , Residing at Khandera, Girirajpur, Gautam Budha Nagar , Khandera , Uttar Pradesh - 203207, have changed my name and shall hereafter be known as KANISHK TEBTIA.

**NAME CHANGE**

I, No-14653788X Rank-HAV Name-UTPAL SARKAR Presently residing at VILL-KUMURIA, PO-HINGLI, PS-GOPAL NAGAR, DIST-NORTH 24 PARGANAS, WEST BENGAL-743290, have changed my mother's name from NIVA SARKAR to NIBHARANI SARKAR for all future purposes vide Affidavit dated 07/01/2026 before Notary Public, West Bengal.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as ZAHIDA BEGUM alias ZAHIDA KHATUN D/o YUNUS KHAN, R/o S-12 A, FIRST FLOOR, NAFEES ROAD, JOGA BAI EXTN, JAMIA NAGAR, OKHLA, NEW DELHI-110025, have changed my name and shall hereafter be known as ZAHIDA KHATUN

**NAME CHANGE**

I VANDANA legally mother of Army no - 2822072X, Rank - Sep, Name - MATEKAR SHAILESH SHIVAJI, At - H No 427/002/302, Laxmi Niwas, Navi Mumbai (MCORP), Post- Kopar Khairane, Teh - Thane, Dist - Thane, State- Maharashtra, Pin - 400709, have changed my name from VANDANA to VANDANA SHIVAJI MATEKAR for all future purposes. Vide affidavit dated 11/02/26 before Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I NANDUBAI legally mother of Army no - JC 463436N, Rank - Nb Sub, Name - PARDE SATISH KALYAN, At - Indapur, Post- Indapur, Teh - Washi, Dist - Dharashiv, State- Maharashtra, Pin - 413525 have changed my name from NANDUBAI to NANDUBAI KALYAN PARDE for all future purposes. Vide affidavit dated 11/02/2026 before Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I Kalyan legally father of Army no - JC 463436N, Rank - Nb Sub Name - PARDE SATISH KALYAN, At - Indapur, Post- Indapur, Teh - Washi, Dist - Dharashiv, State- Maharashtra, Pin - 413525, have changed my name From KALYAN TO KALYAN HARIBA PARADE for All future purposes. Vide affidavit dated 11/02/2026 before Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I JYOTI legally wife of Army no - JC 463436N, Rank - Nb Sub, Name - PARDE SATISH KALYAN, At - Indapur, Post- Indapur,
Teh - Washi, Dist - Dharashiv,
State- Maharashtra, Pin - 413525 have changed my name JYOTI to JYOTI SATISH PARDE and my date of birth from 11/02/1992 to 02/11/1992 for all future purposes. Vide affidavit dated 11/02/2026 before Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I MALTI legally mother of Army no - 2818462H, Rank - Sep,
Name - SONWANE DURWAS LAXMAN,
At - More nagar, Post- More nagar,
Teh - Satana, Dist - Nashik,
State- Maharashtra, Pin - 422001, have changed my name from MALTI to MALTI LAXMAN SONAWANE for all future purposes. Vide Affidavit dated 11/02/2026 before Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I LATA Army no - 2819732Y,
Rank - Sep,
Name - JAKHALE GANESH MAHADEV,
At - Dhondewadi, Post- Dhondewadi,
Teh - Karad, Dist - Satara,
State- Maharashtra, Pin - 415104, have changed my name from LATA to LATA MAHADEV JAKHLE for all future purposes. Vide affidavit dated 11/02/26 before Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I, CHOUGULE CHAITALI SHIVANAND, is legally spouse of Army No. 2821435K, Rank – Sep, Name – CHOUGULE SHIVANAND SUBHASH, presently residing at Vill – Shirol, Post – Shirol, Teh – Shirol, Dist – Kolhapur, State – Maharashtra, Pin – 416120, have changed my name from CHOUGULE CHAITALI SHIVANAND to CHAITALI SHIVANAND CHOUGULE for all future purposes.Vide affidavit dated 11/02/2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SWAPAN ROY father of NO-8038884Y, Rank-NK (GD), Name-PINTU ROY residing at VPO-BAPUJINAGAR, TEHSIL-RANAGHAT, DIST-NADIA, WEST BENGAL-741121, have changed my name from SWAPAN ROY to SWAPAN KUMAR ROY for all future purposes vide Affidavit dated 11/02/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SHYAMULE ROY Mother of NO-8038884Y, Rank-NK (GD), Name-PINTU ROY residing at VPO-BAPUJINAGAR, TEHSIL-RANAGHAT, DIST-NADIA, WEST BENGAL-741121, have changed my name from SHYAMULE ROY to SHYAMALI ROY for all future purposes vide Affidavit Dated 11/02/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, NAVNEET S/O DEVENDER KUMAR R/O H NO 936 GALI BAJAJAN JAIN DHARMSHALA NAJAFGARH DELHI-110043 have changed my name to NAVNEET JAIN for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, DIPANJALI SAIKIA wife of No-JC812400A, Rank-SUB Name-DHANMANI SAIKIA residing at-VILL-SOLPAM, PO- DHEKIPARA, DIST- DARRANG, ASSAM-784145, have changed my name from DIPANJALI SAIKIA to DIPANJALI NATH for all future purposes, vide affidavit dated 11/02/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No-9875010A Rank-CHOWKIDAR Name-DEEP NARAYAN CHAUDHARY S/o BESH LAL CHAUDHARY Presently residing at QTR NO-614, SEWA NAGAR, SOUTH DELHI, DELHI-110003, have changed my name from DEEP NARAYAN CHAUDHARY to DEEP NARAIN CHAUDHARY for all future purposes vide Affidavit dated 11/02/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, INDRABAI, is legally mother of JC No. 463419N, Rank – Nb Sub, Name – BHITADE PRATAP PARAJI, presently residing at Vill – Sakharwadi, Post – Chikhali, Teh – Badnapur, Dist – Jalna, State – Maharashtra, Pin – 431213, have changed my name from INDRABAI to INDIRABAI PARAJI BHITADE and my date of birth from 08/06/1957 to 05/01/1947 for all future purposes. Vide affidavit dated 06/02/2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I, CHOUGULE CHAITALI SHIVANAND, is legally spouse of Army No. 2821435K, Rank – Sep, Name – CHOUGULE SHIVANAND SUBHASH, presently residing at Vill – Shirol, Post – Shirol, Teh – Shirol, Dist – Kolhapur, State – Maharashtra, Pin – 416120, have changed my name from CHOUGULE CHAITALI SHIVANAND to CHAITALI SHIVANAND CHOUGULE for all future purposes.
Vide affidavit dated 11/02/2026 before Public Notary Delhi.



**कौमी पत्रिका**

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## खंडहर भवनों को नशेड़ियों के ठिकाने बनने से रोकने की कवायद शुरू

एजेंसी

**कैथल।** एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जिसे केवल आदेशों से नहीं, बल्कि आपसी तालमेल और जन-भागीदारी से खत्म किया जा सकता है। इसके लिए स्कूल, कालेज, खेल स्टेडियम एवं व्यायामशालाओं में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। नशा मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। इसके अलावा जिले के पुराने और खंडहर हो चुके सरकारी भवनों पर विशेष नजर रखी जाए, क्योंकि ये अक्सर नशेड़ियों के ठिकाने बन जाते हैं। एडीसी डा. सुशील कुमार लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित एनकॉर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने खेल विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक खेल पॉइंट पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए। खेल परिसरों और खिलाड़ियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने को कहा, ताकि खेल के मैदान नशे से पूरी तरह सुरक्षित रहें। इसी प्रकार ड्रग कंट्रोल ऑफिसर को अधिक से अधिक छापेमारी करने के आदेश दिए गए। साथ ही ग्राम स्तर पर सूचना तंत्र को इतना मजबूत करें कि नशे से जुड़ी हर छोटी-बड़ी सूचना तुरंत प्रशासन तक पहुंचे।

## कर्मचारियों व अधिकारियों को साइबर अपराध से बचने के तरीके बताए

**कैथल।** डिजिटल सुरक्षा और एआई के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लघु सचिवालय के सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस-2026 के उपलक्ष्य में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डीसी अपराजिता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग पर बल दिया। डीसी अपराजिता ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में हम तकनीक से दूर नहीं रह सकते, लेकिन स्मार्ट तकनीक के चयन के साथ सुरक्षित विकल्प चुनना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। सुरक्षित इंटरनेट के उपयोग के लिए जागरूकता एवं सतर्कता जरूरी है। यदि हम इस दिशा में थोड़ा सा भी ध्यान दें दें तो बड़े साइबर अपराध को रोक सकते हैं। इसके लिए अपने पासवर्ड मजबूत रखें। टू स्टेप वेरिफिकेशन जैसे विकल्पों पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने विशेष रूप से एआई के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि एआई का उपयोग एक सहायक उपकरण के रूप करें, लेकिन इसके द्वारा जनित सूचना पर आंख मूंदकर विश्वास न करें और हमेशा तथ्यों की जांच करें। इस तकनीक का उपयोग सावधानी और जिम्मेदारी के साथ करें। अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुशील कुमार ने साइबर अपराध से बचने के लिए आवश्यक टिप्स दिए और कहा कि हम सभी को जागरूक होना चाहिए। अनावश्यक रील्स पर समय बर्बाद न करें। असुरक्षित लिंक्स पर क्लिक न करें।

## दोस्त की बहन से छेड़छाड़ करने पर रोका तो चाकू से गोदकर हत्या

**फरीदाबाद।** दोस्त की बहन से छेड़छाड़ करने वालों को धमकाने पर हमलावरों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। मृतक के शरीर पर चाकू के वार करने के सात निशान मिले है। मृतक की पहचान गिरदावर कॉलोनी निवासी जय सिंह (30) के रूप में हुई है। वह टैक्सी ड्राइवर था। फिलहाल, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह के अनुसार जय सिंह सोमवार की देर शाम अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान उसका दोस्त सोनू वहां पहुंचा और बताया कि पास के खाली ग्राउंड में खड़े दो-तीन युवक उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। इस पर जय सिंह, सोनू और एक अन्य सौरभ तीनों ग्राउंड में पहुंचे और वहां मौजूद युवकों से इस हरकत का विरोध किया। जय सिंह ने सख्त लहजे में युवकों को धमकाया, जिसके बाद वे वहां से चले गए। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, कुछ समय बाद जय सिंह और सौरभ उसी ग्राउंड में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान छेड़छाड़ की बात पर धमकाकर भगाए गए सोनू खान, तुषार और उनके अन्य साथी वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने जय सिंह से बहस शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर झगड़ा हो गया। इसी दौरान सोनू खान ने अपने साथ लाए चाकू से जय सिंह पर कई वार कर दिए। इसमें जय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## कूड़े के ढेर में जानवर के कटे अंग मिलने पर हंगामा

**नारनौल।** नारनौल में कर्मचारी कॉलोनी के पास सुबह कूड़े के ढेर में जानवर के कटे हुए अंग पड़े मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद डीएसपी भारत भूषण और शहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। गौभक्तों ने अंगों का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। पुलिस के अनुसार शहर के महेंद्रगढ़ रोड स्थित कर्मचारी कॉलोनी के पास कूड़े के ढेर में जानवर के कटे हुए पैर व अन्य अंग पड़े मिले हैं। राहगीरों की नजर जब कटे हुए अंगों पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर महावीर चौक पुलिस चौकी प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बाद में डीएसपी भारत भूषण और शहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इस दौरान गोभक्त भी मौके पर पहुंच गए और मामले को लेकर रोष व्यक्त किया। उनका कहना है कि कूड़े के ढेर में पड़े ये अंग गोवंश के हो सकते हैं।

# एससी कल्याण में उत्कृष्ट पंचायतों का अनुदान एक लाख, हर थाने में बनेगी इन्वेस्टिगेशन विंग

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अनुसूचित जाति (एससी) के कल्याणार्थ कार्य करने वाली उत्कृष्ट पंचायतों को प्रोत्साहन स्वरूप में दी जाने वाली अनुदान राशि 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये करने की घोषणा की। इसके अलावा हर थाने में इन्वेस्टिगेशन विंग की स्थापना करने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में अनुसूचित जाति अत्याचार अधिनियम 1989 और नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्कृष्ट पंचायतों में एससी के विरूद्ध अत्याचार न हो, एससी कम्पोनेंट का पूरा पैसा खर्च किया जा रहा हो, गांव में नशे के विरूद्ध अभियान चलाया जाए, पराली न



जलाई जाए, पेयजल समस्या का समाधान आदि शामिल किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एससी, अनुसूचित जनजाति (एसटी) मामलों में 60 दिनों की अवधि में न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत की जाए ताकि ऐसे मामलों का जल्द निपटारा हो सके।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य में वर्ष 2021 से अनुसूचित जाति के अलावा महिलाओं के विरूद्ध अपराध में भी कमी दर्ज की गई है। इसके अलावा लूटपाट, सम्पति के विरूद्ध तथा धमकी देने के मामलों में भी कमी आई है। उन्होंने कहा कि एससी जाति के विरूद्ध अत्याचार या उत्पीड़न किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला एवं उपमण्डल स्तर पर आयोजित की जाने वाली बैठकों में प्रबुद्ध नागरिकों को भी शामिल किया जाए। इसके अलावा हर जिले में उपायुक्त एक साल के अन्दर जिला सतर्कता निगरानी की चार बैठकें आयोजित कर एससी एक्ट की अवश्य समीक्षा करें।

# हरियाणा के पूर्व मंत्री सुरेंद्र मदान का निधन

एजेंसी

**कैथल।** कैथल से दो बार विधायक रह चुके और हरियाणा सरकार में लोक संपर्क मंत्री रहे सुरेंद्र मदान का निधन हो गया है। वह नोएडा में एक पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होने गए थे, जहां बीती रात उनकी तबियत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर शहर की राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने शोक प्रकट किया है। सुरेंद्र मदान पहली बार वर्ष 1987 में लोकदल के टिकट पर कैथल विधानसभा से चुनाव लड़े थे और जीत हासिल की थी। तब देवी लाल के नेतृत्व में हरियाणा में लोकदल की सरकार बनी थी। अपने मिलनसार स्वभाव और जनसंपर्क के कारण मदान ने हलके की जनता का भरोसा जीता। इस दौरान उन्हें हरियाणा सरकार में लोक संपर्क विभाग एवं उड्डयन मंत्री बनाया गया था। दूसरी बार वर्ष 1991 में भजनलाल के साथ उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर कैथल विधानसभा से चुनाव लड़ा और एक बार फिर जीत



दर्ज की। इसके बाद उन्होंने फिर से इनेलो ज्वाइन कर ली थी और वर्ष 2024 के विधान सभा चुनाव में दोबारा से मदान राज्यसभा सदस्य कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थाम लिया था। कैथल हलके में सुरेंद्र मदान पंजाबी समाज का प्रमुख राजनीतिक चेहरा माने जाते थे।

# रिश्वत लेते पटवारी व सहयोगी गिरफ्तार

एजेंसी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बुधवार को गोंछी तहसील में तैनात पटवारी जितेंद्र और उसके सहायक विनोद को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने म्यूटेशन चढ़ाने के नाम पर शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये की मांग की थी। इसमें से पांच हजार रुपये आरोपी पहले ले चुके थे। बुधवार को उन्होंने 20 हजार रुपये लेने के लिए शिकायतकर्ता को तहसील बुलाया था। इसी बीच शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत दे दी। एंटी करप्शन ब्यूरो ने जाल बिछाकर आरोपी पटवारी और उसके साथी को 20 हजार रुपये लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि गौंछी तहसील में काफी समय से प्रापर्टी संबंधी कार्यो को करवाने के लिए




लोगों को भारी रिश्वत देने पड़ रही थी, जिसकी शिकायत एसीबी की टीम को काफी समय से मिल रही थी, जिसके चलते आज टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी कर पटवारी व उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है।

# अब महीने में एक ही दिन मिलेंगी सभी पेंशन व सब्सिडी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ऐलान किया है कि अब प्रदेश में हर तरह की पेंशन, सब्सिडी तथा प्रोत्साहन राशि हर महीने एक ही तारीख को लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। महीने की यह तारीख कौन सी होगी, इस बारे में अभी निर्णय लिया जाना बाकी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 18 योजनाओं के तहत 56 लाख 34 हजार लाभार्थियों के खातों में 1431 करोड़ रुपये की राशि स्थानांतरित की। इस अवसर पर प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा और सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय लाडो लक्ष्मी योजना की चौथी किस्त के तहत नौ लाख 22 हजार 452 महिलाओं के खातों में 193 करोड़ रुपये की राशि डाली। अभी तक चारों किस्तों में यह राशि 634 करोड़ रुपये हो चुकी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने



बुढ़ापा, विधवा और दिव्यांग समेत प्रत्येक तरह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत 34.14 लाख लाभार्थियों के खातों में 1098 करोड़ रुपये की राशि जारी की। लाडो लक्ष्मी योजना और पेंशन योजना के अंतर्गत 43 लाख 36 हजार 452 लोगों को 1240 करोड़ रुपये की लाभ राशि प्रदान की गई है। हर घर हर गृहिणी गैस सिलेंडर रिफिल योजना के अंतर्गत 12 लाख 62 हजार महिलाओं के खातों में नवंबर व दिसंबर माह के लिए 38 करोड़ 97 लाख रुपये की सब्सिडी राशि भेजी गई है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलता है।

मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 36 हजार लाभार्थियों के खातों में 101 करोड़ रुपये की सब्सिडी राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि राज्य भर में पेंशन से संबंधित समस्याएं व आय आधारित पात्रता से जुड़ी शिकायतें उनके संज्ञान में आई हैं।

इन शिकायतों व अपीलों के समाधान तथा पात्रता के निष्पक्ष निपटान के लिए सभी जिलों के अतिरिक्त उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं। इसके अंतर्गत सभी एडीसी सप्ताह में सोमवार व बृहस्पतिवार को समाधान शिविर लगाकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने दोहराया कि किसी भी पात्र व्यक्ति की पेंशन नहीं कटने दी जाएगी।

# गुरुग्राम में शुरू हुआ सरस आजीविका मेला, दिखेगा लखपति दीदियों का हुनर

### ग्रामीण शिल्प व महिला सशक्तिकरण का दिखेगा अद्भुत संगम

एजेंसी

**गुरुग्राम।** शहर में एक बार फिर से देश के विभिन्न राज्यों की ग्रामीण परंपराओं, लोक कलाओं और महिला उद्यमिता का महाकुंभ सरस आजीविका मेला-2026 शुरू हो गया है। यहां सेक्टर-29 स्थित लेजर वैली मैदान में लगा यह राष्ट्रीय स्तर का मेला 10 फरवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। इस मेले में मिनी भारत की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। मेले को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा ने स्वयं सहायता समूहों की प्रगति पर महत्वपूर्ण तथ्य सांझा किए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का सरस मेला अपने आप में ऐतिहासिक है। मेले में देश के 28 राज्यों से आई 900 से अधिक महिला उद्यमी लखपति दीदी भाग ले रही है। ये विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। मेला परिसर में 450 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां उत्तर में




कश्मीर के पश्मीना से लेकर दक्षिण में तमिलनाडु के सिल्क तक और पश्चिम में राजस्थान की कढ़ाई से लेकर पूर्व में असम के बांस शिल्प तक, सब कुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। इन दीदियों द्वारा बनाये गये प्रिमियम उत्पाद को अब ई-सरस एप से भी खरीदा जा सकता है। स्वाति शर्मा ने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वर्तमान में देश की 10 करोड़ से ज्यादा महिलाएं संगठित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें से दिसंबर 2025 तक 2.9 करोड़ दीदी लखपति बन चुकी हैं। आने वाले कुछ ही समय में इसे पूरा कर लिया जाएगा। इस बार सरस मेले का एक मुख्य आकर्षण नॉलेज एंड लर्निंग पवेलियन है। यहां केवल उत्पादों की बिक्री नहीं हो रही, बल्कि महिला उद्यमियों के लिए प्रतिदिन विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इन सत्रों में महिलाओं को पैकेजिंग, ब्रांडिंग, बिजनेस प्रपोजल तैयार करने और सोशल मीडिया मार्केटिंग के गुर सिखाए जा रहे हैं। मेले में आने वाले दर्शकों के लिए डेमो एवं लाइव लर्निंग एरिया एक विशेष अनुभव साबित हो रहा है। यहां लोग केवल सामान खरीद ही नहीं रहे, बल्कि उन्हें बनते हुए भी देख रहे हैं। मिट्टी के बर्तनों को चाक पर आकार देते कुशल शिल्पकार बच्चों और युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। वहीं पारंपरिक सुई-धागे और शीशों के काम से कपड़े पर उकेरी जाने वाली कला का सीधा प्रदर्शन किया जा रहा है। प्राकृतिक रेशों और बांस से बनाई जाने वाली ईको-फ्रेंडली टोकरियों और घरेलू सामानों का लाइव डेमो सतत जीवन शैली की प्रेरणा दे रहा है।

## युवा उत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं बल्कि अपनी प्रतिभा दिखाने का माध्यम भी : प्रो. बीआर कम्बोज

एजेंसी

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव-उत्सव का आगाज हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस उत्सव में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पगड़ी बांधकर, ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के तहत आने वाले विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. कम्बोज ने मंगलवार को युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं, बल्कि युवाओं को प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। यह मंच युवाओं को अपनी कला, विचार और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करेगा। उत्सव युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल की दिशा में एकमील का पत्थर साबित होगा। इससे लोक कला, लोक संगीत, और लोक परम्पराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। युवा महोत्सव से युवाओं में राष्ट्रीय एकता और सदभाव, रचनात्मक ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग, टीम भावना और अनुशासन के साथ कार्य करने में मदद मिलेगी। प्रो. कम्बोज ने कहा कि इससे राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। युवा महोत्सव युवाओं को केवल मनोरंजन नहीं देता बल्कि उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में प्रेरित करता है।

# स्वास्थ्य मंत्री आरती राव व पद्मश्री बिमल जैन को मिली मानद डॉक्टर ऑफ लेटर्स उपाधि

एजेंसी

**गुरुग्राम।** श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राइसेंटेनरी (एसजीटी) विश्वविद्यालय में आयोजित विशेष दीक्षांत समारोह में प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव तथा प्रख्यात समाजसेवी पद्मश्री बिमल कुमार जैन को डॉक्टर ऑफ लेटर्स (मानद) उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद, प्रबंधन मंडल, शासी निकाय एवं कुलाधिपति की अनुशंसा पर प्रदान किया गया। कुलाधिपति राम बहादुर राय ने उन्हें उपाधि भेंट की।

आरती सिंह राव को खेल, जनस्वास्थ्य और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में उनके बहुआयामी योगदान के लिए सम्मानित किया गया। एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की निशानेबाज के रूप में उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक सहित कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन किया। खेल जीवन के बाद उन्होंने पैरा खिलाडियों के उत्थान को अपना मिशन बनाया और हरियाणा में दिव्यांग खिलाडियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सुविधाएं, आधुनिक कोचिंग, मानसिक परामर्श और आर्थिक सहायता की व्यवस्था सुनिश्चित की। उनके प्रयासों से राज्य के पैरा खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सेंकड़ों पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। पद्मश्री बिमल कुमार जैन को




समाज सेवा और दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में उनके चार दशक से अधिक के समर्पित कार्यों के लिए मानद उपाधि प्रदान की गई। भारत विकास विकलांग न्यास और दधीचि देहदान समिति के माध्यम से उन्होंने हजारों दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, उपचार और पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध कराईं। अंगदान और देहदान के प्रति जनजागरुकता फैलाने, नेत्रदान अभियान को बढ़ावा देने तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में उनका योगदान अत्यंत प्रेरणादायी रहा है। इस अवसर पर कुलपति डॉ. हेमंत वर्मा, कुलसचिव डॉ. सुबोध कुमार, दशमेश एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष मधुप्रीत कौर चावला, एसजीटी विश्वविद्यालय के सलाहकार डॉ. मदन चतुर्वेदी, प्रो वाइस चांसलर डॉ. अतुल कुमार नासा, गवर्निंग बॉडी सदस्य डॉ. राजकुमार भाटिया, गवर्निंग बॉडी सदस्य डॉ. अनिल कोहली, सुषमा कोहली, सरोज जैन, प्रबंध ट्रस्टी मनमोहन सिंह चावला तथा गवर्निंग बॉडी सदस्य अमृत चावला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मिलावटी दूध उत्पाद बेचने पर विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही। इसको लेकर एक विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन हरियाणा के आयुक्त डॉ. मनोज कुमार ने चंडीगढ़ में बताया कि हरियाणा खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। दिसंबर 2025 से 20 जनवरी तक राज्य के विभिन्न जिलों में पनीर, देसी घी, दूध एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के सैंपल लेकर जांच के लिए सरकारी प्रयोगशालाओं में भेजे गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर कई नमूने असुरक्षित, अवमानक तथा गलत ब्रांडिंग वाले पाए गए। विभाग ने संबंधित खाद्य कारोबार संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि पलवल, हिसार, नूंह, महेंद्रगढ़, झज्जर, रेवाड़ी और पानीपत सहित कई जिलों के विक्रेताओं की जांच की गई। कई स्थानों पर पनीर और देसी घी के नमूने फेल पाए गए, जिनकी बिक्री पर रोक लगाई गई है। कुछ मामलों में दुकानों को सील करने और एफआईआर दर्ज करने जैसी कार्रवाई भी की गई है, जबकि अन्य मामलों में कानूनी प्रक्रिया जारी है।

उन्होंने बताया कि पलवल में सैकुल खान के मिल्क प्लांट में पनीर की रिपोर्ट असुरक्षित एवं अवमानक पाई गई। इसी प्रकार हिसार जिला में राधिका इंटरप्राइजिज पर छापा मरकर देसी घी के सैंपल लिए गए जो कि असुरक्षित, अवमानक और बिक्री के लिए प्रतिबंधित पाए गए। इस मामले में सुरेंद्र कुमार तथा अमित सचदेवा नामक व्यक्ति की दुकान सील कर दी गई। इसी जिला में शिव कुमार, दिनेश सिंगल, रविंद्र के इंटरप्राइजिज पर देसी घी के सैंपल प्रतिबंधित पाए गए। नूंह जिला में जकारिया खान का देसी घी का ब्रांड गलत पाया गया। इसी जिला में मोहम्मद सोहिल के संस्थान पर पनीर की जांच की गई जिसे असुरक्षित पाया गया है।

# बठिंडा से आए एनडीआरएफ जवानों ने की रसायन रिसाव की मॉकड्रिल

### 7वीं बटालियन एनडीआरएफ की ओर से किया गया यह आयोजन

एजेंसी

**गुरुग्राम।** 7वीं बटालियन, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) बठिंडा की टीम द्वारा सोहना खंड के गांव खत्रीका में रसायनिक, जैविक, विकिरणीय एवं नाभिकीय (सीबीआरएन) आपदाओं से निपटने को लेकर एक व्यापक मॉक एक्सरसाइज का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार सोहना जगवीर सिंह ने की। उन्होंने एनडीआरएफ टीम की पेशेवर दक्षता, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता एवं अनुशासित कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। मॉक एक्सरसाइज का मुख्य उद्देश्य पेट्रोलियम पाइपलाइन से संभावित रासायनिक रिसाव जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशासन एवं संबंधित एजेंसियों की तैयारियों का परीक्षण करना था। अभ्यास के दौरान डिटेक्शन, प्रभावित क्षेत्र की घेराबंदी, रेस्क्यू ऑपरेशन, डी-कंटैमिनेशन (शुद्धिकरण) प्रक्रिया तथा जन-सुरक्षा से जुड़े उपायों का व्यावहारिक



प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ टीम द्वारा एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें सीबीआरएन आपदाओं से संबंधित जानकारी, अत्याधुनिक बचाव उपकरण, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई), आपात प्रतिक्रिया तकनीकें एवं जन-जागरूकता सामग्री को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से आम नागरिकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आपदा के समय अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों एवं सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूक किया गया। यह मॉक एक्सरसाइज एवं प्रदर्शनी सुपरवाइजिंग ऑफिसर देवेंद्र प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में तथा टीम कमांडर/सुपरवाइजर आशित के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# यमुनानगर में जरूरतमंदों की मदद को रक्तदान शिविर का आयोजन

एजेंसी

**यमुनानगर।** मानव जीवन की रक्षा को सर्वोच्च सामाजिक दायित्व मानते हुए यमुनानगर में आयोजित रक्तदान शिविर ने सामूहिक सहभागिता और सेवा भावना की सशक्त तस्वीर प्रस्तुत की। रिद्धि चैरिटेबल ट्रस्ट, स्वर्गीय प्यारा सिंह कुंदन सिंह मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट और नीलकंठ महादेव सेवा मंडल सोसायटी के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस आयोजन का मूल उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और समाज में रक्तदान को लेकर जागरूकता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में संत बाबा जसदीप सिंह और पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल की उपस्थिति ने आयोजन को सामाजिक प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक चिकित्सकीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। ऐसे आयोजन मानवीय मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने सहभागिता की। आयोजन की सफलता में ट्रस्ट पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों और सहयोगी संस्थाओं की समन्वित भूमिका रही, जिनके प्रयासों से कार्यक्रम अनुशासित और प्रभावी ढंग से संपन्न हुआ। शिविर के समापन पर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ, बल्कि सामाजिक एकजुटता और मानवीय सरोकारों की मजबूत अभिव्यक्ति के रूप में भी सामने आया है।

# देश में बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में पिछली तिमाही के मुकाबले घटी

*यह गिरावट ग्रामीण पुरुष और महिला दोनों के लिए बेरोजगारी दर में कमी के कारण आई*

**नई दिल्ली।** भारत में 15 साल और उससे ऊपर के लोगों में बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में पिछली तिमाही के मुकाबले कमी आई है। यह जानकारी सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों में दी गई। आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर 2025 में घटकर 4 फीसदी हो गई, जो पिछली तिमाही में 4.4 फीसदी थी। यह गिरावट ग्रामीण पुरुष और महिला दोनों के लिए बेरोजगारी दर में कमी के कारण हुई। रिपोर्ट के मुताबिक 15 साल और उससे ज्यादा आयु के शहरी व्यक्तियों की बेरोजगारी दर पिछली तिमाही के 6.9 फीसदी की तुलना में घटकर 6.7 फीसदी हो गई। यह गिरावट शहरी पुरुषों की बेरोजगारी दर में कमी के कारण हुई, जो जुलाई-सितंबर के आंकड़े 6.2 फीसदी से घटकर अक्टूबर-दिसंबर 2025 में 5.9 फीसदी हो गई। अक्टूबर-दिसंबर में 15 साल और उससे ज्यादा आयु के व्यक्तियों की समग्र श्रम बल सहभागिता दर बढ़कर 55.8 फीसदी हो गई, जो पिछली तिमाही के 55.1 फीसदी से ज्यादा है। यह रोजगार में वृद्धि को दर्शाता है।

15 साल और उससे ज्यादा आयु की महिलाओं की एलएफपीआर में अक्टूबर-दिसंबर 2025 में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई और यह 34.9 फीसदी तक पहुंच गई, जबकि जुलाई-सितंबर 2025 के दौरान यह 33.7 फीसदी थी। रोजगार का एक अन्य सूचक, 15 साल और उससे ज्यादा आयु के व्यक्तियों का श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), जुलाई-सितंबर 2025 में 52.2 फीसदी से बढ़कर अक्टूबर-दिसंबर 2025 में 53.1 फीसदी हो गया। अप्रैल-जून 2025 से अक्टूबर-दिसंबर 2025 के दौरान, 15 साल और उससे ज्यादा आयु के व्यक्तियों का ग्रामीण डब्ल्यूपीआर दोनों लिंगों में लगातार बढ़ता रहा। कृषि क्षेत्र ग्रामीण रोजगार में अपना दबदबा बनाए रखने में सफल रहा, इस तिमाही के दौरान 15 साल और उससे ज्यादा आयु के नियोजित व्यक्तियों में से 58.5 फीसदी कृषि क्षेत्र से संबंधित थे, जो पिछली तिमाही के 57.7 फीसदी से ज्यादा है।

# बीएलएस कंपनी ने किया अपने शेयरधारकों को 200 फीसदी का डिविडेंड देने का ऐलान

**यह फैसला कंपनी की मजबूत आर्थिक स्थिति और बेहतर कैश फ्लो की वजह से लिया**




**नई दिल्ली।** एआई और टेक सेक्टर से जुड़ी कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने अपने शेयरधारकों को 200 फीसदी का अंतरिम डिविडेंड देने का ऐलान किया है यानी हर इक्विटी शेयर पर 2 रुपए। कंपनी इस बार कुल 82.35 करोड़ रुपए डिविडेंड के तौर पर बांटेगी। बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड के मुताबिक यह अब तक का सबसे बड़ा अंतरिम डिविडेंड है। कंपनी के मुताबिक यह फैसला कंपनी की मजबूत आर्थिक स्थिति और बेहतर कैश फ्लो की वजह से लिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीएलएस सरकारों और आम लोगों के लिए एआई और टेक्नोलॉजी सेक्टर सर्विस के लिए काम करती है। साथ ही कंपनी फ्यूचर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में भी लगातार निवेश कर रही है। कंपनी ने तीसरी तिमाही में जबरदस्त रिजल्ट दिखाया। बीती तिमाही कंपनी का रेवेन्यू 736 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही से 43.6 फीसदी ज्यादा है। कंपनी ने बिजनेस वीजा और कंसुलर सर्विसेज व डिजिटल सर्विसेज में अच्छी तेजी दिखाई। अगर कंपनी के मुनाफे की बात करें तो बीती तिमाही यह 170 करोड़ रुपए रहा, जहां साल-दर-साल 33.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। बीती तिमाही भी 25.3 फीसदी का उछला आया। कंपनी का कहना है कि ऑपरेशनल कैपेसिटी और खर्चों पर काबू रखने की वजह से मुनाफा अच्छा रहा।

कंपनी के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा कि 9 महीनों का परफॉर्मेंस स्थिर और मजबूत रहा। करीब पूरा वित्त वर्ष 2025 का टॉपलाइन और बॉटमलाइन लेवल मैच कर रहा है। खासकर इस तिमाही में दोनों सेगमेंट्स ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दावा किया कि बीएलएस इंटरनेशनल लगातार नए कॉन्ट्रैक्ट्स को अपने पाले में कर रही है, वहीं पुराने कॉन्ट्रैक्ट्स को भी रिन्यू कर रही है।

उन्होंने कहा कि कंपनी टेक्नोलॉजी से जुड़े नई चीजें तेजी से अपना रही है आधारित नए कदम उठा रही है, जिससे आगे भी बेहतर परिणाम आ सकते हैं।

# लोगों के मन में डर और कन्फ्यूजन कम करने सरकार बना रही नया इनकम टैक्स एक्ट

**बदलाव अचानक नहीं होंगे, धीरे-धीरे नए सिस्टम की तरफ बढ़ेगा, 1 अप्रैल से होगा लागू**

**नई दिल्ली।**

इनकम टैक्स को लेकर लोगों के मन में डर और कन्फ्यूजन को कम करने की सरकार तैयारी कर रही है। सरकार जल्द ही नए इनकम टैक्स नियमों को नोटिफाई करने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये नियम मार्च के पहले हफ्ते में जारी हो सकते हैं। साथ ही नया नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू हो जाएगा। बता दें नया इनकम टैक्स एक्ट पहले ही पास हो चुका है, लेकिन आम लोगों के लिए असली तस्वीर इन नियमों से ही साफ होगी। सैलरी पाने वाले कर्मचारियों से लेकर निवेशकों और विदेश से कमाई करने कमाने वालों तक, सभी को इन्हीं नियमों के आधार पर अपने टैक्स की प्लानिंग करनी होगी।

सरकार का दावा है कि बदलाव अचानक नहीं होंगे। धीरे-धीरे नए सिस्टम की तरफ बढ़ा जाएगा, ताकि टैक्सपेयर्स पर बेवजह का दबाव न पड़े। आने वाले नियम तय करेंगे कि टैक्स सिस्टम कितना आसान और पारदर्शी है। नए नियमों के साथ टैक्स सिस्टम में बड़ा बदलाव आने वाला है। पुराना फाइनेंशियल ईयर और असेसमेंट ईयर वाला सिस्टम अब खत्म हो जाएगा। अब 'टैक्स ईयर' की बात होगी, जो आमतौर पर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। ये बदलाव धीरे-धीरे आएगा, मतलब पहले कमाए हुए इनकम पर रिटर्न फाइलिंग में कोई बड़ा झटका नहीं लगेगा। सरकार का मकसद साफ-सुथरा और आसान सिस्टम बनाना है। नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे, लेकिन पहले साल के रिटर्न बाद में जुलाई 2027 में फाइल होंगे। इससे टैक्सपेयर्स को अचानक बदलाव का बोझ नहीं पड़ेगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सैलरी पाने वाले लोगों के लिए सबसे अच्छी खबर ये है कि नए नियमों में पर्क्स यानी नौकरी के साथ मिलने वाले फायदों पर साफ नियम बन रहे हैं। जैसे कि कंपनी की तरफ से फ्री या सस्ता घर, कंपनी कार और ड्राइवर, बिजली-पानी-गैस के बिल, क्लब मेंबरशिप, गिफ्ट्स और वाउचर्स आदि पर टैक्स कैसे लगेगा, ये सब साफ होगा। खास तौर पर गिफ्ट्स और वाउचर्स पर नियम साफ हैं। अगर कर्मचारी की तरफ से साल भर में गिफ्ट, वाउचर या टोकन 15,000 रुपए तक हैं, तो टैक्स नहीं लगेगा। इससे ज्यादा हुआ तो टैक्स लगेगा। पहले ये लिमिट कम थी और काफी कन्फ्यूजन रहता था।

# मुकेश अंबानी की रिलायंस कंज्यूमर ने तमिलनाडु की प्रसिद्ध मान्ना का किया अधिग्रहण

**मुंबई।**

मुकेश अंबानी की रिलायंस इडस्ट्रीज की सब्सिडियरी कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट ने तमिलनाडु की प्रसिद्ध मान्ना का अधिग्रहण किया है। रिलायंस ग्रुप की तरफ से इसकी जानकारी मंगलवार को दी गई है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का पोर्टफोलियो मान्ना के अधिग्रहण के बाद फूड सेगमेंट में और मजबूत हो जाएगा। आरसीपीएल के सेगमेंट में धायम, इंडिपेंड और सिल शामिल है। बता दें आरसीपीएल की मौजूदगी मोटा आनाज आधारित हेल्थ फूड सेगमेंट में बढ़ा है।

बता दें पिछले दो दशक से हेल्ख फोक्सड प्रोडक्ट्स सेगमेंट में मान्ना एक अग्रणी उत्पादक बना हुआ है। रिलायंस इडंस्ट्रीज ने कहा है कि मान्ना की तमिलनाडु सहित अन्य पड़ोसी राज्यों में काफी मजबूत स्थिति है। बता दें मान्ना का अधिग्रहण ऐसे समय में हुआ है जब भारतीय ग्राहकों को रुझान मोटा अनाज आधारित भोजन की तरफ बढ़ा है। सरकार भी इसको खूब बढ़ावा दे रही है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के डायरेक्टर कहा कहना है कि तमिलनाडु में मान्ना एक हेल्थ फोकस्ड विश्वसनीय ब्रांड है। कंपनी मोटा आनाज आधारित प्रोडक्ट्स, बेवरेजेज और बेबी फूड्स बेचती है। कंपनी ओट्स, वुमेन्स हेल्थ ड्रींक, आटा प्रोडक्ट बेचती है। इसके अलावा बच्चों के लिए ड्रींक्स, सतुआ से बना ड्रींक जैसे प्रोडक्ट बेच रही है।

# तीन घंटे के अंदर हटाएं सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कंटेंट, सरकार ने घटाई समयसीमा

**एआई का इस्तेमाल कर बनाई गई सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना होगा**

**नई दिल्ली।**

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि आगामी 20 फरवरी से सोशल मीडिया और इंटरनेट मध्यवर्ती कंपनियों को दिक्कत देने वाली सामग्री को तीन घंटे के अंदर हटाना होगा। अब तक इसके लिए 36 घंटे का समय दिया जाता था। मध्यवर्तियों को अपने प्लेटफॉर्म से गैर सहमति वाली अंतरंग तस्वीरों को 24 घंटे के बजाय दो घंटे के अंदर हटाना होगा। मंत्रालय ने इन बदलावों को सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधनों के रूप में शामिल किया है। यह बदलाव इसलिए किया गया क्योंकि मंत्रालय को ऐसे फीडबैक मिले थे कि संवेदनशील सामग्री को हटाने के लिए 24 घंटे और 36 घंटे की अवधि बहुत ज्यादा है जिसके चलते कंटेंट के प्रसार को रोक पाना मुश्किल होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनियों को अब आपत्तिजनक सामग्री को ज्यादा तेजी से हटाना होगा। मंत्रालय ने मंगलवार को अधिसूचित ताजा संशोधनों में कहा है कि जो प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को एआई का इस्तेमाल करके सामग्री बनाने की इजाजत देते हैं उन्हें ऐसी सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना होगा कि यह सामग्री कृत्रिम ढंग से तैयार की गई है। ऐसी सामग्री को स्थायी मेटाडेटा या अन्य पहचान के माध्यमों से जोड़ना होगा ताकि ऐसी सामग्री के मूल स्रोत का पता लगाया जा सके। मंत्रालय ने कहा है कि यह कोई भी ऑडियो, दृश्य या ऑडियो-विजुअल जानकारी हो सकती है, जिसे कंप्यूटर संसाधन का उपयोग करके कृत्रिम या एल्गोरिदम से बनाया, उत्पन्न, संशोधित या परिवर्तित किया गया हो, इस प्रकार कि वह वास्तविक, प्रामाणिक या सत्य प्रतीत हो। मंत्रालय ने एआई का इस्तेमाल करके 'सद्भावना' में की गई सामग्री संपादन को इसकी परिभाषा से बाहर रखा है।

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 23पैसे की गिरावट के साथ ही 90.71 रुपये पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति के बाद से मुद्रा बाजार में उत्साह की बजाय सतर्कता का माहौल बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.63 पर खुला। फिर और टूटकर 90.77 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को उतार-चढ़ाव भरा कारोबार करते हुए अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.66 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 97.79 पर रहा।

# अब ज्यादा भारतीय कृषि उत्पाद होंगे निर्यात, अमेरिकी बाजार में बिना शुल्क मिलेगा प्रवेश



**नई दिल्ली।** अब भारत अपने कृषि उत्पादों का अमेरिका में ज्यादा निर्यात कर सकेगा। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि निर्यात को बढ़ाने में अमेरिका के साथ कृषि व्यापार के मौजूदा अधिशेष से मदद मिलेगी। भारत का वर्ष 2024 में समुद्री उत्पादों को हटाकर कृषि निर्यात 3.4 अरब डॉलर रहा जबकि आयात 2.1 अरब डॉलर था। भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के तहत भारत को करीब 46 अरब डॉलर के अमेरिकी आयात बाजार में बिना शुल्क के प्रवेश मिला है। शुल्क-मुक्त उत्पाद का पहले से ही भारत से अमेरिका के आयात में करीब 1.4 अरब डॉलर का हिस्सा हैं। इनमें मसाले, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, फल, चाय, कॉफी और जरुरी तेल हैं। भारत को 160 अरब डॉलर के आयात बाजार के लिए 18 फीसदी पारस्परिक शुल्क पर वरीयता पहुंच भी मिलेगी, जो निकट भविष्य में निर्यात की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र को करीब 25 अरब डॉलर के अमेरिकी आयात बाजार खंड में 18 फीसदी की शुल्क दर पर पहुंच प्राप्त होती है जो विस्तार के लिए अहम अवसर प्रदान करती है।

# कंपनियों द्वारा आईपीओ, क्यूआईपी और राइट्स इश्यू से जुटाई पर सेबी रखेगी नजर

**जानकारी छुपाने, बेजा इस्तेमाल पर उठी चिंताओं पर सख्त नियम बनाने पर विचार**

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) आईपीओ, पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) और राइट्स इश्यू के जरिए कंपनियों द्वारा जुटाई गई रकम पर निगरानी से जुड़े नियम सख्त बनाने पर विचार कर रहा है। इन माध्यमों से जुटाई गई रकम के इस्तेमाल में देरी, इनकी जानकारी छुपाने और इनके बेजा इस्तेमाल को लेकर उठी चिंताओं के बीच सेबी यह कदम उठाने पर विचार कर रही है। इस मामले से जुड़े लोगों ने इसकी जानकारी दी। फिलहाल जुटाई गई रकम 100 करोड़ रुपए से ज्यादा होने पर कंपनियों को सेबी के पास पंजीकृत एक निगरानी एजेंसी की सेवाएं लेनी पड़ती है। यह आम तौर पर क्रेडिट रेटिंग एजेंसी होती हैं। सेबी अब यह सीमा घटाकर 50 करोड़ रुपए करने या पूरी तरह हटाने पर विचार कर रहा है। इस कदम से सेबी का निगरानी का दायरा बढ़ जाएगा खासकर छोटे निर्गम भी इसकी जद में आ जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि इस मुद्दे पर सेबी की प्राथमिक बाजार सलाहकार समिति की पिछली महीने हुई बैठक में चर्चा हुई थी। सेबी को इस मामले पर उसकी प्रतिक्रिया जानने के लिए भेजे गए ई-मेल का समाचार लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया था। यही नहीं, नियामक निगरानी रिपोर्टों से जुड़े खुलासा ढांचे में भी बदलाव करने पर विचार कर रहा है। मौजूदा ढांचे के तहत निगरानी एजेंसियां अपनी त्रैमासिक रिपोर्ट कंपनी को देती हैं। इसके बाद कंपनियों को यह रिपोर्ट तिमाही समाप्त होने के 45 दिनों के अंदर स्टॉक एक्सचेंजों को सौंपनी होती है। यह पूरा सिलसिला अक्सर बीच में ही अटक जाता है क्योंकि कंपनियां रिपोर्ट सौंपने में देरी करती हैं या इनकी जानकारी नहीं दे पाती हैं। इससे निवेशकों को धन के इस्तोमल पर सीमित जानकारी ही हासिल हो पाती है।

# शेयर बाजार सपाट बंद हुआ

**सेंसेक्स 40 अंक गिरा, निफ्टी 18 अंक उछला**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को सपाट बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से अच्छे संकेतों के बाद भी बाजार में मिला-जुला कारोबार देखा गया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएससई सेंसेक्स ने एक तय दायरे में कामकाज किया और अंत में यह 40.28 अंक नीचे आकर 84,233.64 पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 18.70 अंक की हल्की बढ़त लेकर 25,953.85 पर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार घरेलू शेयर बाजार की नजर तिमाही परिणामों पर लगी है। इसलिए सीमित दायरे में कामकाज हुआ। आज ऑटो और हेल्थ सेक्टर में तेजी रही जबकि आईटी में गिरावट रही। दुनिया भर में बिकवाली के माहौल से भी बाजार पर दबाव पड़ा। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में गिरावट रही।

सेंसेक्स की कंपनियों में टीसीएस के शेयर सबसे ज्यादा 2.46 फीसदी टूटू। इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटरनल, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाइटन और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी गिरे। दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयर उछले। मारुति सुजुकी और ट्रेंट के शेयर भी आज बढ़े।

ब्रोडर मार्केट में निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में बढ़त रही। सेक्टोरल मोर्चे पर निफ्टी हेल्थकेयर सेक्टर में सबसे अधिक 1.62 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। इसके बाद निफ्टी ऑटो में 1.3 फीसदी की वृद्धि हुई। जबकि निफ्टी आईटी सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाला सेक्टर रहा। इसमें 1.76 फीसदीत की गिरावट रही। इससे पहले आज सुबह शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ खुला। सुबह सेंसेक्स 84,339 अंक पर खुला। सुबह खुलने के बाद इसमें में तेजी देखने को मिली। सुबह ये की बढ़त के साथ 84,413.21 पर कारोबार कर रहा था।




वहीं इसी तरह निफ्टी सुबह ये 55.75 अंक की फीसदी की बढ़त के साथ ही 25,990.90 पर कामकाज कर रहा था।

वहीं दूनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में सुबह तेजी रही। जापान का निक्केई इंडेक्स बढ़त के साथ उछला। वहीं ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया के बाजारों में भी बढ़त देखी गई। एशियाई बाजारों की यह बढ़त ऐसे समय में दिखी जब मेरिकी बाजारों में मिश्रित रुख रहा।

अमेरिकी बाजारों में गत दिवस एसएंडपी 500 और नैस्डैक नीचे आया जबकि डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज लगातार तीसरे दिन उछाल के साथ बंद हुआ। अब निवेशकों की नजर अमेरिका के आने वाले लेबर मार्केट डेटा पर टिकी हुई है।

घरेलू बाजार में आज का दिन तिमाही परिणामों के लिए अहम है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, डिवीज लैब्स, अशोक लेलैंड, मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज, पतंजलि फूड्स, एसजेवीएन, एस्ट्राजेनेका फार्मा, किर्लोस्कर ऑयल इंजन, टीबीओ टेक, बायर क्रॉपसाइंस, अमारा राजा एनर्जी, अवंती फीड्स, आईआरकॉन, जुपिटर वैगन्स, पीएंडजी हेल्थ, मिसेज़ बेक्टर्स फूड्स सहित कई कंपनियां आज अपने तीसरी तिमाही के परिणाम घोषित करेंगी।

# हॉस्पिटल कंपनी का शेयर 33 फीसदी रिटर्न देगा! अच्छे वैल्यूएशन पर ट्रेड कर रहे शेयर



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार बुधवार को सपाट शुरुआत के साथ खुले। इंडेक्स हैवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज और ऑटो स्टॉक्स में बढ़त से बाजार को सपोर्ट मिल रहा है जबकि रियल्टी और सरकारी बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से बाजार में दबाव पड़ा है। इससे पहले मंगलवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ था। बाजार में ब्रोकरेज हॉउस सिटी ने हॉस्पिटल चलाने वाली कंपनी अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड पर दमदार आउटलुक दिया है। ब्रोकरेज का मानना है कि कंपनी के शेयर फिलहाल अच्छे वैल्यूएशन पर ट्रेड कर रहे हैं। ब्रोकरेज हॉउस सिटी ने अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज पर 'बाय' रेटिंग दी हैं। ब्रोकरेज ने स्टॉक पर 9,600 रुपए का टारगेट प्राइस दिया है। इस तरह शेयर 33 फीसदी का रिटर्न दे सकता है। कंपनी के शेयर मंगलवार को 7,220 रुपए पर बंद हुए। ब्रोकरेज के मुताबिक कंपनी का कामकाज मजबूत रहा। तीसरी तिमाही में एबिट्डा से पहले की कमाई में क्रमशः 17 फीसदी और 27 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी हुई। आय 6,500 करोड़ रुपए और कमाई 970 करोड़ रुपए रही। ब्रोकरेज ने बताया कि बढ़ोतरी की अगुवाई अस्पताल कारोबार ने की, जहां आय में 15 फीसदी सालाना वृद्धि दर्ज हुई। यह बढ़ोतरी तब हुई जब नई अस्पताल सुविधाएं भी जोड़ी गईं हैं। अस्पताल कारोबार का मार्जिन 60 आधार अंक बढ़कर 24.5 फीसदी हो गया। प्रदर्शन को अपोलो हेल्थको से भी सहारा मिला, जहां अपोलो 24 घंटों के खर्चों में 12 फीसदी सालाना कमी से मार्जिन में 210 आधार अंकों का सुधार हुआ। सिटी ने कहा कि शेयर का वैल्यूएशन अभी भी आकर्षक है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह अपने पुराने औसत स्तर से नीचे कारोबार कर रहा है। अपोलो हॉस्पिटल्स के शेयर एक महीने में करीब 5 फीसदी चढ़ गए हैं। तीन और छह महीने में कंपनी का प्रदर्शन करीब सपाट रहा है। एक साल में स्टॉक ने 20 फीसदी, दो साल में 18 फीसदी और तीन साल में 72.01 फीसदी रिटर्न दिया है। स्टॉक का 52 वीक का हाई 8,099 रुपए और 52 वीक लो 6,002.15 रुपये है। बीएसई पर कंपनी का मार्केट कैप 1,08,899 करोड़ रुपए है।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील से फार्मा सेक्टर होगा मजबूत, दोनों देशों को मिलेगा फायदा

**सस्ती दवा निर्माण की वजह से अमेरिकी बाजार में अहम सप्लायर बना भारत**

**नई दिल्ली।**

भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर जहां कई सेक्टरों में अनिश्चितता है, वहीं फार्मा सेक्टर पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहा है। कम लेबर कॉस्ट और सस्ती दवा निर्माण क्षमता की वजह से भारत अमेरिकी बाजार के लिए एक अहम सप्लायर बना हुआ है। ऐसे में अमेरिका की भारत पर निर्भरता पहले से ही मजबूत रही है, जो इस ट्रेड डील के बाद और बढ़ने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जोटा हेल्थकेयर के चेयरमैन ने कहा कि अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा एफडीए-अप्रूव्ड प्लांट भारत में हैं। भारत से बड़ी मात्रा में जेनरिक दवाएं, लाइफ सेविंग और क्रॉनिक बीमारियों की दवाएं अमेरिका को निर्यात की जाती हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील के तहत भारत को एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत मिली है, क्योंकि अब तक टैरिफ के मामलों में अमेरिका शायद ही कभी झुका हो, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रोटोकॉल के जरिए संतुलित और लाभकारी समझौता संभव हुआ है। इस डील से दोनों देशों को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि भारत से अमेरिका को मुख्य रूप से लाइफस्टाइल और क्रॉनिक बीमारियों से जुड़ी दवाओं का निर्यात होता है। इनमें डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, थायराइड जैसी बीमारियों की दवाएं हैं, जिनकी मांग अमेरिकी बाजार में लगातार रहती है।



उन्होंने आगे कहा कि यूरोपीय संघ के साथ हुई ट्रेड डील से भी भारत को बड़ा फायदा होगा। इस समझौते के तहत एक्सपोर्ट पर ड्यूटी शून्य कर दी गई है। इससे न सिर्फ दवाओं का निर्यात बढ़ेगा, बल्कि टेक्नोलॉजी और व्यापार का ट्रांसफर भी भारत में होगा। इसके परिणामस्वरूप भारत में दवा निर्माण और सस्ता होगा, जिससे भारतीय मरीजों को भी कम कीमत पर दवाएं मिलेंगी। इस तरह, भारत-यूएस ट्रेड डील और यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौतों से भारतीय फार्मा सेक्टर की वैश्विक पकड़ और मजबूत होने की संभावना है।

# नई 7-सीटर निसान ग्रेविटी 17 को लांच करने की तैयारी

**नई दिल्ली ।** भारतीय कार बाजार में 7-सीटर कारों की भारी डिमांड को देखते हुए निसान ग्रेविटी को कंपनी 17 फरवरी को लॉन्च करने वाली है। यह निसान की पहली 7-सीटर एमपीवी होगी और भारतीय बाजार में कंपनी की नई रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है। निसान ग्रेविटे रेनो ट्राइबर के सीएमएफ-ए प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जिससे इसकी कीमत काफी प्रतिस्पर्धी रहने की उम्मीद है। ट्राइबर की शुरुआती कीमत 5.76 लाख रुपये है, और ग्रेविटे भी इसी रेंज में लॉन्च हो सकती है। डिजाइन और रंगों की बात करें तो इसे सिग्नेचर टील शेड के साथ व्हाइट, सिल्वर, ब्लैक और ग्रे विकल्पों में पेश किया जाएगा। पहले जारी किए गए डिजाइन स्केच बताते हैं कि इसमें फ्रंट पर हॉरिजॉन्टल एलईडी डीआरएलएस, क्रोम स्लैट ग्रिल और बोनट पर 'ग्रेविटी' लेटरिंग होगी। पीछे की तरफ स्प्लिट टेल-लैंप और टेलगेट पर हॉरिजॉन्टल इंसर्ट के साथ एक आकर्षक रियर प्रोफाइल मिलेगा। ग्रेविटे में ट्राइबर की तरह 1.0-लीटर पेट्रोल इंजन दिया जाएगा, जिसमें मैनुअल और एएमटी दोनों ट्रांसमिशन विकल्प मिलने की संभावना है। निसान ने इसे अपने सिबलिंग ट्राइबर से अधिक बोल्ड और मॉडर्न लुक देने के लिए खास एक्सटीरियर डिजाइन एलिमेंट शामिल किए हैं। उल्टे एल-शेप डीआरएलएस, चौड़ी फ्रंट ग्रिल, सिल्वर बंपर इंसर्ट और कनेक्टेड टेल-लैंप डिजाइन इसे एक प्रीमियम अपील देते हैं।

# लोकसभा-अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वासः लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा



ललित गर्ग

**लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका केवल कार्यवाही संचालित करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सदन की गरिमा, लोकतांत्रिक मर्यादा और सभी पक्षों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की संवैधानिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। यदि विपक्ष का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करने लगे कि अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण है या उनकी आवाज को व्यवस्थित रूप से दबाया जा रहा है, तो यह केवल राजनीतिक असंतोष नहीं, बल्कि संस्थागत अविश्वास का संकेत होता है।**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी लोकतंत्र के लिये एक चिन्ताजनक घटना है। क्योंकि लोकतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, असहमति के सम्मान और संस्थागत विश्वास पर टिकी हुई एक जीवंत परंपरा है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में संसद इस लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहाँ न केवल नीतियाँ बनती हैं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा बोलती है। ऐसे में जब लोकसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की खबरें सामने आती हैं, तो यह घटना किसी एक व्यक्ति या दल तक सीमित न रहकर पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर देती है। विपक्षी दलों द्वारा यह आरोप लगाया जाना कि उन्हें, विशेषकर नेता प्रतिपक्ष को, सदन में बोलने का समुचित अवसर नहीं मिल रहा, और इसी आधार पर अध्यक्ष की निष्पक्षता पर सवाल उठाना, एक गहरी चिंता का विषय है। यह चिंता इसलिए भी अधिक गंभीर हो जाती है क्योंकि अध्यक्ष का पद परंपरागत रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन का प्रतीक माना जाता रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका केवल कार्यवाही संचालित करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सदन की गरिमा, लोकतांत्रिक मर्यादा और सभी पक्षों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की संवैधानिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। यदि विपक्ष का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करने लगे कि अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण है या उनकी आवाज को व्यवस्थित रूप से दबाया जा रहा है, तो यह केवल राजनीतिक असंतोष नहीं, बल्कि संस्थागत अविश्वास का संकेत होता है। 100 से अधिक सांसदों द्वारा हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी यह दशार्ती है कि मामला क्षणिक आक्रोश का नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रही असहमति और संवादहीनता का परिणाम है। लोकसभा अध्यक्ष सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनके प्रति विश्वास जरूरी होता है और उनसे भी निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि संख्या बल के आधार पर इस तरह का प्रस्ताव पारित होना कठिन है, लेकिन लोकतंत्र में कई बार प्रतीकात्मक कदम भी गहरे संदेश देते हैं।

विपक्षी दलों द्वारा यह स्पष्ट करना कि वे टकराव के साथ-साथ सुलह का विकल्प भी खुला रखे हुए हैं, और इसी क्रम में विभिन्न वरिष्ठ नेताओं का अध्यक्ष से मुलाकात कर संवाद का प्रयास करना, इस बात का संकेत है कि अभी भी समाधान की गुंजाइश समाप्त नहीं हुई है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर संसद जैसे सर्वोच्च मंच पर संवाद की जगह हंगामा, नारेबाजी और गतिरोध क्यों हावी होता जा रहा है। क्या यह केवल सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच अविश्वास का परिणाम है, या फिर संसदीय परंपराओं के क्षरण का संकेत? विगत वर्षों में बार-बार यह देखने को मिला है कि महत्वपूर्ण विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गंभीर चर्चा के बजाय सदन की कार्यवाही बाधित होती रही है। इससे न केवल विधायी कामकाज प्रभावित होता है, बल्कि जनता के बीच यह संदेश भी जाता है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि अपने दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं हैं।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि वह असहमति को स्थान देता है। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सरकार को जवाबदेह ठहराना और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना भी है। इसके लिए सदन में बोलने का अवसर, प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता और आलोचना का सम्मान अनिवार्य है। यदि विपक्ष यह महसूस करता है कि उसके लिए ये रास्ते संकुचित किए जा रहे हैं, तो उसका आक्रोश सड़कों या नारेबाजी के रूप में फूट पड़ता है, जो अंततः संसद की गरिमा को ही नुकसान पहुँचाता है। दूसरी ओर, विपक्ष द्वारा बार-बार सदन की कार्यवाही बाधित करना भी उतना ही गंभीर दोष है, क्योंकि इससे शासन की प्रक्रिया ठप होती है और जनता के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। इस दोतरफा अविश्वास और आक्रामकता के बीच लोकतंत्र का मूल उद्देश्य कहीं खोता हुआ दिखता है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में यदि संसद बार-बार हंगामे, निलंबन और गतिरोध की खबरों में रहे, तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की लोकतांत्रिक छवि को प्रभावित करता है। विकास, नीति और जनकल्याण की चर्चा के स्थान पर यदि टकराव और अविश्वास केंद्र में आ जाए, तो यह भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती केवल मजबूत सरकार से नहीं, बल्कि मजबूत विपक्ष और निष्पक्ष संस्थानों से भी आती है। लोकसभा अध्यक्ष जैसे पद से अपेक्षा की जाती है कि वह न केवल नियमों का पालन कराए, बल्कि विश्वास का सेतु भी बने। वहीं विपक्ष से भी यह अपेक्षा है कि वह विरोध को रचनात्मक बनाए, न कि अवरोध का माध्यम।

आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद को फिर से संवाद का मंच बनाया जाए, जहाँ तीखी असहमति भी मयार्दा में व्यक्त हो और सत्ता व विपक्ष दोनों ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएँ। अविश्वास प्रस्ताव जैसे कदम यदि चेतावनी के रूप में लिए जा रहे हैं, तो उन्हें आत्ममंथन का अवसर भी बनना चाहिए। प्रश्न यह नहीं है कि कौन सही है और कौन गलत, बल्कि यह है कि लोकतंत्र की संस्था को कैसे स्वस्थ, विश्वसनीय और प्रभावी बनाया जाए। जनता ने सांसदों को नारे लगाने या कार्यवाही बाधित करने के लिए नहीं, बल्कि देश के भविष्य पर गंभीर विमर्श के लिए चुना है। यदि संसद इस अपेक्षा पर खरी नहीं उतरती, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है।

यह भी तथ्य है कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में श्री ओम बिरला का संसदीय संचालन अब तक सामान्यतः अनुशासित, कार्यकुशल और नियमसम्मत माना जाता रहा है। उनके कार्यकाल में लोकसभा की कार्यवाही को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने, विधायी कार्यों को प्राथमिकता देने और विभिन्न दलों को साथ लेकर चलने का प्रयास स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अनेक अवसरों पर उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है तथा संसदीय परंपराओं और नियमों के पालन पर बल दिया है। उनकी छवि एक ऐसे अध्यक्ष की रही है जो सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए होशियारी, धैर्य और व्यावहारिक समझ का प्रयोग करते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संसदीय मयार्दाओं का आग्रह और संवाद के लिए दरवाजे खुले रखने की प्रवृत्ति को देखते हुए उनके जैसे लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की स्थिति अपने आप में एक त्रासद और चिंताजनक घटना प्रतीत होती है। यह घटना व्यक्ति विशेष से अधिक उस माहौल की ओर संकेत करती है, जहाँ अविश्वास इतना गहरा हो चुका है कि संवाद और विश्वास के पुल कमजोर पड़ते जा रहे हैं। अंततः यह समय आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर जिम्मेदारी स्वीकार करने का है। सत्तापक्ष को यह समझना होगा कि मजबूत विपक्ष लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी ताकत है। विपक्ष को यह स्वीकार करना होगा कि विरोध की भी एक मयार्दा और रचनात्मकता होती है। और अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पदों को यह स्मरण रखना होगा कि उनकी निष्पक्षता केवल नियमों के पालन से नहीं, बल्कि व्यवहार और अवसर की समानता से भी सिद्ध होती है। यदि संसद को संवाद का मंच बनाए रखने में हम विफल रहते हैं, तो यह केवल एक सत्र या एक सरकार की विफलता नहीं होगी, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति हमारी सामूहिक असफलता मानी जाएगी। यही वह बिंदु है जहाँ हर नागरिक, हर जनप्रतिनिधि और हर संस्था को आत्मचिंतन करना होगा, ताकि विकास की राह में विनाश की संभावनाएँ नहीं, बल्कि संवाद, विश्वास और लोकतांत्रिक परिपक्वता का मार्ग प्रशस्त हो सके।

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### जन समस्याओं का हल सांत्वना का भ्रम

सालाना बजट आज महज वित्तीय विवरण, कर दरों में हेरफेर, खर्च के लक्ष्यों की घोषणा और जहां-तहां कुछ प्रोत्साहनों के एलान का दस्तावेज भर रह गया है। बुनियादी आर्थिक समस्याओं के हल की बात उसके दायरे से बाहर हो चुकी है।

कांग्रेस की राय में केंद्रीय बजट अर्थव्यवस्था की बुनियादी चुनौतियों से आंख मिलाने में नाकाम रहा। दरअसल, पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने तो यहां तक कहा कि वित्त मंत्री ने उन चुनौतियों को सिरे से नजरअंदाज कर दिया। मसलन, अमेरिकी टैरिफ से कारखाना उत्पादकों और निर्यातकों के सामने आई चुनौतियों, व्यापार घाटे, निम्न ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन, एफडीआई की अनिश्चितता, राजकोषीय सेहत में सुधार की धीमी गति, महंगाई के सरकारी आंकड़ों एवं अनुभवजन्य स्थिति में फर्क, लाखों एमएसएमई इकाइयों के बंद होने, बेरोजगारी, और शहरी बुनियादी ढांचे में लगातार गिरावट पर निर्मला सीतारमन ने चुप्पी साध ली। ये आलोचना वाजिब है। यह हकीकत है कि आज सालाना बजट महज वित्तीय विवरण, कर दरों में हेरफेर, खर्च के लक्ष्यों की घोषणा और जहां-तहां कुछ प्रोत्साहनों के एलान का दस्तावेज भर रह गया है।

मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था जब असल में मोनोपॉली पूंजीवाद का रूप ले चुकी हो, तो बिना उस ढांचे को चुनौती दिए सरकारें अक्सर ढांचागत समस्याओं का हल निकालने में अक्षम हो जाती हैं। नतीजतन, बजट के जरिए शायद ही बाजार में मांग और निजी निवेश की स्थितियां बनाई जा सकती हैं। बिना ऐसा हुए ना तो रोजगार सृजन संभव है, और ना ही मानव विकास या रहन-सहन की बेहतर सूरत बनाना। देसी बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं नहीं होगी, तो भारतीय उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में टिकने की बात महज एक खामख्याली ही है। बाकी जहां तक व्यापार घाटा, पर्याप्त मात्रा में एफडीआई ना आना या पोर्टफोलियो इन्वेस्टरों के भारत से पैसा निकालने, या रुपये की कीमत मे गिरावट की बात है, तो वे जारी हालात के नतीजे हैं। यथार्थ तो यह है कि लगातार अपनी ताकत कॉरपोरेट सेक्टर को ट्रांसफर करती गई सरकार की अब ऐसे मसलों का हल ढूंढने की काबिलियत अब काफी हद तक क्षीण हो चुकी है। इस हाल में आबादी के कुछ समूहों को नकदी हस्तांतरण कर चुनावी लाभ की योजनाएं शुरू करने से आगे कुछ करने को वह सोच नहीं पाती। उन योजनाओं के जरिए जन समस्याओं का हल करने की सांत्वना का भ्रम वह पैदा करती है।

## चिंतन-मनन

### आध्यात्मिक आकाश का प्रकाश

चिन्मय आकाश में न तो सूर्यप्रकाश की आवश्यकता है, न चन्द्रप्रकाश अथवा अग्नि या बिजली की, क्योंकि सारे लोक स्वयं प्रकाशित हैं। इस ब्रह्मांड में केवल एक लोक- सूर्य, ऐसा है जो स्वयं प्रकाशित है। लेकिन आध्यात्मिक आकाश में सभी लोक स्वयं प्रकाशित हैं। उन समस्त लोकों के (जिन्हें वैकुण्ठ कहा जाता है) चमचमाते तेज से चमकीला आकाश बनता है, जिसे ब्रह्मज्योति कहते हैं। इस तेज का एक अंश महत-तत्व अर्थात जगत से आच्छादित रहता है। जब तक जीव इस अंधकारमय जगत में रहता है, तब तक वह बद्ध अवस्था में होता है। लेकिन ज्यों ही वह भौतिक जगत रूपी मिथ्या, विकृत वृक्ष को काटकर आध्यात्मिक आकाश में पहुंचता है, त्यों ही मुक्त हो जाता है। तब वह यहां वापस लेकिन अपनी मुक्त अवस्था में आध्यात्मिक राज्य में प्रवेश करता है और परमेर का पापर्द बन जाता है। वहां पर वह सच्चिदानंदमय जीवन बिताता है।

जो इस संसार से अत्यधिक आसक्त है, उसके लिए इस आसक्ति का छेदन करना दुष्कर होता है। लेकिन यदि वह कृष्णभावनामृत को ग्रहण कर ले, तो उसके क्रमशः छूट जाने की संभावना है। उसे ऐसे भक्तों की संगति करनी चाहिए जो कृष्णभावनाभावित होते हैं। उसे ऐसा समाज खोजना चाहिए, जो कृष्णभावनामृत के प्रति समर्पित हो और उसे भक्ति करनी सीखनी चाहिए। इस प्रकार वह संसार के प्रति अपनी आसक्ति विच्छेद कर सकता है। यदि कोई चाहे कि केसरिया वस्त्र पहनने से भौतिक जगत के आकषर्ण से विच्छेद हो जाएगा, तो ऐसा संभव नहीं है। उसे भगवद्भक्ति के प्रति आसक्त होना पड़ेगा। यहां परमं मम शब्द बहुत महत्वपूर्ण हैं। वास्तव में जगत का कोना-कोना भगवान की सम्पत्ति है, परंतु दिव्य जगत परम है और छह ऐयरे से पूर्ण है। कठोपनिषद् में भी इसकी पुष्टि की गई है कि दिव्य जगत में सूर्यप्रकाश, चन्द्र प्रकाश या तारागण की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि समस्त आध्यात्मिक आकाश भगवान की आन्तरिक शक्ति से प्रकाशमान है। उस परम धाम तक केवल शरणागति से ही पहुंचा जा सकता है, अन्य किसी साधन से नहीं।

# धर्म, समाज और राष्ट्र की चेतना जगाने वाले स्वामी दयानंद



योगेश कुमार गोयल




आर्य समाज के संस्थापक के रूप में वंदनीय महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्म गुजरात के टंकारा में 12 फरवरी 1824 को हुआ था और 12 फरवरी को उनकी जयंती मनाई जाएगी। स्वामी दयानंद ऐसे देशभक्त, समाज सुधारक, मार्गदशक और आधुनिक भारत के महान चिंतक थे, जिन्होंने न केवल ब्रिटिश सत्ता से जमकर लोहा लिया बल्कि अपने कार्यों से समाज को नई दिशा और ऊर्जा भी प्रदान की। 1857 की क्रांति में उनका अमूल्य योगदान था। स्वामी दयानंद का बचपन बहुत अच्छा बीता लेकिन उनके जीवन में घटी एक घटना ने उन्हें इस कदर प्रभावित किया कि वे 21 वर्ष की आयु में ही अपना घर बार छोड़कर आत्मिक एवं धार्मिक सत्य की तलाश में निकल पड़े और एक सन्यासी बन गए। जीवन में ज्ञान की तलाश में वे स्वामी विरजानंद से मिले, जिन्हें अपना गुरु मानकर उन्होंने मथुरा में वैदिक तथा योग शास्त्रों के साथ ज्ञान की प्राप्ति की। 1845 से 1869 तक कुल 25 वर्षों की अपनी वैराग्य यात्रा में उन्होंने कई प्रकार के दैविक क्रियाकलापों के बीच विभिन्न प्रकार के योगों का भी गहन अभ्यास किया।

देश के स्वतंत्रता संग्राम में स्वामी दयानंद की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी और ह्यस्वराजह्ल का नारा उन्होंने ही दिया था, जिसे बाद में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने अपनाया और ह्यस्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार हैह्ल का नारा दिया। वेदों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उनकी महत्ता लोगों तक पहुंचाने तथा समझाने के लिए उन्होंने देशभर में भ्रमण किया। जीवनपर्यन्त वेदों, उपनिषदों का पाठ करने वाले स्वामी जी ने पूरी दुनिया को इस ज्ञान से लाभान्वित किया। उनकी किताब ह्यसत्यार्थ प्रकाशह्ल आज भी दुनियाभर में अनेक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही है। वेदों को सर्वोच्च मानने वाले स्वामी दयानन्द ने वेदों का प्रमाण देते हुए हिन्दू समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों का डटकर विरोध किया। जातिवाद, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनका योगदान उल्लेखनीय है, इसीलिए उन्हें ह्यसन्यासी योद्धाह्ल भी कहा जाता है। दलित उद्धार तथा स्त्रियों की शिक्षा के लिए भी उन्होंने कई आन्दोलन किए। हिन्दू धर्म के अलावा इस्लाम तथा ईसाई धर्म में फैली बुराईयों और अंधविश्वासों का भी उन्होंने जोरदार खंडन किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण, धार्मिक कुरीतियों की रोकथाम तथा वैश्विक एकता के प्रति समर्पित कर दिया। वे आध्यात्मिक क्रांति के संदेशवाहक थे।

स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना मुम्बई के गिरगांव में गुड़ी पड़वा के दिन 10 अप्रैल 1875 को की थी, जिसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति के साथ समूचे विश्व को एक साथ जोड़ना था। आर्य समाज के द्वारा उन्होंने दस मूल्य सिद्धांतों पर चलने की सलाह दी। मूर्ति पूजा के अलावा वे जाति विवाह, महिलाओं के प्रति असमानता की भावना, मांस के सेवन, पशुओं की बलि देने, मंदिरों में चढ़ावा देने इत्यादि के सख्त खिलाफ थे और इसके लिए उन्होंने लोगों में जागरुकता पैदा करने के अथक प्रयास किए। अपने 59 वर्ष के जीवनकाल में महर्षि दयानंद ने न सिर्फ देश में व्याप्त बुराईयों के खिलाफ लोगों को जागृत किया बल्कि अपने वैदिक ज्ञान से नवीन प्रकाश को भी देशभर में फैलाया। हालांकि कई लोगों ने उनका जमकर विरोध भी किया लेकिन स्वामी दयानंद सरस्वती के तार्किक ज्ञान के समक्ष बड़े-बड़े विद्वानों और पंडितों को भी नतमस्तक होना पड़ा। वे अपने जीवन को पुनर्जन्म, ब्रह्मचर्य, सन्यास तथा कर्म सिद्धांत के चार स्तंभों पर खड़ा मानते थे।

स्वामी दयानंद हिन्दी भाषा के प्रबल समर्थक थे और उनका मत था कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में एक ही भाषा ह्यहिन्दीह्ल बोली जानी चाहिए। मानव शरीर को नश्वर बताते हुए वह कहते थे कि हमें इस शरीर के जरिये केवल एक अवसर मिला है, स्वयं को साबित करने का कि ह्यमनुष्यताह्ल और ह्यआत्मविवेकह्ल क्या है। वे कहा करते थे कि शक्ति किसी अलौकिकता या चमत्कारिता के प्रदर्शन के लिए नहीं होती। सभी धर्मों और उनके अनुयायियों को वे एक ही ध्वज तले बैठा देखना चाहते थे। दरअसल उनका मानना था कि आपसी लड़ाई का फायदा सदैव तीसरा उठाता हैं, इसलिए इस भेद को दूर करना आवश्यक है। कर्म करने को लेकर स्वामी जी तर्क देते थे कि काम करने से पहले सोचना बुद्धिमानी, काम करते हुए सोचना सतर्कता और काम करने के बाद सोचना मूर्खता है। वह कहा करते थे कि दुनिया को अपना सर्वश्रेष्ठ दीजिए और तब आपके पास सर्वश्रेष्ठ लौटकर आएगा। उनका कहना था कि अज्ञानी होना गलत नहीं है लेकिन अज्ञानी बने रहना गलत है।

# बांग्लादेश चुनाव बाद तय होगी दोस्ती या दुश्मनी



डॉ हिदायत अहमद खान



बांग्लादेश में अचानक जेन-जी आंदोलन और हिंसा के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना अगस्त 2024 में सत्ता से हटते हुए भारत में शरण लेती हैं। इसके बाद प्रमुख सलाहकार यूनुस की अंतरिम सरकार सत्ता की बागडोर संभालती है और फिर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को तोड़ने-मरोड़ने का खेल शुरू हो जाता है। सबसे भरोसेमंद और हितैषी पड़ोसी मित्र देश को दूर करने और दुश्मनों को गले लगाने का काम भी होता है। इस दौरान न हिंसा रुकती है और न ही हालात बदलते हैं। इसी के साथ चुनाव की तारीख भी सामने आ जाती है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का अवसर भर नहीं हैं, बल्कि वे देश की वैचारिक दिशा, लोकतांत्रिक विश्वसनीयता और पड़ोसी देशों खासकर भारत से रिश्तों की जमीन तय करने वाले निर्णायक मोड़ साबित होंगे। कुल 300 सीटों में से 299 सीटों पर मतदान और ह्यजुलाई चार्टरह्ल पर जनमत संग्रह के साथ यह चुनाव कई स्तरों पर महत्वपूर्ण होने वाले है। बावजूद इसके जिस राजनीतिक माहौल में चुनाव कराए जा रहे हैं, उससे इसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता पर पहले से ही गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। सबसे बड़ा सवाल अवामी लीग को चुनाव लड़ने की अनुमति न दिए जाने को लेकर है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली यह पार्टी बांग्लादेश की राजनीति की केंद्रीय धुरी रही है। ऐसे में उसका चुनावी मैदान से बाहर होना लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा की आत्मा को कमजोर करता है। अवामी लीग के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद ने चुनाव को सुनियोजित बताते हुए निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि चुनावी प्रक्रिया को इस तरह से गढ़ा गया है कि एक विशेष विचारधारा को सत्ता में बनाए रखा जा सके। उन्होंने ऐसे चुनाव का बहिष्कार करने की अपील अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक से कर डाली। यहां कहना गलत भी नहीं होगा कि यदि विपक्ष का एक बड़ा दल ही चुनावी प्रक्रिया से बाहर हो, तो लोकतंत्र की विश्वसनीयता स्वतः संदिग्ध हो जाती है। बहरहाल चुनाव हो रहे हैं ऐसे में जीत-हार के दावे भी सामने आ गए हैं। चुनावी मुकाबला मुख्यतः तारिक रहमान के नेतृत्व वाले बीएनपी गठबंधन और जमात-ए-इस्लामी व नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के 11 दलों के गठबंधन के बीच माना जा रहा है। अनुमानित वोट प्रतिशत बताता है, कि मुकाबला कांटे का है। 13 वर्षों के प्रतिबंध के बाद जमात-ए-इस्लामी का चुनावी मैदान में लौटना भी एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। 2008 के बाद पहली बार वह चुनाव लड़ रही है। खुद को मुख्यधारा की राजनीति में स्थापित करने के प्रयास में जमात ने इस बार एक हिंदू उम्मीदवार को टिकट दिया है, हालांकि किसी महिला को उम्मीदवार नहीं बनाए जाने को लेकर जमात सुर्खियां भी बटोर रही है। इस मामले में पार्टी का तर्क है कि महिलाओं की सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन यह तर्क समावेशी राजनीति की कसौटी पर अधूरा लगता है।

बांग्लादेश के आम चुनाव का एक बड़ा आयाम विदेश नीति भी है। जमात-ए-इस्लामी के नेताओं ने संकेत दिए हैं कि वे सम्मान और मयार्दा के आधार पर विदेश संबंधों को पुनर्परिभाषित करना चाहते हैं। पिछले 16 वर्षों की विदेश नीति को एक देश अर्थात भारत केंद्रित बताकर उसकी आलोचना की जा रही है। तीस्ता जल बंटवारा, सीमा पर होने वाली घटनाएं और साझा नदियों के पानी का मुद्दा प्रमुख चुनावी विषय बन चुके हैं। यह स्पष्ट है कि बांग्लादेश में भारत के साथ संबंध अब निर्विवाद नहीं रहे। यदि नई सरकार भारत के प्रति अधिक कठोर रुख अपनाती है, तो द्विपक्षीय रिश्तों में तनाव और बढ़ सकता है। सुरक्षा कारण बताकर भारत द्वारा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक न भेजना भी इन्हीं संकेतों की ओर इशारा करता है। यह या तो सतर्क दूरी का संकेत है या फिर आंतरिक परिस्थितियों को लेकर एक प्रकार की प्रतीक्षा की नीति। वैसे यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत के लिए बांग्लादेश केवल पड़ोसी देश ही नहीं है, बल्कि सामरिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण साझेदार भी है। सीमा सुरक्षा, पूर्वोत्तर भारत की स्थिरता, आतंकवाद-रोधी सहयोग और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी इन सभी पर ढाका की राजनीतिक दिशा का सीधा असर पड़ता है। चिंता का विषय यह भी है कि चुनावी विमर्श में वैचारिक ध्रुवीकरण बढ़ता दिख रहा है। यदि कट्टरपंथी ताकतें मजबूत होती हैं, तो अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदू समुदाय की सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द पर प्रश्नचिह्न लग सकते हैं। बांग्लादेश ने पिछले दशक में आर्थिक प्रगति और सामाजिक सूचकांकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। राजनीतिक अस्थिरता या वैचारिक टकराव इस उपलब्धि को कमजोर कर सकता है। ऐसे में यह चुनाव केवल सरकार चुनने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह बांग्लादेश के लोकतांत्रिक चरित्र, धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और क्षेत्रीय संतुलन की परीक्षा है। नई सरकार यह तय करेगी कि देश सहयोग और संवाद की राह पर चलेगा या टकराव और अविश्वास की ओर मुड़ेगा। भारत और बांग्लादेश के संबंध इतिहास, भूगोल और साझा संघर्षों से जुड़े हैं। उम्मीद यही की जानी चाहिए कि ढाका में जो भी सत्ता में आए, वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए क्षेत्रीय शांति और सहयोग को प्राथमिकता देगा। क्योंकि अंततः स्थिर, समावेशी और संतुलित बांग्लादेश ही पूरे दक्षिण एशिया के हित में है।

## संक्षिप्त समाचार

### काहिरा में हिंदी सम्मेलन शुरू संस्कृति का सेतु बनी भाषा

**काहिरा , एजेंसी।** मिस्र की राजधानी काहिरा में रविवार को अफ्रीकी क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। विदेश मंत्रालय की सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने ऐन शम्स विवि के सहयोग से इस दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की। सम्मेलन का विषय गंगा से नील तक सांस्कृतिक संपर्क और सहयोग रखा गया है। भारतीय राजदूत सुरेश के रेड्डी की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ वैश्विक स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देना है।

### स्वीडन का भारतीय वायुसेना को ग्रिपेन लड़ाकू विमान देने का प्रस्ताव

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** स्वीडन की रक्षा कंपनी साब (एसएएबी) ने भारतीय वायुसेना को अपने अत्याधुनिक ग्रिपेन-ई लड़ाकू विमान की पेशकश की है। सिंगापुर एयर शो के दौरान कंपनी के उपाध्यक्ष मिकेल फ्रांजेन ने बताया कि उन्होंने भारत सरकार के समक्ष दुनिया के सबसे उन्नत एयरोस्पेस उद्योग के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। इसमें डिजाइन, उत्पादन और रखरखाव के बहुस्तरीय चरण शामिल होंगे। फ्रांजेन ने दावा किया कि ग्रिपेन-ई बाजार में सबसे आधुनिक और लागत प्रभावी विमान है, जो राफेल और तेजस के साथ भारतीय बेड़े में पूरी तरह फिट होगा।

### न्यूजीलैंड में 51 मुस्लिमों की हत्या के आरोपी ने दोषसिद्धि को दी चुनौती

**क्राइस्टचर्च , एजेंसी।** न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में 2019 में 51 मुस्लिमों की हत्या करने वाले ब्रेंटन टैरेंट ने अब अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील की है। सोमवार को वेलिंगटन की अदालत में उसने दावा किया कि जेल की कठोर परिस्थितियों के कारण वह तर्कहीन हो गया था, जिससे उसे अपराध स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वह चाहता है कि उसके दोष स्वीकार करने के फैसले को रद्द किया जाए। टैरेंट को बिना पैरोल के उम्रकैद की सजा सुनाई गई है, जिसे वह कम कराना चाहता है।

### पी. कुमारन छठे भारत-दक्षिण कोरिया विदेश नीति संवाद की सह-अध्यक्षता करेंगे

**सियोल, एजेंसी।** विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्वी) पी. कुमारन 12 से 13 फरवरी तक दक्षिण कोरिया गणराज्य (आरओके) की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान वे दक्षिण कोरिया गणराज्य के विदेश मंत्रालय की प्रथम उप विदेश मंत्री पार्क यून-जू के साथ छठे विदेश नीति और सुरक्षा संवाद (एफपीएसडी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। इससे पहले 17 जनवरी, 2023 को विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्वी) सौरभ कुमार ने 16-17 जनवरी, 2023 को दक्षिण कोरिया गणराज्य (आरओके) की आधिकारिक यात्रा की, जहां उन्होंने अपने आरओके समकक्ष, विदेश मंत्रालय के प्रथम उप विदेश मंत्री चो ह्युंडोंग के साथ 5वें विदेश नीति और सुरक्षा संवाद (एफपीएसडी) की सह-अध्यक्षता की, विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

### कांगो के गांव पर आईएस से जुड़े विद्रोहियों का हमला, 20 लोगों की हत्या

**किंशासा, एजेंसी।** पूर्वी कांगो में हिंसा की एक और बड़ी घटना सामने आई है। सेना के अनुसार इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोही गुट ने एक गांव पर हमला कर कम से कम 20 लोगों की हत्या कर दी। यह हमला सप्ताहांत में नॉर्थ किवु प्रांत के लुबेरो इलाके के मम्बिम्बी-इसिगो गांव में हुआ। हमले के बाद इलाके में दहशत फैल गई है और बड़ी संख्या में लोग घर छोड़कर भागे हैं। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि हमला एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज यानी एडीएफ गुट ने किया। हमलावरों ने पहले खेतों में काम कर रहे किसानों को निशाना बनाया और फिर गांव में घुसकर चाकू और बंदूक से हमला किया। स्थानीय सामाजिक संगठनों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कई लोग अब भी लापता हैं। एडीएफ ने हमले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। नागरिक समूहों ने इलाके में सेना की कम मौजूदगी पर सवाल उठाए हैं। पूर्वी कांगो में एडीएफ और रवांडा समर्थित एम23 जैसे कई सशस्त्र गुट सक्रिय हैं। एडीएफ ने 2019 में इस्लामिक स्टेट के प्रति निष्ठा जताई थी और वह अक्सर आम नागरिकों को निशाना बनाता है। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के प्रमुख जीन-पियरे लैक्रोआ ने भी पूर्वी कांगो का दौरा शुरू किया है। इस साल की शुरुआत से ही इस क्षेत्र में एडीएफ हमलों में दर्जनों नागरिक मारे जा चुके हैं। क्षेत्र में मानवीय संकट लगातार गहराता जा रहा है।

# गाजा में फिर गूंजे हवाई हमले, तीन की मौत; इस्राइल बोला- हमने सीजफायर उल्लंघन का दिया जवाब



**गाजा पट्टी, एजेंसी।** गाजा पट्टी में युद्धविराम के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। इस्राइल के ताजा हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई है। अस्पताल सूत्रों ने मौतों की पुष्टि की है। सीजफायर लागू होने के बावजूद हमले और जवाबी कार्रवाई की घटनाएं जारी हैं। इससे इलाके में शांति प्रक्रिया पर नए सवाल खड़े हो गए हैं और हालात फिर तनावपूर्ण हो गए हैं।

गाजा सिटी के पश्चिमी इलाके में हुए हमलों के बाद घायलों और मृतकों को शिफा अस्पताल लाया गया। अस्पताल प्रशासन ने तीन लोगों की मौत की जानकारी दी। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने रफाह शहर में अपने सैनिकों पर फायरिंग के जवाब में कार्रवाई की। सेना के मुताबिक यह युद्धविराम का उल्लंघन था और जवाब में 'सटीक निशानों' पर हमला किया गया।

**युद्धविराम के बावजूद जारी टकराव :** करीब चार महीने पहले अमेरिका समर्थित युद्धविराम समझौता लागू हुआ था। यह समझौता हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध को रोकने के लिए बनाया गया था। इस योजना को मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रस्तावित 20 सूत्रीय ढांचे पर आगे बढ़ाया गया था। समझौते के तहत बंधकों और कैदियों की अदला-बदली भी हुई। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर झड़पें और सैन्य कार्रवाई पूरी तरह नहीं रुकी।

**बंधक समझौता हुआ, पर बड़े मुद्दे बाकी :** समझौते के शुरुआती चरण में हमास ने अपने पास मौजूद सभी जीवित बंधकों को रिहा किया। बदले में इस्राइल ने हजारों फलस्तीनी कैदियों को छोड़ा और कुछ शव भी लौटाए गए। लेकिन गाजा के भविष्य का प्रशासन कौन संभालेगा, सुरक्षा व्यवस्था कैसी होगी और राजनीतिक ढांचा क्या होगा, जैसे बड़े मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी। इन सवालों पर अब भी मतभेद बने हुए हैं।

**वेस्ट बैंक पर इस्राइली फैसले से यूएन चिंतित :** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस्राइल के वेस्ट बैंक में नियंत्रण बढ़ाने के फैसले पर चिंता जताई है। उनके प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे कदम दो-राष्ट्र समाधान की संभावना को कमजोर कर सकते हैं। इस्राइल की सुरक्षा कैबिनेट ने वेस्ट बैंक में नियंत्रण गहरा करने और फलस्तीनी प्राधिकरण की शक्तियां घटाने वाले कदमों को मंजूरी दी है। इस्राइल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच ने कहा कि इससे फलस्तीनी राज्य की अवधारणा को और कमजोर किया जाएगा।

**रफाह बॉर्डर क्रॉसिंग फिर खुली, पर रफ्तार धीमी :** मिस्र से लगने वाला रफाह क्रॉसिंग पॉइंट हाल ही में दोबारा खोला गया है। गाजा प्रशासन से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि आवाजाही की प्रक्रिया अब धीरे-धीरे सुधर रही है। पहले हफ्ते में अव्यवस्था और देरी की शिकायतें आई थीं। यूरोपीय संघ मिशन के अनुसार अब तक सैकड़ों लोग पार कर चुके हैं, जिनमें मेडिकल मरीज भी शामिल हैं। गाजा के स्वास्थ्य तंत्र के बुरी तरह प्रभावित होने के कारण करीब 20 हजार लोग इलाज के लिए बाहर जाने की प्रतीक्षा में बताए गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सीजफायर लागू होने के बाद भी सैकड़ों लोगों की मौत दर्ज हुई है। मंत्रालय का कहना है कि 7 अक्टूबर 2023 के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे। इसके बाद इस्राइल की सैन्य कार्रवाई में 72 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जाने का दावा किया गया है। संयुक्त राष्ट्र और कई स्वतंत्र विशेषज्ञ स्थानीय स्वास्थ्य आंकड़ों को संघर्ष के दौरान सबसे भरोसेमंद स्रोत मानते रहे हैं।

# अमेरिका ने बांग्लादेश पर टैरिफ 1% घटाया, कुछ गारमेंट प्रोडक्ट्स पर टैरिफ जीरो करने का वादा भी किया



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने बांग्लादेश पर टैरिफ 20% से घटाकर 19% कर दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने कुछ कपड़ा और गारमेंट उत्पादों पर टैरिफ पूरी तरह खत्म करने का वादा किया है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी जॉइंट स्टेटमेंट में कहा गया कि अमेरिका बांग्लादेशी उत्पादों पर लगाए गए 'रेसिप्रोकल टैरिफ' को 20% से घटाकर 19% कर देगा। ये टैक्स अमेरिका ने व्यापार में असंतुलन और उन तरीकों को लेकर लगाए थे, जिन्हें वह गलत मानता है। पहले अमेरिका ने बांग्लादेश से आने वाले सामान पर 37% टैक्स लगाने की घोषणा की थी। बाद में इसे घटाकर 20% किया गया था। अब नए समझौते के बाद यह टैक्स 19% हो जाएगा। बांग्लादेश के कुल निर्यात में कपड़ा और गारमेंट उद्योग की हिस्सेदारी करीब 80% है। यह उद्योग 2024 में हुए छात्र आंदोलन के बाद प्रभावित हुआ था, जिसमें देश की सरकार गिर गई थी। इसके बाद से यह सेक्टर फिर से संभलने की कोशिश कर रहा है। नए समझौते के तहत अमेरिका एक ऐसी सिस्टम बनाएगा, जिससे बांग्लादेश के कुछ कपड़ा और गारमेंट उत्पादों पर जीरो टैरिफ लगेगा। हालांकि यह सुविधा उन्हीं उत्पादों को मिलेगी, जिनमें अमेरिका से भेजा गया कपास या अन्य कच्चा माल इस्तेमाल किया गया होगा। आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में बांग्लादेश ने अमेरिका को 8.4 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया, जबकि अमेरिका से बांग्लादेश का आयात 2.2 अरब डॉलर रहा।

# शबाना महमूद ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री बन सकती हैं, कश्मीरी मूल की हैं



**लंदन, एजेंसी।** एपस्टीन फाइल्स विवाद में अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। लेबर पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की है। हालांकि स्टार्मर ने इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया है। इस बीच, नए प्रधानमंत्री पद की होड़ में गृह मंत्री शबाना महमूद के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री वेस्ट स्ट्रीटिंग और पूर्व उपप्रधानमंत्री अंगेला रेनर का नाम सामने आ रहा है। शबाना महमूद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मीरपुर मूल की है। 2025 में गृह मंत्री बनने वाली वह पहली मुस्लिम महिला हैं। अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री भी होंगी। ब्रिटेन में एपस्टीन फाइल से जुड़े विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया कि पीएम स्टार्मर के सबसे भरोसेमंद सहयोगी और डाउनिंग स्ट्रीट के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी को इस्तीफा देना पड़ा।

मैकस्वीनी पर आरोप है कि उन्होंने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन का समर्थन करने वाले पीटर मंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाकर भेजा था। मैकस्वीनी ने कहा कि यह नियुक्ति गलत थी। मैकस्वीनी ने माना कि उन्हें पता था कि मंडेलसन ने जेफ्री एपस्टीन का जेल जाने के बाद भी समर्थन किया था। मंडेलसन पर ये भी आरोप है कि उन्होंने ब्रिटेन के बिजनेस सेक्रेटरी रहते हुए एपस्टीन को मार्केट से जुड़ी संवेदनशील जानकारी शेयर की थी। मैकस्वीनी ने कहा कि इस फैसले से पार्टी, देश और राजनीति पर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है। वहीं विपक्ष का कहना है पीएम स्टार्मर को मामले की जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा देना चाहिए।

# कौन बनेगा बांग्लादेश का प्रधानमंत्री? चुनाव से पहले सर्वे का नतीजा; क्या है भारत विरोधी जमात की हालत



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले माहौल काफी गर्म हैं। इस बार बांग्लादेश में भारत विरोधी ताकतें भी चुनाव में पूरा जोर लगा रही हैं। वहीं अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की आवामी लीग को बैन कर दिया गया है। अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस की अगुआई में अंतरिम सरकार चल रही है। वहीं अब उम्मीद है।

**किसके बीच है मुकाबला :** इस बार बांग्लादेश में मुख्य मुकाबला पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान की अगुआई वाली बीएनपी और कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी के बीच है। जमात-ए-इस्लामी का प्रमुख मुद्दा ही अल्पसंख्यकों और भारत के विरोध में रहता है। वहीं बीएनपी का अजेंडा भी भारत के समर्थन में कभी नहीं रहा है।

**क्या कहता है चुनाव पूर्व का सर्वे :** बांग्लादेश के अखबार प्रथोमोलो ने इस चुनाव को लेकर सर्वे करवाया है। इसके मुताबिक बीएनपी को 200 से ज्यादा सीटें मिल सकती हैं और तारिक रहमान बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री हो सकते हैं। तारिक रहमान लंबे समय के बाद ब्रिटेन से बांग्लादेश लौटे है। सर्वे के मुताबिक बांग्लादेश नेशलिस्ट पार्टी पूर्ण बहुतम मिल सकता है। वहीं भारत विरोधी जमात की हालत बहुत अच्छी नहीं है। हालांकि वह विपक्ष की भूमिका अदा कर सकता है। जमात-ए-इस्लामी शफीकुर्रहमान के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है। सर्वे में बताया गया है कि बीएनपी 200 से ज्यादा सीटें जीत सकती है वहीं, जमात-ए-इस्लामी 50 के आसपास सीटें जीत सकता है। बांग्लादेश की जातीय पार्टी के खाते में 3 सीटें जा सकती हैं। बाकी सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों के खाते में जाने का अनुमान है। बता दें कि बांग्लादेश की संसद निर्वाचिन के लिए कुल सीटों की संख्या 350 है। 300 सदस्यों को जनता चुनती है और 50 सदस्यों का सीधा निर्वाचन होता है। भारत की तरह बांग्लादेश में भी सांसदों का कार्यकाल पांच साल का होता है। चुनाव के साथ ही जनमत संग्रह भी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने अपने देश के लोगों से 12 फरवरी को आम चुनावों के साथ-साथ होने वाले जनमत संग्रह में 'हां' में वोट देने और उनके प्रस्तावित सुधार पैकेज का समर्थन करने की जोरदार अपील की। यूनुस ने सोमवार देर रात वरिष्ठ सचिवों और शीर्ष नौकरशाहों को संबोधित करते हुए कहा, ''यदि जनमत संग्रह के दौरान 'हां' में अधिक वोट मिलते हैं।

# सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, साउथ कोरिया में 2 लोगों की मौत



**सियोल, एजेंसी।** दुनियाभर में प्लेन क्रैश और हेलीकॉप्टर क्रैश के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। यात्री विमान ही नहीं, सेना के विमान भी हादसों से सुरक्षित नहीं हैं। आज, सोमवार, 9 फरवरी को साउथ कोरिया की सेना का एक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया और प्रशिक्षण उड़ान के दौरान क्रैश हो गया। यह हादसा साउथ कोरिया के ग्योंग्गी प्रांत के गापेयोंग काउंटी (में हुआ, जब सेना के 15वें एविएशन ग्रुप का एएच-1स कोबरा हेलीकॉप्टर अटैक बेस से लगभग 800 मीटर दूर एक नदी के किनारे क्रैश हो गया।

**2 लोगों की मौत :** साउथ कोरिया के ग्योंग्गी प्रांत के गापेयोंग काउंटी में सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश होने से उसमें सवार 2 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर में सवार दोनों लोग (जूनियर वॉरंट ऑफिसर्स थे। हादसे के बाद दोनों को नज़दीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**मामले की जांच शुरू :** साउथ कोरियाई सेना का हेलीकॉप्टर किस वजह से क्रैश हुआ, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हुआ है। सेना ने जांच के लिए इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम गठित की है, जो यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हादसे की क्या वजह थी। हेलीकॉप्टर के क्रैश होने के बाद आग नहीं लगी और न ही कोई धमाका नहीं हुआ।

# एपस्टीन फाइल्स से ब्रिटेन की सरकार पर संकट, पीएम स्टार्मर ने इस्तीफा देने से कर दिया इनकार



**लंदन, एजेंसी।** अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद 19 महीने पुरानी ब्रिटिश सरकार के लिए एक गंभीर संकट पैदा होने के बीच प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने सोमवार को कहा कि वह अपने पद पर बने रहेंगे। अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा है। वह लेबर पार्टी को मनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह महज डेढ़ साल के कार्यकाल के बाद उन्हें पद से न हटाए। मैंडलसन को इस उच्च पदस्थ राजनयिक पद पर नियुक्त करने के निर्णय को लेकर प्रधानमंत्री पर सवाल उठाए जा रहे हैं। उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी के कुछ सांसदों ने 2024 में पीटर मैंडलसन को राजनयिक नियुक्त करने के उनके फैसले के लिए उनसे इस्तीफा देने का आह्वान किया है। स्कॉटलैंड में लेबर पार्टी के नेता अनस सरवर ने भी प्रधानमंत्री स्टार्मर से इस्तीफा देने की मांग की है।

सरवर ने कहा कि ''ध्यान भटकाने वाली चीजें बंद होनी चाहिए और डाउनिंग स्ट्रीट में नेतृत्व में बदलाव होना चाहिए।'' ब्रिटेन में डाउनिंग स्ट्रीट पर ही प्रधानमंत्री आवास है। सरवर लेबर पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता हैं जिन्होंने स्टार्मर से इस्तीफा देने का आह्वान किया है।

स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ और उनके संचार निदेशक ने भी इस्तीफा दे दिया है। इस बीच, प्रधानमंत्री के कार्यालय ने सोमवार को कहा कि स्टार्मर का पद छोड़ने का कोई इरादा नहीं है। स्टार्मर ने संसद में लेबर पार्टी के सांसदों से कहा, ''मैंने आज तक जितने भी संघर्ष किए हैं, उन सबमें जीत हासिल की है।'' उन्होंने कहा, ''मैं अपने जनादेश और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने को तैयार नहीं हूं।'

**चीफ ऑफ स्टाफ दे चुके हैं इस्तीफा :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के 'चीफ ऑफ स्टाफ' ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ संबंधों के बावजूद अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में पीटर मैंडेलसन की नियुक्ति को लेकर विवाद के बीच रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री के 'चीफ ऑफ स्टाफ' मॉर्गन मैकस्वीनी ने कहा कि 2024 में मैंडेलसन को अमेरिका में राजदूत नियुक्त करने का निर्णय 'गलत' था और वह स्टॉर्मर को ऐसा करने की सलाह देने के लिए 'पूरी जिम्मेदारी' लेते हैं।

# कनाडा में कर्नाटक के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की दिनदहाड़े हत्या, गोलियों से कार छलनी



**टोरंटो , एजेंसी।** कनाडा के टोरंटो शहर में कर्नाटक के रहने वाले 37 साल के एक भारतीय सॉफ्टवेयर पेशेवर की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने इस वारदात को शनिवार दोपहर टोरंटो के एक व्यस्त शॉपिंग मॉल के पार्किंग लॉट में अंजाम दिया। इससे पूरे भारतीय प्रवासी समुदाय में हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान चंदन कुमार राजा नंदकुमार के रूप में हुई है, जो टोरंटो के ग्रेटर टोरंटो एरिया में ब्रैम्पटन का निवासी थे। मूल रूप से वह कर्नाटक के बैंगलोर ग्रामीण जिले के नेलमंगला के पास स्थित थ्यामागोंडलु गांव के रहने वाले थे। चंदन पिछले छह साल से कनाडा में रह रहे थे और एल एंड टी की सहायक कंपनी एलटीआई माइंडट्री में काम कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने बैंगलोर में कॉग्निजेंट के साथ काम किया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे की है। चंदन अपनी कार के अंदर बैठे थे। तभी हमलावरों ने वुडबाइन शॉपिंग सेंटर के प्रवेश द्वार के पास अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। टोरंटो पुलिस सेवा के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने पर जब वे मौके पर पहुंचे तो चंदन को कई गोलियां लगी हुई थीं। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। वारदात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें चंदन की सफेद कार बुलेट के निशानों से छलनी नजर आ रही है।

टोरंटो पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे 'टारगेटेड अटैक' माना है। फिलहाल अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। टोरंटो पुलिस सेवा के इंस्पेक्टर एरोल वॉटसन ने कहा, 'यह एक गंभीर घटना है, खासकर एक मॉल में इस तरह की गोलीबारी सार्वजनिक सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। हमारी टीम हत्यारों की तलाश कर रही है। थ्यामागोंडलु गांव में चंदन के माता-पिता अपने इकलौते बेटे की मौत की खबर से पूरी तरह टूट चुके हैं। चंदन के पिता नंदकुमार ने मीडिया को बताया, 'हमने पिछले शुक्रवार को उससे बात की थी। उसने कहा था कि वह इस गर्मी में छुट्टी लेकर घर आएगा। हम उसकी शादी की योजना बना रहे थे। हम पूरी तरह से तबाह हो गए हैं।' परिजनों ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि चंदन बार-बार भारत लौटने की योजना टाल रहा था। पिता ने अफसोस जताते हुए कहा, 'अगर उसने हमारी बात मान ली होती और वापस आ गया होता, तो वह आज हमारे साथ होता।

परिवार के कुछ रिश्तेदारों ने चंदन की हत्या के पीछे एक अलग ही आशंका जताई है। परिजनों का मानना है कि चंदन टोरंटो में एक कन्नड़ एसोसिएशन बनाने के प्रयासों में सक्रिय रूप से लगा हुआ था, जो हत्या का कारण हो सकता है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस संबंध में किसी स्पष्ट मकसद का संकेत नहीं दिया है।

इस घटना पर कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, 'यह घटना बेहद परेशान करने वाली है। हमने एक कन्नडिगा (कर्नाटक का निवासी) को खो दिया है। हमारे पुलिस विभाग ने पहले ही शव को वापस लाने के लिए विदेश मंत्रालय से सहायता मांगी है।' वहीं, चिक्काबल्लापुर के सांसद डॉ. के. सुधाकर ने कहा कि वह विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं ताकि चंदन के शव को भारत वापस लाने की प्रक्रिया को तेज किया जा सके। आपको बता दें कि यह टोरंटो में इस साल की तीसरी हत्या है, जिसने कनाडा और कर्नाटक दोनों जगह कन्नडिगा समुदाय के बीच शोक और आक्रोश को जन्म दिया है।



# आपकी सुरक्षा आपके हाथ

शहर छोटे हों या बड़े अपराध की दर सभी में बढ़ रही है। यही कारण है कि आजकल शहरों में सिक्युरिटी का धंधा तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन हर कोई तो अपने घर के बाहर हथियारधारी सिक्युरिटी गार्ड नहीं खड़ा कर सकता। सवाल है ऐसे में अपनी सुरक्षा, विशेषकर घरों में रहने वाली महिलाएँ कैसे करें?

**अगर आप रहती हैं फ्लैट्स में :**

- फ्लैट के बाहरी दरवाजों की मजबूती की जाँच कर लें। दरवाजे अच्छी क्वॉलिटी के मटीरियल से बने हों यह सुनिश्चित करें। दरवाजे में अच्छी कंपनी का ऑटोमेटिक लॉकिंग सिस्टम लगा हो।
- कुछ लोग अपने घर को स्टाइलिश लुक देने के लिए बिना ग्रिल वाली खिड़कियाँ भी लगवाते हैं, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से यह अनुचित है क्योंकि इससे बच्चों के नीचे गिरने का खतरा रहता ही है, साथ ही खिड़की से कोई भी आपके घर के भीतर आसानी से पहुँच भी सकता है।
- सुनिश्चित करें कि फ्लैट के बाहर हमेशा अच्छी प्रकाश व्यवस्था हो। दरवाजे और सीढ़ियों के पास लाइट रात भर जलती हुई छोड़ दें। घर के बाहर की लाइट का स्विच आपके घर के भीतर होना चाहिए।
- अपने दरवाजे में मैजिक आई और चेन लॉक जरूर लगवाएँ ताकि कॉलबेल बजने पर आप आगंतुक को भीतर से पहचानने के बाद ही दरवाजा खोलें।
- रात को पैसेज में जीरो वॉट का बल्ब या सीएफएल जरूर जलने दें। अगर आप घर बंद करके कहीं बाहर जा रही हैं तो ड्राइंग रूम की लाइट जलती छोड़ दें। अगर लंबी छुट्टियों में कहीं बाहर जा रही हैं तो अपने निकटतम पड़ोसी और अपार्टमेंट के सिक्युरिटी गार्ड को इस बात की जानकारी जरूर दें कि आप कहाँ और कितने दिनों के लिए जा रही हैं, साथ ही उनसे अपने घर का विशेष रूप से ध्यान रखने को कहें।
- बाहर जाते वक्त अपनी बालकनी में कुछ पुराने कपड़े इस तरह फैला दें कि लगे कि वे सूखने के लिए फैलाए गए हैं, ताकि यह देखकर किसी अजनबी को इस बात की भनक न लगे कि आपके घर में कोई नहीं है।

**रहती हों अगर बँगले में :**

- आपके घर में लोहे का मजबूत गेट होना चाहिए, जिसकी ऊँचाई कम से कम साढ़े पाँच फुट हो, गेट के ऊपरी सिरे पर नुकीली भालेनुमा आकृति बनी हो ताकि कोई उस पर चढ़कर घर के भीतर न घुस सके। गेट में ऐसा लॉक लगा होना चाहिए जिसे सिर्फ अंदर से ही खोला जा सके। दूसरे दरवाजे और उनका लॉकिंग सिस्टम भी मजबूत होना चाहिए।
- बँगले की चहारदीवारी बहुत मजबूत होनी चाहिए और उसकी दीवारों के ऊपरी हिस्से पर लोहे के काँटेदार तारों का घेरा बना हुआ होना चाहिए ताकि कोई चोर आसानी से आपके घर की चहारदीवारी लाँघ न सके।
- अगर प्रकृति प्रेमी हैं तो दीवारों की बजाय बोगनवेलिया और जंगली गुलाब जैसी काँटेदार झाड़ियों से भी अपने घर की फेंस तैयार कर सकती हैं। इससे घर अवांछित तत्वों से तो सुरक्षित रहेगा ही इसके अलावा घर के आसपास की हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता भी बढ़ जाएगी।

**अगर रहती हैं फार्म हाउस में :**

- मुख्यद्वार के बाहर गार्ड रूम होने के साथ-साथ क्लोज सर्किट कैमरे की व्यवस्था जरूर होनी चाहिए ताकि अगर अपराधी या अनधिकृत व्यक्ति आपके घर के भीतर घुसने की कोशिश कर रहा हो, तो उसे आसानी से पहचाना जा सके।
- कुक, आया, ड्राइवर और माली आदि को नियुक्त करते समय उनका पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाना चाहिए।
- फार्म हाउस में घर के भीतरी इलाके में सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम की व्यवस्था रखें और रात को सोने से पहले इससे अपने घर को बंद कर दें। इससे एक ही रिमोट से पूरे घर के सभी दरवाजे लॉक हो जाते हैं, जिन्हें कोई दूसरा बाहर से नहीं खोल सकता।
- आपके घर में इमरजेंसी अलार्म सिस्टम होना चाहिए, जो आपके गार्ड रूम और पड़ोसियों के घर से जुड़ा हो ताकि आकस्मिक स्थिति में जब आप अलार्म का बटन दबाएँ तो लोग आपकी मदद के लिए आ सकें।
- पॉवर बैकअप की भी पूरी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि कभी आकस्मिक रूप से बिजली चली जाए तो आपके घर की सुरक्षा को कोई खतरा पैदा न हो।

# दलिया पुलाव



**सामग्री :** दलिया 1 कटोरी, अंकुरित मूँग 1 कटोरी, चौकोर टुकड़ों में कटा पनीर 50 ग्राम, बींस कटी 1 छोटी कटोरी, गाजर कटी 2, कटी हरीमिर्च 2, कटा टमाटर 1, कटी पालक 1 छोटी कटोरी, कटा फूलगोभी 1 कटोरी, तेल 1 टी स्पून, जीरा 1/4 चम्मच, हल्दी पावडर 1/2 चम्मच, नमक स्वादानुसार।

**विधि :** सूखी कड़ाही में दलिया भूनें। प्रेशर कूकर में तेल गरम करें, जीरा चटकाकर हल्दी पावडर डालें। अब सभी सब्जियाँ व नमक डालकर अच्छी तरह चलाएँ। पानी डालकर कूकर में दो सीटी आने तक पकाएँ। गरमा-गरम दलिया अचार के साथ सर्व करें।

# जहाँ इंसानी रिश्ते सहेजे जाते हैं

हम चाहे जितना रुपया कमा लें, संपत्ति बना लें, दौड़ में थकने के बाद रिश्तों की गरमाहट का संबल सभी के लिए जरूरी हो जाता है। आखिर हमारी समृद्धि कोई देखने वाला तो हो, हमारी प्रसिद्धि की कोई तारीफ करने वाला तो हो... और ये सब हमें तभी मिलेगा, जब हम स्वयं हाथ बढ़ाएँगे छोटे-बड़े रिश्तों को सहेजने को।

**आज** जहाँ आर्थिक विकास की अंधी दौड़ में लोग रिश्तों की अहमियत भूलते जा रहे हैं, रिश्ते अपना महत्व खोते जा रहे हैं, केवल फायदों की राजनीति देखते हुए रिश्ते बनाए या बिगाड़े जा रहे हों, वहाँ कुछ परिवार न केवल रिश्तों को बनाए रखने में यकीन करते हैं, वरन् अपने स्नेह, त्याग व अनथक प्रयासों से भरसक रिश्तों की गरमाहट को सालों सहेजते रहते हैं।

हंसा आठ वर्ष की एक प्यारी-सी बच्ची है। चार वर्ष पहले उसकी माँ की दुर्घटना में मौत हो गई। माँ की मौत के सदमे से एक वर्ष बाद ही उसके पिता भी चल बसे- 'लड़की की जात है- कौन सम्हाले' कहकर करीबी रिश्तेदारों ने हाथ झटक लिए- ऐसे में आगे आई हंसा की माँ की करीबी सहेली जो अविवाहित थी। उसने विधिवत हंसा को गोद ले लिया और अपने बच्चे से भी बढ़कर देखभाल की उसकी। आज हंसा के दिमाग में माँ की स्मृति तक धूमिल हो चुकी है- उसे याद है उसकी नई माँ...

प्रणव के विवाह को पाँच वर्ष हो गए थे। पत्नी की अकाल मृत्यु हो गई। प्रणव के जीवन का एकमात्र सहारा था उसका बेटा 'प्रांशु'। 'सौतेली माँ' की भयावह कल्पना के चलते प्रणव कई वर्षों तक दूसरे विवाह के बारे में सोच भी न पाया। फिर अचानक उसे मीता पसंद आ गई- हालाँकि 'प्रांशु' को लेकर डर अभी भी था। ऐसे में मीता ने सारी परिस्थिति को सहृदयता से समझा, प्रांशु को अपनापन दिया। प्रांशु को ही बेटा मानकर अपनी संतान को जन्म देने का विचार भी उसने त्याग दिया... आज 'प्रांशु' कॉलेज में है और मीता... उसके लिए दुनिया में सबसे अच्छी माँ है।

जैन साहब का दुनिया को देखने का तरीका और भी निराला है। वे इस दुनिया में अकेले हैं, ईश्वर की दया से रुपया और स्वास्थ्य दोनों ही वरदान के रूप में साथ हैं। उनके यहाँ पढ़ने आने वाले बच्चों का 'मेला' लगा रहता है। जैन साहब की सभी रिश्तेदारों से प्रार्थना रहती है कि उनके शहर में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चे उनके घर में ही रहें। रिश्तेदारों को भला क्यों आपत्ति हो, उनके बच्चों को जैन साहब का स्नेह व अनुशासन भरा मार्गदर्शन मिलता है और जैन साहब का अकेलापन दूर हो जाता है। 'दुनिया में आए हैं, तो इतना प्यार बाँटना चाहिए कि आपके जाने के बाद कुछ लोगों की आँखें आपको याद कर बरसती रहें...' जैन साहब के जीवन का ये सीधा-सा समीकरण है, जो उन्हें बुढ़ापे में भी ऊर्जावान बनाता है।

वास्तव में मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और रिश्तों की उसे सतत आवश्यकता होती है! चाहे ये रिश्ते दोस्ती के हों, पहचान के हों या खून के। आजकल नौकरी-व्यापार के सिलसिले में परिवार एक छोर से दूसरे छोर तक बिखरते जा रहे हैं, आपसी संपर्क भी लगभग समाप्त होते जा रहे हैं। ऐसे में अगली पीढ़ी के बच्चे तो शायद अपने रिश्तेदारों-भाई-बहनों से पहचान भी न बना पाएँ... हम चाहे जितना रुपया कमा लें, संपत्ति बना लें, दौड़ में थकने के बाद रिश्तों की गरमाहट का संबल सभी के लिए जरूरी हो जाता है। आखिर हमारी समृद्धि कोई देखने वाला तो हो, हमारी प्रसिद्धि की कोई तारीफ करने वाला तो हो... और ये सब हमें तभी मिलेगा, जब हम स्वयं हाथ बढ़ाएँगे छोटे-बड़े रिश्तों को सहेजने का, उनमें स्नेह-विश्वास को सिंचित करने का... और बड़ा सरल सा उपाय है इन्हें सहेजने का। वह है संपर्क। फिर आज की संचार क्रांति ने तो संपर्क इतना आसान बना दिया है। तो क्यों न हम भी अपनाएँ इसे और ले आएँ रिश्तों में प्रगाढ़ता...।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

## काकुरो पहेली - 1985



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

**काकुरो - 1984 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

एक सखी-मेरे पति प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को भोजन करवाते हैं.

दूसरी- हां बहन, ऐसे देवता स्वरूप लोग होते ही कितने हैं. वैसे वे करते क्या हैं?

पहली सहेली-वे होटल में वेटर हैं.

❑ ❑ ❑

प्रबन्धक-फिलहाल मैं तुम्हें हजार रुपये महीना दे सकता हूँ. छह महीने बाद बारह सौ दूंगा.

प्रत्याशी-ठीक है मैं छह महीने बाद ही आ जाऊंगा.

❑ ❑ ❑

मां ने दूध में डबलरोटी खाने को दी. थोड़ी देर में बालक रोने लगा तब मां ने पूछा, 'क्यों क्या हुआ? रो क्यों रहे हो?'

बालक ने रोते हुए कहा, 'सारा दूध तो डबलरोटी पी गई मैं क्या पिऊं?'

❑ ❑ ❑

अपने पिता के साथ चिड़ियाघर देखते हुए बच्चा शेर के पिंजरे के सामने आकर सोचने लगा. बाप ने कारण पूछा तो बच्चे ने कहा, 'कुछ नहीं पिताजी, मैं सोच रहा था कि अगर शेर ने पिंजरे से निकलकर आपको खा लिया तो मैं कौन से नम्बर की बस में घर जाऊंगा.'

❑ ❑ ❑

पत्नी-तुमने अपना वादा तोड़ दिया.

नेता-कोई बात नहीं जल्दी ही नया वादा कर लूंगा.

## फिल्म वर्ग पहेली- 1985



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, जॉन, हेमा, रानी की फिल्म-३
३. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
५. जैकी, अनिल, शत्रुघ्न, हेमा, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
७. कंवलजीत, वहीदा की फिल्म-३
९. 'झूठी मूठी मितवा सांवन' गीत वाली फिल्म-३
११. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हर इक लब पर है' गीत वाली श्रेयस तलुदे, आयशा टकिया की फिल्म-२
१५. शाहरूख, मनीषा, प्रीति, शिल्पा की फिल्म-२,१
१७. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
१९. 'मुझे तुम याद' गीत वाली फिल्म-३
२०. अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत, किमी की फिल्म-२
२२. 'दिल में जिगर' गीतवाली फिल्म-२
२३. हिंदी फिल्मोंका पहला 'ही-मैन' किसे कहा गया है-४
२४. जीतेंन्द्र, जयप्रदा की एक पारिवारीक फिल्म-१
२५. 'सौ सवालों का' गीत वाली धर्मेन्द्र, अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. अमिताभ, जैकी, जावेद, कैटरीना, मधु, सीमा, जीनत की फिल्म-२
२८. 'जुड़वाँ' में सलमान के साथ करिशमा के अलावा दूसरी नायिका कौन थी-२
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
३१. फिरोज, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'मेरा दिल जिस दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, करीना की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो' गीत वाली दीपक कुमार, रेहाना की फिल्म-३
४. शशिकपूर, राखी की 'आज मदहोश हुआ जाये रे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली मिथुन, कबीर बेदी, संगीता की फिल्म-४
८. बॉबी, काजोल, मनीषा कोइराला की 'मेरे ख्वाबों में तू' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अब चाहे सर फूटे या' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१२. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और तू' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१४. सुनीलदत्त, माला की 'आजा आजा रे तुझको मेरा प्यार' गीत वाली फिल्म-४
१५. 'जान तन से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१६. प्रशांत, संध्या की 'तुम तो प्यार हो सजना' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'खुशी से खुदकुशी' गीत वाली फिल्म-५
२१. सनी, जीतेंन्द्र, फरहा, जयाप्रदा की फिल्म-४
२६. 'आँखों आँखों में हो गए' गीत वाली फिल्म-३
२९. नसीर, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-२
३०. 'रंग दीन्हीं रंग दीन्हीं' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 1984**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पि | या | का | घ | र | ■ | ह | थ | क | ड़ी |
| ता | रा | ■ | रौं | ■ | दो | स्ती | ■ | न्या | ■ |
| ■ | ना | खु | दा | ■ | बा | ■ | अं | दा | ज |
| ह | ■ | श | ■ | कुं | द | न | ■ | न | ■ |
| म | ज | बु | र | ■ | न | ज | र | ■ | म |
| सा | या | ■ | त | ब्बू | ■ | रा | ■ | डॉ | न |
| या | ■ | आ | न | ■ | कि | ना | रा | ■ | च |
| ■ | गै | र | ■ | मै | ला | ■ | म | वा | ली |
| प्या | ■ | पा | पी | ■ | ■ | रा | जा | ■ | ■ |
| सा | ग | र | ■ | रा | खी | ■ | ने | पा | ल |

## सूडोकु -1985

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -1984 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## शब्द पहेली - 1985



**बाएँ से दाएँ**

1. सफल,उत्तीर्ण-4
5. ओस,रजनीजल-4
7. फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना,मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु,चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट,अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण,सम्राट-4
32. गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2. मां,आई,मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता,रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार,जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन,प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19. विलेन,नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम,मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट,अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास,बंधन-2

**शब्द पहेली - 1984 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | ■ | म | ■ | प | र | दा | न | शी |
| पू | ■ | क | ल | श | ■ | छ | बी | ल | ■ | त |
| त | ल | ■ | ■ | व | ■ | ता | ■ | ■ | सा | ल |
| ■ | ल | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह | ■ | व | ■ |
| म | क | ब | रा | ■ | था | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | ■ | ■ | वा | दा | ■ | मा | स | ■ | ■ | ■ |
| ह | म | रा | ही | ■ | पा | ■ | फ | र | मा | न |
| ■ | यू | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | य | ■ |
| ख | र | ■ | ■ | थी | ■ | र | ■ | ■ | का | न |
| प | ■ | ब | र | खा | ■ | ना | र | द | ■ | य |
| त | र | स | खा | ना | ■ | मा | ■ | म | न | न |

## मोतिहारी में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, तीन की मौत

एजेंसी

**मोतिहारी ।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में देर रात एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ये सभी लोग शादी समारोह में भाग लेने जा रहे थे। सभी एक ही परिवार के सदस्य थे। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा घोड़ासहन थाना क्षेत्र के ढाका-घोड़ासहन मुख्य पथ पर महादेवा के समीप हुआ, जहां एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो पेड़ से जा टकराई। इस घटना में वाहन सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि राजेपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले विनोद प्रसाद के पुत्र का विवाह घोड़ासहन के एक मैरिज हॉल में तय था। विनोद प्रसाद अपने चचेरे भाई अनिल प्रसाद और गांव के उपमुखिया गजेंद्र दास के साथ स्कॉर्पियो से बारात में शामिल होने जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, महादेवा के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार गाड़ी को बचाने की कोशिश में स्कॉर्पियो चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सीधे एक पेड़ से जा टकराई। इस घटना में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में विनोद प्रसाद, अनिल प्रसाद और गजेंद्र दास की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद स्कॉर्पियो का चालक फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद घोड़ासहन की पुलिस भी घटनास्थल पर तत्काल पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से सभी लोगों को गाड़ी से निकालकर अस्पताल ले गई, जहाँ चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

## पटना में पुलिस मुठभेड़ में अपराधी को लगी गोली, इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती

**पटना ।** बिहार की राजधानी पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र में पुलिस और अपराधी के बीच हुई मुठभेड़ में एक कुख्यात अपराधी के पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ आपराधिक गिरोह के लोग गायघाट के पास रंगदारी मांगने की नियत से इकट्ठा हुए हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की एक टीम सुबह गायघाट इलाके में पहुंच गई और संबंधित पूरे इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी। खुद को फंसा देख अपराधी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह गिर गया। उसे तुरंत पकड़ लिया गया। घायल अपराधी की पहचान राजीव कुमार उर्फ सूर्या डॉन के रूप में की गई है। पटना (ईस्ट) के पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि घटनास्थल से एक देसी कट्टा, एक जिन्दा कारतूस तथा एक खोखा बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक, सूर्या लंबे समय से वॉन्टेड था और उसके खिलाफ लूट, डकैती, अवैध हथियार, धोखाधड़ी और रंगदारी समेत दो दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं।

## रणवीर सिंह को व्हाट्सएप पर धमकी भरा वॉइस नोट मिला, पुलिस सुरक्षा बढ़ी

**मुंबई।** मुंबई में बॉलीवुड की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। निर्देशक रोहित शेट्टी के जुहू स्थित घर पर फायरिंग की घटना के कुछ दिनों बाद अभिनेता रणवीर सिंह को व्हाट्सएप पर धमकी भरा वॉइस नोट मिला है। अज्ञात नंबर से आए इस मैसेज में कहा गया कि अगर उन्होंने 'हरकतें बंद नहीं कीं' तो उनका हाल भी रोहित शेट्टी जैसा होगा। रणवीर ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, वॉइस नोट को सुरक्षित रखा और फिलहाल कड़ी सुरक्षा के बीच घर पर ही हैं। सूत्रों के अनुसार, वॉइस नोट में हिंदी-मराठी मिश्रित भाषा का इस्तेमाल हुआ है और आवाज किसी बाहरी व्यक्ति की प्रतीत हो रही है। मामले को गंभीर मानते हुए मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। कॉल डिटेल्स, वॉइस सैंपल और टेक्निकल सर्विलांस के जरिए धमकी देने वाले तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। जांच एजेंसियों को आशंका है कि यह धमकी रोहित शेट्टी फायरिंग केस से जुड़ी हो सकती है। उस मामले में कई आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि मुख्य शूटर अभी फरार है और उसके सोशल मीडिया पोस्ट में गैंग का जिक्र सामने आया था। पुलिस को शक है कि रणवीर और रोहित के बीच फिल्मों का पेशेवर जुड़ाव, खासकर एक्शन और गैंगस्टर थीम वाली फिल्मों के कारण, दोनों को एक ही सर्कल से निशाना बनाया गया हो सकता है।

## भारत और सेशेल्स ने हिंद महासागर क्षेत्र में द्विपक्षीय रक्षा संबंध बढ़ाने पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** भारत यात्रा पर आए रिपब्लिक ऑफ सेशेल्स के विदेश मंत्री? जनरल माइकल एंसेलम मार्क रोसेट से रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने नई दिल्ली में मुलाकात की। दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने भारत और सेशेल्स के बीच बढ़ते रक्षा और सुरक्षा सहयोग की समीक्षा करने के साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा में योगदान देने और द्विपक्षीय रिश्ते बढ़ाने पर जोर दिया। दोनों पक्षों ने भारत और सेशेल्स के सशस्त्र बलों के बीच होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास 'लामित्ये' और क्षमता निर्माण पहल का भी स्वागत किया और संबंध मजबूत करने पर सहमत हुए। वार्ता के दौरान प्रशिक्षण, हाइड्रोग्राफी, जहाजों और एयरक्राफ्ट विजिट्स, डिफेंस डेलीगेशन विजिट्स और मैरीटाइम सिक्योरिटी के फील्ड में कोऑपरेशन पर भी चर्चा हुई। रक्षा सचिव ने अंतरराष्ट्रीय बेड़े की समीक्षा के साथ-साथ अगले हफ्ते विशाखापट्टनम में होने वाले समुद्री अभ्यास 'मिलन' में सेशेल्स की तरफ से हिस्सा लेने का स्वागत किया।

## केंद्रीय मंत्री जाधव से मिले मप्र के आयुष मंत्री, उज्जैन में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना के लिए किया आग्रह

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के उच्च, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान मंत्री परमार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई घोषणा के तारतम्य में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA) की उज्जैन में स्थापना के लिए केंद्रीय आयुष मंत्री से अनुरोध किया।

मप्र के आयुष मंत्री परमार ने मुलाकात के दौरान केन्द्रीय मंत्री जाधव को प्रदेश में संचालित आयुष विभाग अंतर्गत समस्त गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने प्रदेश के लिए दो नवीन आयुर्वेद महाविद्यालयों एवं एक होम्योपैथी महाविद्यालय की स्थापना, प्रदेश में वैलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पांच अन्य केंद्रों की स्थापना



एवं टीकमगढ़ में 50 बिस्तरीय चिकित्सालय की स्थापना के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए भी आग्रह किया।

इस दौरान केंद्रीय आयुष मंत्री जाधव ने मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत हुई गतिविधियों की सराहना की। मंत्री परमार के नेतृत्व में पहुंची आयुष विभाग की टीम ने केंद्रीय मंत्री जाधव से प्रदेश में आयुष अन्तर्गत संचालित गतिविधियों के अवलोकन के लिए आमंत्रित भी किया। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने प्रदेश को अधिकतम वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने के लिए आश्वस्त भी किया। इस अवसर पर आयुष विभाग के प्रमुख सचिव शोभित जैन भी उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि पिछले दो वर्ष में प्रदेश सरकार द्वारा 8 नवीन आयुर्वेद महाविद्यालय स्थापित किया जा रहे हैं, इनमें से 7 आयुर्वेद महाविद्यालयों का वित्तीय पोषण, भारत सरकार अंतर्गत राष्ट्रीय आयुष मिशन से प्राप्त हुआ है। इसके साथ प्रदेश के लिए खजुराहो में योग संस्थान स्थापित किए जाने और नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड के अंतर्गत प्रदेश के एकलव्य स्कूलों में पोषण वाटिका स्थापित किए जाने के लिए भी केंद्रीय वित्तीय सहायता का अनुरोध किया गया।

## सीबीआई ने अमेरिका से वांछित आरोपित सोमवीर मोटा का किया प्रत्यर्पण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अमेरिका से वांछित आरोपित सोमवीर मोटा का प्रत्यर्पण किया। सीबीआई के अनुसार, मोटा हरियाणा पुलिस का हत्या और आग्नेयास्त्र के इस्तेमाल से जुड़े मामले में वांछित था। आरोपित को अमेरिका से भारत लाया गया। उसके बाद हरियाणा पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई ने बताया कि हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर 11 फरवरी को इंटरपोल के माध्यम से सोमवीर मोटा के खिलाफ रेड नोटिस जारी कराया गया था। इसके बाद सीबीआई ने इंटरपोल के नेशनल सेंट्रल ब्यूरो वाशिंगटन के साथ लगातार समन्वय कर आरोपित की पहचान, लोकेशन और प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी कराई। सीबीआई के मुताबिक, इंटरपोल द्वारा जारी रेड नोटिस विश्वभर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को वांछित अपराधियों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए सतर्क करता है।



## प्रभावित राज्यों में फाइलेरिया को खत्म करने के लिए वार्षिक दवा वितरण अभियान की शुरुआत

रफ़्तार हेडलाइन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने देश के 12 फाइलेरिया प्रभावित राज्यों में फाइलेरिया (हाथीपांव) को खत्म करने के लिए वार्षिक दवा वितरण अभियान की शुरुआत की। यह अभियान वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों और अधिकारियों की मौजूदगी में शुरू किया गया। इस अवसर पर जेपी नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का लक्ष्य 2027 तक भारत को फाइलेरिया मुक्त बनाना है, जोकि वैश्विक लक्ष्य 2030 से पहले है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों से फैलने वाली बीमारी है, जो शरीर की लसीका प्रणाली (लिम्फोसाइट्स')को नुकसान पहुंचाती है और लंबे समय तक विकलांगता, दर्द और सामाजिक भेदभाव का कारण बनती है।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या नहीं है बल्कि इससे लोगों की रोज़ी-रोटी और सामाजिक जीवन भी प्रभावित होता है, ऐसे में इसका खत्म होना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि देश के 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 348 जिलों में फाइलेरिया फैला हुआ है। इनमें से कई जिलों में दवा वितरण



अभियान सफल रहा है, लेकिन अभी भी कई जगहों पर यह जारी है। अब तक लाखों लोग हाथीपांव और हाइड्रोसील जैसी बीमारियों से प्रभावित हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि दवा का सही तरीके से सेवन और लोगों को इसके लिए तैयार करना सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए जन-जागरूकता, समुदाय की भागीदारी और भरोसा बनाना जरूरी है। पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय नेताओं से भी सहयोग की अपील की गई। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर बीमारी की पहचान और इलाज में अहम भूमिका निभा सकते हैं। हाइड्रोसील की सर्जरी को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया गया है ताकि मरीजों को मुफ्त इलाज मिल सके।

सरकार ने अब साल में दो बार की जगह साल में एक बार दवा वितरण अभियान चलाने का फैसला किया है, जिससे काम आसान होगा और निगरानी बेहतर हो सकेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार, समाज और सभी विभागों के मिलकर काम करने से ही 2027 तक फाइलेरिया मुक्त भारत का सपना पूरा हो सकता है।

## भारतीय वायु सेना और थाईलैंड का वायु अभ्यास, आकाश में सुखोई व ग्रिपेन ने दिखाई ताकत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना और थाईलैंड की रॉयल थाई एयर फोर्स ने एक बेहद महत्वपूर्ण संयुक्त वायु अभ्यास प्रारंभ किया है। दोनों देशों के इस वायु अभ्यास में आधुनिक लड़ाकू विमान, निगरानी विमान व लड़ाकू विमानों को सपोर्ट देने वाले विमान हवा में अपनी ताकत दिखा रहे हैं। भारतीय वायुसेना के मुताबिक यह अभ्यास दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच संचालनात्मक समन्वय और इंटरऑपरेबिलिटी को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय वायु सेना की ओर से इस अभ्यास में सुखोई-30एमकेआई फाइटर जेट, एयरबॉर्न वॉर्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम (एडब्लूएसीएस) और आईएल-78 रिफ्यूलिंग विमान हिस्सा ले रहे हैं। वहीं, थाईलैंड की रॉयल थाई एयर फोर्स के ग्रिपेन लड़ाकू विमान भी इसमें भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को और मजबूत करना, आपसी सामरिक समझ बढ़ाना और क्षेत्रीय सुरक्षा व सामरिक तालमेल को बढ़ावा देना है। दोनों देशों की वायुसेनाओं के बीच यह संयुक्त अभ्यास न केवल दोनों वायु सेनाओं की क्षमता और दक्षता को बढ़ाता है, बल्कि भारत-थाईलैंड रक्षा सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का अवसर भी प्रदान करता



है।रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह के अभ्यास क्षेत्रीय स्थिरता और सामरिक सहयोग को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। साथ ही ये अभ्यास दोनों देशों की रक्षा तैयारियों को वास्तविक परिस्थितियों में परखने का मौका देते हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भारत और थाईलैंड की सेनाएं संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मैत्री' को अंजाम दे चुकी हैं। वह संयुक्त सैन्य अभ्यास मेघालय के उमरोई में आयोजित किया गया था। एक जटिल अभ्यास के तहत यहां बस को अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराने का प्रशिक्षण दिया गया था। बंधकों की मुक्ति के लिए सैन्य हस्तक्षेप अभियान चलाए गए। आतंकियों के कब्जे वाले कमरों में प्रवेश कर खतरों का खात्मा करने का अभ्यास भी दोनों देशों की सेनाओं द्वारा किया गया। जवानों ने रॉक क्राफ्ट ट्रेनिंग की जिसके तहत दुर्गम स्थानों पर चढ़ाई का अभ्यास किया गया। जंगल सर्वाइवल ड्रिल्स में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में जीवित रहने और संचालन की क्षमता विकसित करने के गुर सिखाए गए थे।वहीं भारतीय नौसेना की दक्षिणी नौसैनिक कमान से समुद्र-विज्ञान अनुसंधान पोत आईएनएस सागरध्वनि बीते दिनों थाईलैंड गया था।

## दिल्ली-एनसीआर में लोगों के लापता होने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी किया

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी में बड़ी संख्या में लोगों के लापता होने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस और एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) को भी नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। हाईकोर्ट में एक पीआईएल फाइल की गई, जिसमें 2026 के पहले 15 दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में 800 से ज्यादा लोगों के गायब होने पर कार्रवाई की मांग की गई। बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा कि लापता लोगों को लेकर दो तरह के नैरेटिव मीडिया में चल रहे हैं। हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस, भारत सरकार, दिल्ली सरकार और एनसीआरबी से मामले में जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने यह भी पूछा है कि क्या इसी तरह का कोई मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। मामले की अगली




सुनवाई 18 फरवरी को होगी। पिछले दिनों एक रिपोर्ट में राजधानी दिल्ली में सिर्फ 15 दिनों में 800 से ज्यादा लोग गायब होने का दावा किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 191 नाबालिग और 616 वयस्क शामिल थे। आंकड़ों के अनुसार अब तक 235 लोगों का पता लगाया जा चुका है, जबकि 572 लोग अभी भी लापता बताए गए हैं। विपक्षी दल आम आदमी पार्टी ने भी इस दावे का समर्थन किया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'देश की राजधानी दिल्ली में पिछले 15 दिनों में 800 से अधिक लोग गायब हो गए हैं, इसमें से ज्यादातर बच्चियां हैं। आपके बच्चों की सुरक्षा करने में सरकार के चारों इंजन फेल हो गए हैं, इसलिए अपना और अपने बच्चों का ध्यान रखें। आपके बच्चों की सुरक्षा करने में सरकार के चारों इंजन फेल हो गए हैं, इसलिए अपना और अपने बच्चों का ध्यान रखें। '6 फरवरी को दिल्ली पुलिस ने रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि आंकड़ों को गलत तरीके से पेश कर लोगों में डर फैलाया जा रहा है। पुलिस ने चेतावनी दी थी कि जो लोग जानबूझकर भ्रामक जानकारी फैलाकर दहशत का माहौल बना रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, 9 फरवरी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया था। एनएचआरसी ने कहा कि अगर यह रिपोर्ट सही है, तो यह गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का मामला बनता है। इसी को ध्यान में रखते हुए आयोग ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव और दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर दो हफ्तों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

## सदन में अराजकता फैलाने की साजिश कर रही कांग्रेस : दिलीप जायसवाल

एजेंसी

**पटना ।** बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने विभिन्न मुद्दों पर बयान दिया और कांग्रेस सहित कई दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा और राज्यसभा में असंवैधानिक तरीके से अराजकता फैलाने की साजिश कर रही है। दिलीप जायसवाल ने आईएएनएस से कहा, 'पूरा देश देख रहा है कि जब जनता आपको नकार देती है, तो आप सरकार को अस्थिर करने के लिए ऐसे असंवैधानिक कदम उठाते हैं। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर जायसवाल ने सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'अब बिहार में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं होगी। अपराधियों को या तो सुधरना होगा या राज्य छोड़ना होगा। और जो लोग अपराधियों को शरण देते हैं (चाहे वे नेता हों या तथाकथित समाज के अगुवा), वे भी उन्हें बचा नहीं पाएंगे। बिहार अब अपराध बर्दाश्त नहीं करेगा। '

जनता उन्नयन पार्टी के अध्यक्ष हुमायूं कबीर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि देश में कुछ विभाजनकारी ताकतें हैं, जिनका उद्देश्य माहौल बिगाड़ना है। यह बाबर का देश नहीं, सनातन धर्म की शाश्वत भूमि है। जो लोग ऐसे काम करते हैं, वे विभाजनकारी ताकतें हैं। सीएम योगी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए हुमायूं कबीर ने कहा था, 'यह बंगाल है, यूपी नहीं।'

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के बिहार दौरे को लेकर उन्होंने कहा, 'यह गर्व की बात है कि 45 वर्ष की उम्र में बिहार का बेटा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टियों में से एक का राष्ट्रीय अध्यक्ष है। वे बिहार विधानसभा के सदस्य भी हैं। यह पूरे राज्य के लिए सम्मान की बात है।

## भगवंत यूनिवर्सिटी में करंट लगने से विदेशी छात्र की मौत

एजेंसी

**अजमेर।** अजमेर के भगवंत यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले विदेशी छात्र की करंट लगने से मौत हो गई। शव को पुलिस ने जेएलएन अस्पताल की मॉर्चरी में रखवाया है। परिजनों के आने या परिजनों की ओर से एम्बेसी के जरिए सहमति पत्र भेजे जाने के बाद छात्र का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। कृष्णगंज पुलिस थाना के एसएचओ अरविंद सिंह चारण ने बताया कि छात्र मोहम्मद ईलमुतसिर 22 कोस्टी, सूडान का रहने वाला था। वह यूनिवर्सिटी में बैचलर आफ फॉर्मेसी बी फार्मा के सेकंड इयर में पढ़ रहा था। वह अजमेर में जनाना अस्पताल रोड स्थित अरावली होम्स 2 फ्लैट नंबर 106 में रहता था। छात्र 11 बजे बाथरूम में रॉड लगाकर बाल्टी में पानी गर्म कर रहा था। उससे छात्र को करंट लग गया। उसकी चीख सुनकर उसके अन्य साथी वहां पहुंचे। छात्र को अचेत हालात में वे जनाना अस्पताल ले गए। जहां स्टाफ ने महिला अस्पताल होने का हवाला देकर दूसरे हॉस्पिटल ले जाने को कहा।

## चुनाव आयोग तमिलनाडु और पुडुचेरी में मतदाताओं को जागरुक करने के लिए करेगा एआई का इस्तेमाल

एजेंसी

**चेन्नई।** भारतीय निर्वाचन आयोग तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी समेत चार राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को जागरुक करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करेगा। जानकारी सामने आई है कि निर्वाचन आयोग ने मीडिया एजेंसियों, क्रिएटिव प्रोफेशनल्स और लोगों को एआई से बने अवेयरनेस वीडियो बनाने के लिए बुलाया है, जो खास इलेक्शन थीम पर फोकस करेंगे। इनमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का काम करना, वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट), एथिकल वोटिंग प्रैक्टिस और बिना किसी डर या लालच के इलेक्शन में हिस्सा लेने की अहमियत शामिल है। यह कैंपेन व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) प्रोग्राम के तहत चलाया जाएगा, जो चुनाव आयोग का सबसे बड़ा मतदाता संपर्क प्लेटफॉर्म है। पहले स्वीप कंटेंट में मीडिया हाउस की बनाई छोटी फिल्में, जिंगल, गाने और जानकारी देने वाले विज्ञापन शामिल होते थे। हालांकि, यह पहली बार है जब चुनाव आयोग ने मतदाता शिक्षा सामग्री बनाने के लिए एआई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को आधिकारिक तौर पर बढ़ावा दिया है। एक आधिकारिक




नोटिफिकेशन के अनुसार, सभी एआई-आधारित वीडियो बातचीत वाले और आसानी से समझ में आने वाले फॉर्मेट में होने चाहिए। एजेंसियों या लोगों की ओर से सबमिट की गई स्क्रिप्ट की जांच की जाएगी और प्रोडक्शन शुरू होने से पहले इलेक्शन डिपार्टमेंट उन्हें मंजूरी देगा। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त गाइडलाइंस भी जारी की हैं कि कंटेंट पूरी तरह से गैर-राजनीतिक, न्यूट्रल और बिना किसी भेदभाव के रहे। वीडियो तमिल या अंग्रेजी में बनाए जा सकते हैं। तमिल भाषा के प्रोडक्शन में ज्यादा लोगों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इंग्लिश सबटाइटल होने चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि हर मंजूर वीडियो प्रोजेक्ट को 50 हजार रुपए की फाइनेंशियल मदद मिलेगी।

एआई से चलने वाले कंटेंट के अलावा सेलिब्रिटी वाले मतदाता जागरुकता वाले वीडियो भी रिलीज करने का प्लान है।फाइनल प्रोडक्शन मूवी थिएटर, टेलीविजन चैनल और सोशल मीडिया जैसे कई प्लेटफॉर्म पर दिखाने के लिए अनुकूल होने चाहिए। चुनाव अधिकारियों का मानना है कि मतदाताओं को जागरुक करने में एआई को इंटीग्रेट करने से मैसेज ज्यादा असरदार बनेंगे और यह देशभर में जानकारी के साथ चुनाव में हिस्सा लेने को बढ़ावा देने के मकसद से यह एक भारतीय स्टाइल के बिना किसी पार्टी के 'वोट के लिए बाहर निकलो' कैंपेन की शुरुआत हो सकती है।

## संसद में बोले नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल, राजस्थान को मिले विशेष राज्य का दर्जा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने जहां बजट में राजस्थान की अनदेखी का आरोप सरकार पर लगाया। वहीं कहा कि यह बजट देश के गरीब, किसान, मजदूर, युवा और मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा नहीं उतरता है। उन्होंने कहा कि सरकार हर साल 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देती है, लेकिन लगातार हम इस सरकार के बजट को देख रहे हैं उससे यह प्रतीत हो गया है कि बजट कुछ गिने-चुने कॉरपोरेट घरानों का बजट बनकर रह गया है, आम जनता का नहीं। सांसद ने कहा कि देश ने बहुस्तरीय कर का ढांचा है उससे नागरिको की वास्तविक आय और बचत को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है, बावजूद इसके बजट में सरकार ने उच्च और बहु- कराधान की प्रणाली में सुधार करने का कोई ठोस रोड़ मेप नहीं बताया है। सांसद ने कहा कि यह बजट अमीर-गरीब की खाई बढ़ाने



वाला बजट है क्योंकि कॉरपोरेट सेक्टर को तो सरकार रियायतें दे रही है लेकिन आम नागरिक पर अप्रत्यक्ष करों का बोझ डाला जा रहा वहीं आर्थिक असमानता कम करने के लिए कोई ठोस विजन केंद्र के पास नहीं है। नागौर सांसद ने कहाकि देश आज भी महंगाई की मार झेल रहा है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य पदार्थों और दवाइयों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, सोने और चांदी के भाव देखकर लग रहा है की सरकार का इन पर कोई नियंत्रण ही नहीं रहा लेकिन इन तमाम हालातों के बावजूद इस बजट में महंगाई से राहत देने का कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। उन्होंने पेट्रोल- डीजल ,घरेलू गैस की कीमतों को कम करने व महंगाई पर नियंत्रण के ठोस धरातलीय प्रयास करने की मांग की। साथ ही एमएसपी पर खरीद को कानूनी गारंटी देने की मांग करते हुए कहा कि कृषि लागत बढ़ रही है, खाद-बीज महंगे हो रहे हैं, लेकिन किसानों की आय दोगुनी करने का वादा फिर एक जुमला बनकर रह गया है। उन्होंने राजस्थान सहित देश के किसानों की सम्पूर्ण कर्ज माफी की मांग फिर से सदन में उठाई। सांसद ने बेरोजगारी पर कहा देश का युवा आज सबसे बड़ा सवाल पूछ रहा है - नौकरी कहाँ है, इस बजट में रोजगार सृजन के लिए कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, भर्ती में देरी और खाली पड़े लाखों सरकारी पदों पर सरकार की चुप्पी युवाओं के साथ अन्याय है, एसएससी जैसी परीक्षाओ में हुई अनियमितताओं पर सरकार ने चुपी साध ली जो दुर्भाग्यपूर्ण है। देश में करोड़ों युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। सरकारी विभागों में लाखों पद खाली हैं, लेकिन उन्हें भरने की कोई समयबद्ध योजना इस बजट में नहीं है। स्टार्टअप और स्किल की बातें जरूर की गईं, लेकिन स्थायी रोजगार कैसे मिलेगा।

## भारत टैक्सी में न प्लेटफॉर्म शुल्क, न कमीशन, पूरी कमाई सारथी की : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बताया कि सारथी की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया सहकारी राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म 'भारत टैक्सी' निजी एग्रीगेटर मॉडलों से बिल्कुल अलग है। इसमें सारथी से कोई प्लेटफॉर्म शुल्क या कमीशन नहीं लिया जाता और यात्रा से होने वाली पूरी कमाई सीधे सारथी को मिलती है। अमित शाह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि भारत टैक्सी-सारथी (ड्राइवरों) के हितों को सर्वोपरि रखते हुए तैयार किया गया प्लेटफॉर्म है। यह देश का पहला सहकारी आधारित राइड-हेलिंग ऐप है जो शून्य कमीशन मॉडल पर संचालित हो रहा है। इस प्लेटफॉर्म पर न तो सारथी से कोई प्लेटफॉर्म फीस ली जाती है और न ही यात्रियों से कोई सुविधा शुल्क वसूला जाता है। इससे सारथी की आय में सीधा और स्थायी लाभ सुनिश्चित होता है। उन्होंने बताया कि भारत टैक्सी को बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत किया गया है। यह सारथी को केवल सेवा प्रदाता नहीं बल्कि सहकारी संस्था का सदस्य और लाभ का भागीदार बनाता है। प्लेटफॉर्म से होने वाला लाभ निवेशकों को नहीं, बल्कि सीधे सारथियों में वितरित किया जाता है। शाह ने बताया कि वर्तमान में भारत टैक्सी दिल्ली-एनसीआर और गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट, सोमनाथ और द्वारका में संचालित है। ऐप पर 990,082 पंजीकृत ग्राहक और 3 लाख से अधिक पंजीकृत सारथी हैं, जिन्होंने 2,91,665 राइड पूरी की हैं। सरकार का लक्ष्य 2029 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में इसका विस्तार करना है। उन्होंने बताया कि सारथी की सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्लेटफॉर्म पर स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, रिटायरमेंट सेविंग और 24×7 ड्राइवर सपोर्ट सिस्टम की सुविधा दी जा रही है। दिल्ली में सात स्थानों पर सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां सारथी को प्रत्यक्ष सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि भारत टैक्सी सारथी को किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर काम करने की पूरी स्वतंत्रता भी देता है, जिससे उन पर किसी प्रकार की एक्सक्लूसिव बाध्यता नहीं रहती। साथ ही, आपात स्थिति में त्वरित सहायता और सत्यापित राइड डेटा उपलब्ध कराकर सारथी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। महिला सारथी को आगे लाने के लिए 'बाइक दीदी' जैसी पहल के तहत अब तक 150 से अधिक महिलाएं भारत टैक्सी से जुड़ चुकी हैं, जो आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम है।

# टी20 विश्वकप : नामीबिया के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम गुरूवार को नामीबिया के खिलाफ ग्रुप ए के टी20 विश्वकप मुकाबले में बड़ी जीत के साथ ही लय हासिल करने उतरेगी। भारतीय टीम को अपने पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा था। वहीं इस मैच में उसका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर आसान जीत हासिल करना रहेगा। इस बार कमजोर टीमों ने भी सभी को हैरान किया है इसलिए भारतीय इस मुकाबले को हल्के में नहीं लेगी। भारतीय टीम को इसके बाद पाकिस्तान से भी खेलना है। ऐसे में इस मैच से उसे अभ्यास को भी अच्छा अवसर मिलेगा।

भारतीय टीम को पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ कप्तान सूर्यकुमार यादव की पारी से जीत मिली थी पर इस मैच में सभी अन्य बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना पड़ेगा। भारतीय टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की तबियत ठीक नहीं है और इस कारण वह इस मैच में नहीं खेलेंगे। ऐसे में ईशान किशन और संजू सैमसन पारी की शुरआत कर सकते हैं। इसस मैच में रिंकू सिंह और अक्षर पटेल को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी में भी भारतीय टीम को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की इस मैच में वापसी तय है। ऐसे में अलावा मोहम्मद सिराज या अर्शदीप सिंह में से किसी को बाहर बैठना होगा। वहीं दूसरी ओर नामीबिया को शुरू से ही आक्रामक होना होगा और स्ट्राइक रोटेट करनी होगी, और ऐसी साझेदारी बनानी होगी जिससे वे एक बड़ा स्कोर बना सकें या उसका पीछा कर सकें। उनके गेंदबाजों के लिए भारतीय बल्लेबाजों को रोकना बेहद कठिन हरेगा।

### भारत अंतिम ग्यारह

सूर्यकुमार यादव (कप्तान),इशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती।

# सचिन ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर बेटे अर्जुन की शादी का निमंत्रण दिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने आज अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अपने बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर उनकी होने वाली बहू सानिया चंडोक भी साथ में थीं। इस मुलाकात की तस्वीरें स्वयं सचिन ने सोशल मीडिया पर साझा कीं हैं।

सचिन ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात की तस्वीरें जारी करते हुए इसे परिवार के लिए सम्मान की बात बताया। उन्होंने लिखा कि अर्जुन और सानिया की शादी का आमंत्रण प्रधानमंत्री को देकर पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सचिन ने युवा जोड़े के लिए प्रधानमंत्री के आशीर्वाद और उनकी सलाह के लिए भी आभार जताया। पोस्ट में पूरे परिवार के साथ प्रधानमंत्री की तस्वीरें और अर्जुन-सानिया के साथ एक विशेष तस्वीर भी शामिल थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्जुन और सानिया की शादी से जुड़े कार्यक्रम मार्च के पहले हफ्ते में शुरू होंगे। शादी की रस्में 3 मार्च से शुरू होने की संभावना है, जबकि 5 मार्च को विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। शादी में केवल परिवार के करीबी सदस्य और दोस्त ही शामिल होंगे। समारोह मुंबई में आयोजित किए जाने की चर्चा है। सानिया मुंबई के जाने-माने कारोबारी रवि घई की पोती हैं। सानिया ने अपनी पेशेवर पहचान खुद बनाई है और कारोबार व शिक्षा दोनों क्षेत्रों में सक्रिय रही हैं। इस दंपत्ति ने पिछले साल अगस्त में बेहद निजी समारोह में सगाई की थी, जिसमें केवल करीबी लोग मौजूद थे। वहीं अर्जुन सचिन तेंदुलकर आईपीएल के अलावा घरेलू क्रिकेट में गोवा से खेलते हैं।

# ज़म्पा और एलिस के 'चक्रव्यूह' में फंसा आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया की 67 रनों से बड़ी जीत




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड पर शानदार जीत दर्ज की और मेहमान टीम को मात्र 115 रनों पर रोककर 67 रनों से विजयी रही। अनुशासित गेंदबाजी और बल्लेबाजों के महत्वपूर्ण योगदान के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने शुरू से अंत तक मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और अपने अभियान की मजबूत शुरुआत की। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग संभावित रूप से हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण सिर्फ एक रन बनाकर संन्यास ले लिया। दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हैरी टेक्टर तीन गेंदों में शून्य पर आउट हो गए।

तीसरे ओवर में तेज गेंदबाज नाथन एलिस द्वारा आउट किए जाने के बाद सलामी बल्लेबाज रॉस एडायर 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलिया ने शानदार शुरुआत की और आयरलैंड का स्कोर 13/2 हो गया। कर्टिस कैम्फर (4), बेंजामिन कैलिट्ज़ (2) और गैरेथ डेलानी (11) के विकेट गिरने के बाद आयरलैंड ने जल्दी-जल्दी तीन विकेट गंवा दिए और सातवें ओवर के अंत तक आयरलैंड का स्कोर 43/5 हो गया।

लोरकान टकर और जॉर्ज डॉकरेल ने 46 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, लेकिन 14वें ओवर में एडम ज़म्पा ने टकर को 24 रन पर आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने निचले क्रम के सभी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर 67 रनों से जीत हासिल की और टी20 विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस (4/12) और एडम ज़म्पा (4/23) ने चार-चार विकेट लिए। मैथ्यू कुहनेमैन (1/29) भी विकेट लेने वालों में शामिल थे। इससे पहले, मार्कस स्टोइनिस की जुझारू पारी, जिसमें जोश इंग्लिस और मैट रेनशॉ का महत्वपूर्ण योगदान रहा, ने ऑस्ट्रेलिया को 182/6 के स्कोर तक पहुँचाया। स्टोइनिस अपनी टीम के लिए 29 गेंदों में 45 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि इंग्लिस और रेनशॉ ने 37-37 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना। हेड और जोश इंग्लिस ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी की शुरुआत की। हेड पहले ओवर में चौका लगाने के बाद दूसरे ओवर में छह रन बनाकर रन आउट हो गए। पहले ओवर में पांचवीं गेंद पर कैलिट्ज़ ने पॉइंट पर उनका कैच छोड़ दिया था। इंग्लिस और कैमरन ग्रीन ने तेजी से रन बनाना शुरू किया और दोनों ने आयरिश गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। ग्रीन ने 11 गेंदों में 21 रन बनाकर तेज शुरुआत की, लेकिन इसे बड़े स्कोर में नहीं बदल सके क्योंकि पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर मार्क एडायर ने मिड-विकेट पर उन्हें आउट कर दिया।

# टी20 वर्ल्ड कप: दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे सुपर ओवर में हासिल की जीत

**–4 रनों से हारा अफगानिस्तान**



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने यहां हुए बेहद रोमांचक आईसीसी टी20 विश्व कप मुकाबले में अफगानिस्तान को दूसरे सुपर ओवर में चार रनों से हरा दिया। इस प्रकार अफगान टीम जीत के करीब आकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी। इस मैच में जीत के लिए मिले 188 रनों का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को आखिरी ओवर में जीत के लिए 13 रन चाहिए थे पर मैच टाई रहा। इसके बाद सुपर ओवर में अफगानिस्तान ने 17 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने भी ओवर की अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर मैच टाई कर दिया। इसके बाद दूसरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने 23 रन बजाया जिसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम 19 रन ही बना सकी और मुकाबला मुकाबला हार गयी।

इससे पहले - क्विंटन डिकॉक और रयान रिकल्टन के अर्धशतकों से दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 187 रन बनाए हैं। । इस मैच में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान एडन मार्करम 8 गेंद पर 5 रन बनाकर शुरुआत में ही फजलहक फारुखी की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद डिकॉक और रिकल्टन ने जबरदस्त बल्लेबाजी कर पारी को संभाला।

डिकॉक और रिकल्टन ने दूसरे विकेट के लिए 114 रन बनाये। इसके बाद अफगान टीम के कप्तान राशिद खान ने डिकॉक और रिकल्टन को एक ही ओवर में आउट कर दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बना दिया।

डिकॉक ने 41 गेंदों पर 3 छक्कों और 5 चौकों की सहायता से 59 रन बनाये जबकि रिकल्टन ने 28 गेंद पर 4 छक्कों और 5 चौकों की सहायता से 61 रन बनाये। डेवाल्ड ब्रेविस ने 23 रन बनाये। ट्रिस्टन स्टब्स केवल एक रन ही बना पाये।

डेविड मिलर ने अंत में 15 गेंद पर 20 रन और मार्कों जानसेन ने 7 गेंद पर 16 रन बनाकर पारी को 187 तक पहुंचाया।

अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान ने 28 रन देकर 2 विकेट जबकि फजलहक फारुखी ने 4 ओवर में 32 रन देकर 1 विकेट लिया। अजमतुल्ला ओमरजाई ने 41 रन देकर 3 खिलाड़ियों को आउट किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की ओर से सलामी बल?लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने अर्धशतक लगाया। गुरबाज ने 84 रन बनायसे। अपनी इस पारी में उन्होंने 7 छक्के और 4 चौके लगाए। ओपनर इब्राहिम जादरान ने 12 रन लगाए। मध्य क्रम में किसी भी बैटर का बल्ला नहीं चला।

गुलबदीन नायब और सिद्दीकुल्लाह अटल का खाता तक नहीं खुला। दरविश रसूली 15 के स?कोर पर रन आउट हुए। अजमतुल्लाह उमरजई ने 22, मोहम्मद नबी ने 5 और राशिद खान ने 12 गेंदों पर 20 रन जड़े। मुजीब उर रहमान भी बिना कोई रन बनाए वापस लौटे। नूर अहमद ने 9 गेंदों पर 15 रन जड़कर मुकाबले को सुपर ओवर में पहुंचा दिया। इस दौरान नूर ने 2 सिक्स लगाए।

# अभिषेक शर्मा को अस्पताल से मिली छुट्टी

नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट ओपनर अभिषेक शर्मा को पेट में संक्रमण के कारण दो दिन अस्पताल में रहने के बाद छुट्टी मिल गई है लेकिन नामीबिया के खिलाफ गुरुवार को होने वाले टी20 वर्ल्ड कप मैच में उनका खेलना अभी तय नहीं है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय क्रिकेटर तिलक वर्मा ने कहा कि अभिषेक के खेलने को लेकर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। तिलक वर्मा ने पत्रकारों से कहा, 'अभिषेक को आज अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। कल के मैच में उसके खेलने पर फैसला लेने के लिए अभी समय है।अभिषेक अमेरिका के खिलाफ शनिवार को मुंबई में खेले गए पहले मैच में पहली गेंद पर आउट हो गए थे और इसके बाद उन्होंने मैच में आगे हिस्सा नहीं लिया था।उनकी जगह संजू सैमसन ने फीलिंडग की थी। माना जा रहा है कि मैच के दौरान उनकी तबीयत खराब थी और दिल्ली पहुंचने के बाद और बिगड़ गई।



# अर्शदीप नामीबिया के खिलाफ 4 विकेट लेते ही तोड़ देंगे अश्विन का रिकार्ड




नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ होने वाले टी20 विश्वकप मुकाबले में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। अर्शदीप इस मैच में अगर चार विकेट लेते हैं तो वह दिग्गज स्पिनर आर अश्विन के भारत की ओर से विश्वकप में सबसे अधिक 32 विकेट लेने का रिकार्ड तोड़ देंगे। अभी अर्शदीप के नाम 29 विकेट हैं। अर्शदीप ने अब तक 15 टी20 विश्व कप मैच खेले हैं, जिनमें 29 विकेट लिए हैं। अर्शदीप ने 2022 में पहली बार टी20 विश्व कप खेला था। इसके बाद 2024 में वह विजेता टीम का हिस्सा रहे और अब अपना तीसरा टी20 विश्व कप खेल रहे हैं। टी20 विश्व कप में भारत के सबसे सफल गेंदबाज अश्विन रहे हैं। अश्विन ने 24 मैचों में 32 विकेट लिए हैं। वहीं ओवरऑल गेंदबाजों की सूची में अर्शदीप 19वें स्थान पर और अश्विन 13वें स्थान पर हैं। साल 2007 से खेले जा रहे टी20 विश्व कप में अभी तक शीर्ष पांच में एक भी भारतीय गेंदबाज शामिल नहीं है। विश्वकप में भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर जसप्रीत बुमराह हैं। बुमराह ने कुल 26 विकेट लिए हैं।

# टी20 विश्व कप बहिष्कार का फैसला बांग्लादेश सरकार का नहीं क्रिकेट बोर्ड का था : नजरुल






**ढ़ाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा है कि टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट के बहिष्कार में सरकार की कोई भूमिका नहीं थी और ये फैसला पूरी तरह से क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने लिया था। इससे पहले बीसीबी ने कहा था कि वह सुरक्षा कारणों से भारत में विश्वकप नहीं खेलेगा। जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उसकी जगह पर स्काटलैंड को शामिल कर लिया। तब उस समय कहा जा रहा था कि टी20 विश्व कप में भाग नहीं लेने की बात सरकार ने कही थी और इसलिए बीसीबी ने नहीं खेलने का फैसला किया। वहीं अब खेल सलाहकार के अनुसार ये फैसला क्रिकेट बोर्ड और उनके खिलाड़ियों का था। उन्होंने राष्ट्र के सम्मान के लिए विश्व कप तक को छोड़ दिया।

वहीं गत माह जनवरी में खिलाड़ियों से मिलने के बाद, नजरुल ने साफ कहा था कि बांग्लादेश के विश्व कप में भाग लेने का फैसला सरकार के रुख पर आधारित रहेगा।

जनवरी में नजरुल ने मीडिया से कहा, 'बैठक का मकसद बस खिलाड़ियों को यह समझाना था कि सरकार ने यह फैसला क्यों लिया। मुझे लगता है कि वे समझ गए थे। यही मकसद था और कुछ नहीं। मुझे लगता है कि हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला। हम विश्व कप में खेलेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का फैसला है।'

वहीं अब नजरुल ने कहा, विश्व कप में नही खेलने पर कोई दुख नहीं है। यह फैसला बोर्ड और खिलाड़ियों ने लिया था, क्योंकि उन्होंने देश के क्रिकेट की सुरक्षा, लोगों की सुरक्षा और देश की इज्ज़त की रक्षा के लिए कुर्बानी दी थी। आईसीसी ने भी कहा है कि कोई प्रतिबंध नहीं लगेग और बांग्लादेश को आगे भी मेजबानी मिलेगी। ये हमारे बोर्ड के कड़े रुख की जीत है।

# मारिन सिलिच 600 जीत हासिल करने वाले बने दूसरे सक्रिय खिलाड़ी बने



डलास । मंगलवार को नेक्सो डलास ओपन में लर्नर टिएन के खिलाफ मिली मारिन सिलिच की 600वीं टूर-लेवल जीत, उनकी कंसिस्टेंसी और लंबे समय तक टिके रहने की झलक है, इन खूबियों ने उन्हें आज के महान खिलाड़ियों में जगह बनाने में मदद की है। एटीपी टूर पर दो दशकों में, जिसका ज़्यादातर हिस्सा 'बिग थ्री' युग में मुकाबला करते हुए बीता, क्रोएशियाई खिलाड़ी न केवल टिका रहा, बल्कि आगे भी बढ़ा है। 37 साल के सिलिच इस खेल के सबसे कड़े कॉम्पिटिटर में से एक हैं, जिनके पास उतनी ही जबरदस्त बेसलाइन फायरपावर है। साथ ही, 21 बार टूर-लेवल टाइटल जीतने वाले सिलिच शांत अंदाज़, आसान मुस्कान और सच्ची दयालुता के बीच संतुलन बनाते हैं, जो खिलाड़ियों और फैंस दोनों को पसंद आता है। सिलिक के नाम सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरी सबसे ज़्यादा जीत हैं, जो सिर्फ़ नोवाक जोकोविच (1,168 और गिनती जारी है) से पीछे हैं। अपनी 600वीं टूर-लेवल जीत हासिल करके, सिलिच अब तक के सबसे ज़्यादा जीत हासिल करने वाले क्रोएशियाई खिलाड़ी बन गए, उन्होंने पूर्व वर्ल्ड नंबर 2 गोरान इवानिसेविच को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने अपने शानदार करियर में 599 टूर-लेवल जीत हासिल की थीं। सिलिच के करियर की एक खास बात 2014 में यूएस ओपन में आई, जहां उन्होंने अपनी पहली बड़ी ट्रॉफी उठाई। सिलिच ने फाइनल में जापान के केई निशिकोरी को हराया, इसके कुछ ही पहले उन्होंने सेमीफ़ाइनल में पाँच बार के चैंपियन रोजर फेडरर को हराया था। यह जीत फ़ेडरर के ख़िलाफ़ सिलिच की 11 एटीपी हेड2हेड भिड़ंत में अकेली जीत थी।

सबसे ज्यादा टूर-लेवल जीत प्लेयर जीत (सक्रिय खिलाड़ी)

नोवाक जोकोविच – 1,168, मारिन सिलिच – 600, स्टेन वावरिंका – 586, गाएल मोंफिल्स – 583, अलेक्जेंडर ज्वेरेव – 526

# टी20 विश्वकप से बाहर हुए न्यूजीलैंड के ब्रेसवेल, मैककॉनची शामिल

नई दिल्ली । न्यूजीलैंड के अनुभवी ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल चोटिल होने के कारण टी20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गए हैं। ब्रेसवेल का बाहर होना कीवी टीम के लिए करारा झटका है क्योंकि वह अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। ब्रेसवेल के बांए पैर की पिंडली की पुरानी चोट अभ्यास के दौरान उभर आई। जांच में उनकी चोट गंभीर पायी गयी है। विशेषज्ञों के अनुसार उन्हें पूरी तरह फिट होने में तकरीबन तीन सप्ताह का समय लगेगा। ऐसे में वह विश्वकप में नहीं खेल पायेंगे। उनकी जगह पर अब ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर कोल मैककॉनची को टीम में शामिल किया गया है।वह 13 फरवरी को टीम से जुड़ेंगे। ब्रेसवेल को पिछले माह जनवरी में भारत दौरे के समय तीसरे एकदिवसीय के दौरान भी चोट लगी थी, जिसके बाद उन्होंने लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम पूरा किया था पर वापसी के बाद उनकी चोट फिर उभर आई। उनकी जगह पर शामिल मैककॉनची ने अंतिम बार अप्रैल 2024 में न्यूजीलैंड की ओर से खेला था। घरेलू टी20 सर्किट में उन्होंने 14 विकेट लिए और इस दौरान उनकी इकॉनमी रेट 7.71 रही। मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा हम सभी ब्रेसवेल के लिए दुखी हैं। विश्वकप से बाहर होना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता है। न्यूजीलैंड के लिए खेलना उनके लिए बहुत अहम होता है। उन्होंने वापसी के लिए काफी प्रयास किया पर वह फिर चोटिल हो गए। हम उनके शीघ्र ठीक होने की कामना करते हैं। न्यूजीलैंड की टीम को 14 फरवरी को ग्रुप डी में अपने तीसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना करना है। अब देखना है कि इसमें मैककॉनची किसने सफल रहते हैं।

# आईसीसी रैंकिंग : अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर कायम, सिकंदर रजा बने नंबर 1 ऑलराउंडर

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईसीसी की ताजा टी20आई रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार है। ओपनर अभिषेक शर्मा बल्लेबाजों की सूची में नंबर 1 स्थान पर बने हुए हैं, जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हैं। इस बीच जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने शानदार प्रदर्शन के दम पर टी20आई ऑलराउंडर रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है। ICC टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच जारी इन रैंकिंग्स ने क्रिकेट जगत में नई चर्चा छेड़ दी है।

### बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा का जलवा

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 909 रेटिंग अंकों के साथ टी20आई बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के फिल साल्ट (821), पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान (769), इंग्लैंड के जोस बटलर (766) और श्रीलंका के पथुम निसांका (754) को पीछे छोड़ रखा है। रैंकिंग में अन्य खिलाड़ियों ने भी छलांग लगाई है। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें पायदान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के कुसल मेंडिस ने छह स्थान की बढ़त लेकर 12वां स्थान हासिल किया। स्कॉटलैंड के जॉर्ज मुनसे, भारत के ईशान किशन और नीदरलैंड्स के माइकल लेविट ने भी उल्लेखनीय सुधार किया है।

### गेंदबाजों की सूची में वरुण चक्रवर्ती आगे

टी20आई गेंदबाजों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर बने हुए हैं और पाकिस्तान के अबरार अहमद से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं। चक्रवर्ती की लगातार प्रभावी गेंदबाजी ने उन्हें नंबर 1 बनाए रखा है। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा ने एक स्थान ऊपर चढ़कर पांचवां स्थान हासिल किया है और वह टॉप 10 में सबसे बड़ा बदलाव करने वाले गेंदबाज हैं। इसके अलावा, अर्शदीप सिंह (तीन स्थान ऊपर, 11वें), सलमान मिर्जा (नौ स्थान ऊपर, 13वें), ब्रैड इवांस (16 स्थान ऊपर, 15वें), मिशेल सेंटनर (चार स्थान ऊपर, 19वें) और ब्रैडली करी (25 स्थान ऊपर, 24वें) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

### सिकंदर रजा बने नंबर 1 टी20आई ऑलराउंडर

जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने ICC मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद टी20आई ऑलराउंडर रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। कोलंबो में ओमान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में रजा ने गेंद और बल्ले दोनों से अहम योगदान दिया। उन्होंने चार ओवर में 1/17 का किफायती स्पेल डाला, जिससे ओमान की टीम सिर्फ 103 रन पर सिमट गई। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए रजा ने विजयी रन बनाकर टीम को आठ विकेट से जीत दिलाई। इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ और उन्होंने पाकिस्तान के सैम अयूब को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि उन्होंने पहली बार पिछले साल के अंत में पाई थी और अब दोबारा नंबर 1 बन गए हैं।






# धवन बने दिल्ली खेल महाकुंभ के ब्रांड एम्बेसडर



नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन को खेल महाकुंभ का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि धवन ने दिल्ली सरकार की खेलों के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए स्वयं यह जिम्मेदारी स्वीकार की है। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने धवन का आभार जताते हुए दिल्ली के खिलाड़ियों के प्रति उनके योगदान की प्रशंसा की है। दिल्ली सरकार को भरोसा है कि धवन के मार्गदर्शन और प्रेरणा से युवा खिलाड़ियों में नया उत्साह जगेगा और उन्हें नई पहचान मिलेगी। दिल्ली खेल महाकुंभ 13 फरवरी से शुरू होगा। इस दौरान उद्घाटन समारोह से लेकर पूरे आयोजन के दौरान धवन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएंगे। धवन ने कहा कि दिल्ली ने उन्हें बहुत कुछ दिया है और अब उसे लौटाने का समय आ गया है। इस कारण वह अपने योगदान के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए अच्छा मंच तैयार किया है जिसमें वह अपना पूरा सहयोग देंगे।



# 'भागम भाग 2' में हुई मनोज बाजपेयी की एंट्री! गोविंदा को करेंगे रिप्लेस?

बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है।

## गोविंदा की जगह लेंगे मनोज



एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है। मनोज बाजपेयी फिल्म में गोविंदा की जगह लेंगे। यह खबर हाल ही में सामने आई है। 'भागम भाग' में गोविंदा के किरदार को काफी पसंद किया गया था। उनकी कॉमिक टाइमिंग वैसे भी काफी पसंद की जाती है। ऐसे में अब गोविंदा की जगह मनोज बाजपेयी को लेना, कितना कारगर रहेगा ये तो फिल्म रिलीज के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल अभी तक मेकर्स की ओर से 'भागम भाग 2' की कास्ट को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## राज शांडिल्य करेंगे निर्देशन

फिल्म को लेकर अभी तक आ रहीं खबरों के मुताबिक, सीक्वल का निर्देशन राज शांडिल्य करेंगे और इसकी कहानी भी पहचान को लेकर होने वाली गलतफहमी पर आधारित होगी। जबकि 'भागम भाग' का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था। फिल्म में मीनाक्षी चौधरी अक्षय कुमार के साथ मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आएंगी। जबकि मनोज बाजपेयी के अपोजिट नजर आने वाली हीरोइन की तलाश अभी जारी है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म की शूटिंग अगले महीने से मुंबई में शुरू होने की खबरें हैं।



# अनुभव सिन्हा की इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी तापसी

तापसी पन्नू निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है—और इसकी शुरुआत आज जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई। फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के




कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है। तापसी पन्नू के साथ फिल्म में कनी कुसरुति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा और मोहम्मद ज़ीशान अय्यूब भी अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा पाहवा की विशेष प्रस्तुतियाँ फिल्म की रोमांचक गहराई को और बढ़ाती हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ प्रस्तुत अस्सी , बेनारस मीडिया वर्क्स के बैनर तले बनी है। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है और निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और अनुभव सिन्हा ने किया है। अस्सी 20 फरवरी 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में विशेष रूप से रिलीज़ होगी।

# आदित्य के साथ हॉरर थ्रिलर बनाएंगे करण जौहर



धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले करण जौहर एक नई हॉरर थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह फिल्म पूरी तरह प्योर हॉरर जॉनर की होगी और इस वक्त कास्टिंग स्टेज में है। इससे पहले करण, कार्तिक आर्यन के साथ क्रिएचर कॉमेडी 'नागजिला' और एक क्रिएचर थ्रिलर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि इस हॉरर थ्रिलर में आदित्य रॉय कपूर को लीड रोल के लिए लॉक कर लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, आदित्य ने स्क्रिप्ट पढ़ते ही प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी। यह एक यूनिक कॉन्सेप्ट पर आधारित फिल्म है और धर्मा प्रोडक्शंस को इसके थिएट्रिकल पोटेंशियल पर पूरा भरोसा है। इस फिल्म की शूटिंग मई 2026 से शुरू होने की तैयारी है। एक टॉप टियर फीमेल लीड को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है।



# ऋतिक की 'कृष 4' में फाइनल चोपड़ा की एंट्री हुई प्रियंका



ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस बॉलीवुड में वापसी कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार... 'प्रियंका को ऋतिक रोशन की सुपरहिट फिल्म 'कृष 4' में फीमेल लीड के रूप में फाइनल कर लिया गया है। प्रियंका ने इस फ्रेंचाइज की पिछली दो फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई थी, इसके बाद उन्होंने हॉलीवुड की ओर फोकस किया और अपने पर्सनल लाइफ, खासकर शादी में बिजी हो गई थीं। फिल्म 'वाराणसी' का शूट पूरा करने के बाद प्रियंका 'कृष 4' की शूटिंग शुरू करेंगी। हालांकि अभी मेकर्स या प्रियंका की तरफ़ से कोई स्टेटमेंट नहीं आया है। 'कृष 4' को ऋतिक 700 करोड़ रुपए के बजट पर बनाना चाहते हैं। इस फिल्म को डायरेक्ट भी खुद ऋतिक करेंगे। बता दें कि 2003 में राकेश के निर्देशन में साइंस फिक्शन फिल्म 'कोई.... मिल गया' रिलीज हुई। इस फिल्म ने बॉलीवुड को एक नया सुपरहीरो दिया। 'कोई मिल गया' के बाद आई 'कृष', यह भी सुपरहिट रही। फिर राकेश रोशन ने 'कृष 3' के लिए लंबा इंतजार करवाया। 2006 में 'कृष' की सफलता के बाद 'कृष 3' 2013 में आई। इसमें विवेक ओबेरॉय विलेन बने थे। इस फिल्म के अलावा प्रियंका इन दिनों अपनी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर भी चर्चा में हैं। इसमें उनके साथ महेश बाबू लीड रोल में दिखाई देंगे। यह एक बड़े बजट की फिल्म होगी।



# सई मांजरेकर ने साझा किया 'द इंडिया हाउस' का अनुभव

भारतीय सिनेमा की पैन-इंडिया फिल्मों में काम करना जितना रोमांचक होता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। इस कड़ी में अभिनेत्री सई मांजरेकर इन दिनों अपनी आने वाली पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा फिल्म 'द इंडिया हाउस' को लेकर काफी बिजी हैं। यह फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषा में एक साथ शूट की जा रही है। सई का कहना है कि इस तरह की फिल्म में काम करने के लिए कलाकार को हर समय भावनात्मक और मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार रहना पड़ता है। सई मांजरेकर ने कहा, ''द इंडिया हाउस' मेरे लिए अब तक का अलग अनुभव रहा है। जब एक ही सीन को दो भाषाओं में शूट किया जाता है, तो कलाकार को भाषा की लय, भाव और भावनात्मक गहराई को बारीकी के साथ समझना पड़ता है। कई बार ऐसा होता है कि एक ही सीन पहले एक भाषा में और तुरंत बाद दूसरी भाषा में करना होता है, जिससे कलाकार को हर पल सतर्क रहना पड़ता है।' उन्होंने कहा, ''इस तरह की फिल्मों में अभिनय का तरीका भी थोड़ा बदल जाता है। यहां सिर्फ शब्दों से नहीं, बल्कि भावनाओं से कहानी को आगे बढ़ाना होता है। हर भाषा की अपनी एक संवेदना होती है और उसी के अनुसार किरदार की भावनाएं भी बदलती हैं। ऐसे में कलाकार को अपने अभिनय को बार-बार ढालना पड़ता है, ताकि किरदार हर भाषा में उतना ही सच्चा लगे।'' सई ने कहा, ''मेरी पिछली फिल्म 'मेजर' की शूटिंग का अनुभव इस फिल्म में काफी काम आया। उस फिल्म से मुझे यह समझने में मदद मिली कि द्विभाषी फिल्मों की शूटिंग कैसे होती है और कलाकार को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। हालांकि हर प्रोजेक्ट की अपनी अलग पहचान और चुनौतियां होती हैं। 'द इंडिया हाउस' की कहानी और उसका ऐतिहासिक संदर्भ इसे बाकी फिल्मों से अलग बनाता है।'' 'द इंडिया हाउस' फिल्म में सई मांजरेकर 'सती' नाम की महिला का किरदार निभा रही है। इस पर सई ने कहा, ''सती का किरदार निभाने के लिए मुझे उस समय के माहौल, सोच और भावनाओं को गहराई से समझना पड़ा। सती बाहर से शांत दिखाई देती है, लेकिन उसके भीतर साहस, दर्द और संघर्ष छिपा है। इन भावनाओं को बिना ज्यादा शब्दों के दर्शकों तक पहुंचाना मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी हैं।'' पैन-इंडिया फिल्मों की खास बात बताते हुए सई ने कहा, ''ऐसे प्रोजेक्ट्स में काम करने का सबसे अच्छा पहलू टीमवर्क होता है। सेट पर अलग-अलग राज्यों और भाषाओं से आए कलाकार और तकनीशियन एक साथ काम करते हैं। सबका लक्ष्य कहानी को ईमानदारी से पर्दे पर उतारना होता है। यह सामूहिक भावना कलाकार को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है।'' सई ने अपने सह-कलाकार निखिल सिद्धार्थ, निर्देशक वामसी और पूरी टीम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ''सेट पर काम करने का माहौल बेहद सकारात्मक और कहानी पर केंद्रित रहता है। जब निर्देशक और पूरी टीम कहानी को लेकर गंभीर होती है, तो कलाकार भी अपने किरदार में और गहराई से उतर पाता है।''



# सुनील शेट्टी ने बेटे अहान के प्रोफेशनलिज्म को लेकर बात की

अहान शेट्टी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस बीच अब अहान शेट्टी की फिल्म 'सनकी' के बंद होने की चर्चाएं एक बार फिर से उठी हैं। दरअसल, इस फिल्म के बंद होने की वजह अहान शेट्टी के सपोर्टिंग स्टाफ पर आने वाले अधिक खर्च को बताया गया था। कई रिपोर्ट्स में ऐसा कहा गया था कि अहान शेट्टी के सहयोगी स्टाफ पर अधिक खर्च आने के कारण मेकर्स ने 'सनकी' फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब इन चर्चाओं पर अहान के पिता व अभिनेता सुनील शेट्टी ने प्रतिक्रिया दी है।

## प्रोड्यूसर ने फैलाई अफवाहें

2021 में अहान की डेब्यू फिल्म 'तड़प' के रिलीज होने के बाद उनकी अगली फिल्म 'सनकी' को अचानक रोक दिया गया। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि यह फैसला अहान के साथ आए लोगों के कारण कथित तौर पर हुए खर्चों से बढ़ी चिंताओं के बाद लिया गया है। अब लहरें रेट्रो के साथ बातचीत में अभिनेता सुनील शेट्टी ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने बेटे अहान के प्रोफेशनलिज्म को लेकर भी बात की। सुनील शेट्टी ने कहा कि अहान ने कभी भी अपने साथ आए लोगों को हद से ज्यादा नहीं रखा। ये सब अफवाहें हैं। ये अफवाहें निर्माता की सुविधा के लिए फैलाई गई हैं। अगर निर्माता कहता है कि वह बिल दिखा सकता है, तो मैं देखूंगा। ऐसे में पिता को दखल देना पड़ता है और मैं साफ तौर पर दखल दूंगा। अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए झूठ मत फैलाओ, क्योंकि यह अहान के साथ नाइंसाफी है।

## अहान खुद उठाते हैं अपने स्टाफ का खर्च

सुनील शेट्टी ने आगे कहा कि अहान अपने साथ आने वाले लोगों को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। अगर वे उनके साथ आते हैं, तो उनका खर्च वही उठाते हैं। उन्हें इस बात का पूरा एहसास है। जब सुनील शेट्टी घर से खाना-पानी लाते हैं, तो मेरे स्टाफ को कहा गया है कि अगर आप यूनिट का खाना खा रहे हैं, तो ठीक है, लेकिन अगर आप बाहर से खाना मंगवाना चाहते हैं, तो बिल मेरे नाम से बनवाएं, निर्माता के नाम से नहीं। मेरा स्टाफ ऐसा करने की हिम्मत नहीं कर सकता, इसलिए अहान का स्टाफ तो ऐसा बिल्कुल नहीं करेगा। अहान तो अभी-अभी इंडस्ट्री में आए हैं। यह उनका इंडस्ट्री में जमने का समय है, इसलिए कोई नखरे नहीं चलेंगे। ऐसा हो ही नहीं सकता।

## कई रिपोर्ट्स में इन कारणों का भी किया गया जिक्र

कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि साजिद नाडियाडवाला ने शुरू में 'सनकी' को आगे बढ़ाया था और प्राइम वीडियो के साथ एक बड़ा डिजिटल सौदा भी किया था। हालांकि, इस सबके बावजूद सैटेलाइट और डिजिटल राइट्स से कम कमाई के कारण प्रोजेक्ट को रोक दिया गया। इसके साथ ही कथित तौर पर अहान के सपोर्ट स्टाफ का अत्यधिक खर्च भी इसका कारण बना। लेकिन अब सुनील शेट्टी ने अहान के सपोर्ट स्टाफ के खर्च की बात को झूठा करार दिया है।

अहान शेट्टी ने साल 2021 में आई एक्शन-रोमांटिक फिल्म 'तड़प' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। हालांकि, इसके बाद लगभग चार साल से अधिक समय तक वो बड़े पर्दे से दूर रहे। अब इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई 'बॉर्डर 2' अहान की दूसरी फिल्म है। फिल्म में उन्होंने नेवी ऑफिसर की भूमिका निभाई है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। वहीं अहान के काम को भी पसंद किया गया है।





# सर्दियों में कैसे रहें खिली-खिली

सर्दियों में हालांकि जल्दी बिस्तर छोड़ने की इच्छा नहीं होती। भूख बढ़ जाती है और शारीरिक कवायद कम हो जाती है। लेकिन कुछ छोटी-छोटी बातों के साथ ही यदि सुबह की शुरुआत की जाए तो यह ऋतु आपके स्वास्थ्य व सौंदर्य के लिए वरदान साबित होगी।

### बिस्तर छोड़ने के पहले व्यायाम

जैसे ही आप बिस्तर से उठते हैं अपने शरीर को तानिए और ढीला छोड़िए। फिर से तानिए और ढीला छोड़िए। चार-पांच बार इस क्रिया को दोहराइए। ऐसा करने से शरीर में गर्मी के तापक्रम में वृद्धि होगी। यदि आपके पास समय है तो एक ही स्थान पर खड़े होकर कुछ देर जॉगिंग कीजिए। ऐसा करने से भी शरीर में चुस्ती-फुर्ती आएगी और आपके अगले काम फटाफट होंगे।

### उबटन स्नान और ताजगी

स्नान में साबुन को अधिक महत्व न दीजिए। कोई-सा भी उबटन लगाइए। बाँहों, पैरों, घुटनों, पीठ एवं गर्दन को उबटन से रगड़िए, उसके बाद नहाइए। फिर खुरदरे तौलिए से बदन पोंछिए। इस तरह के स्नान से ताजगी, चुस्ती और गर्मी महसूस होगी।

### डटकर खाइए

इन दिनों भूख अधिक लगती है और भूखे पेट सर्दी अधिक लगती है। सुबह पौष्टिक नाश्ता भरपूर कीजिए। खाने में भरपूर ऊर्जा प्रदान करने वाला भोजन कीजिए। इसमें प्रोटीन, पनीर, दूध, अनाज, आलू, ताजे फल और हरी सब्जियों का सेवन कीजिए। गरमागरम सूप लेना भी इन दिनों अच्छा रहता है।

### गर्म कपड़े भरपूर पहनें

मौसम के अनुसार कपड़ों का चयन कीजिए। शोख रंगों को अपनाइए। सर्दी से बचाव का बढ़िया तरीका है एक ही भारी-भरकम गर्म लबादे के बजाए पतली तह वाले कई गर्म कपड़े पहनिए। अंदर के वस्त्र कॉटन के ही हों तो बेहतर होगा। दस्ताने और मौजे पहनने से कतराइए नहीं इनसे आपको आराम भी मिलेगा और त्वचा की सुरक्षा भी होगी

### पैदल चलिए

यदि आप कामकाजी हैं व ऑफिस आपके घर से ज्यादा दूर नहीं है और संभव हो सके तो आप पैदल ही जाइए। इससे रक्त संचार बढ़ेगा, जो सर्दी को कम करेगा। इस ऋतु में लिफ्ट का प्रयोग कम से कम कीजिए। दिन में दो-चार बार सीढ़ियां अवश्य चढ़िए। इससे शरीर का व्यायाम भी होगा और गर्मी भी आएगी। यदि आपका काम पैदल चलने का अधिक नहीं है तो जब भी समय मिले घर में ही तेज चाल से कुछ देर चलिए। पैदल चलना शरीर को गर्मी पहुंचाता है।

### हाथ-पैरों को बचाएं

एड़ियां व होंठों को फटने से बचाएं। पैरों की मालिश करके सर्दी से बचाएं। घर में स्लीपर के साथ मोजे पहने रहें। बिवाई नहीं पड़ेगी। होंठों पर वैसलीन व चैपस्टिक लगाती रहें, इससे ये सूखेंगे नहीं।

### शोख कलर पहनिए व लगाइए

शोख कपड़ों के साथ-साथ मेकअप भी शोख रंगों से कीजिए। ब्राउन या लाल रंग के विभिन्ना शेड लिपस्टिक के इन दिनों खूब फबेंगे। यदि आप आँखों का मेकअप करती हैं तो स्लेटी, भूरे, सुनहरे और तेज रंग के आई शेडो का इस्तेमाल करें।

### कमरे का तापक्रम

बहुत अधिक गरम या एयर कंडीशनरयुक्त रूम में न सोएं। इससे आप सर्दी से तो बच जाएंगे, पर सुबह उठने पर आप अपने आपको तरोताजा महसूस करने की अपेक्षा सुस्ती से घिरा पाएंगे।

### एक नजर इधर भी

इन दिनों सर्द हवाओं के साथ-साथ धूप का व्यापक प्रभाव भी त्वचा पर पड़ता है। अतः कोल्ड क्रीम के साथ मॉइश्चराइजर का भी प्रयोग करें। त्वचा की नमी बनाए रखने के लिए पेट्रोलियम, लेनोलिन, मिनरल ऑइल, ग्लिसरीन आदि का भी प्रयोग करें।

ये नमी प्रदान करने वाले तत्व त्वचा की रक्षा भी करेंगे। प्रतिदिन चेहरे की सफाई क्लींजिग मिल्क से करें। विंटर केयर लोशन कोल्ड क्रीम व मॉइश्चराइजर दोनों की कमी पूरा करता है। किसी अच्छी कंपनी का लोशन इन दिनों के लिए चुन लें। आपकी त्वचा पर मौसम का अतिरिक्त प्रभाव नहीं पड़ेगा।



# आया मौसम हरी-भरी सब्जियों का

आज के इस आपाधापी वाले युग में दुनिया के सभी पुरुष व महिलाएँ स्वास्थ्य तथा सौंदर्य चाहते हैं, किंतु कोई भी प्राकृतिक आहार-विहार, दिनचर्या अपनाने को तैयार नहीं होता। इसका सबसे बड़ा कारण है बाजारों में बढ़ता डिब्बाबंद आहार का चलन, रेडीमेड खाद्य पदार्थ, हॉटडॉग, फास्ट फूड्स इन सभी का मानवीय जीवन में बहुत मात्रा में इस्तेमाल होने लगा है। मनुष्य के जीवन जीने के रंग-ढंग ही बदल गए हैं।

अगर हम इन स्थितियों से बचना चाहते हैं तो हमें अपना खान-पान बदलना होगा तभी हमारी जीवन पद्धति में सुधार होगा और हम अपना स्वास्थ्य और सौंदर्य कायम रख पाएंगे। और इस आहार में हरी सब्जियों का सेवन ही हमारे जीवन की महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हरी सब्जियों से हमें शरीर के लिए आवश्यक वे सभी तत्व मिल जाते हैं, जो हमारे शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करते हैं। इसके नियमित सेवन से पाचनतंत्र में सुधार, लावण्य में वृद्धि और हमारे शरीर को पौष्टिकता भी प्राप्त होती है। जिसका असर आपके चेहरे और शरीर पर आसानी से देखा जा सकता है।

**हरी सब्जियों के लाभ!**

* गोभी, आलू, बीन्स आदि शरीर के विविध भागों, तत्वों, मात्राओं को प्रभावित करते हैं।
* अदरक, धनिया, पुदीना, हरी मिर्च सब्जियों के तत्वों एवं स्वाद को बढ़ाने में मदद करते हैं।
* लहसुन खून का थक्का जमने नहीं देती अतः हृदय रोग में लाभकारी है।
* करेला पेट के कृमि नष्ट करता है और रक्त शोधन कर, अग्नाशय को सक्रिय करता है।
* टमाटर शरीर में रक्त की मात्रा बढ़ाता है और त्वचा निखारता है।
* नींबू शरीर के पाचक रसों को बढ़ाता है।
* पालक हड्डियों को कैल्शियम से सुदृढ़ करता है।
* भिंडी वीर्य में गाढ़ापन लाती है और शुक्राणु बढ़ाती है।
* लौकी शीघ्र पाचक, रक्तवर्द्धक है। यह शीतलता प्रदान करती है।
* खीरा रक्त कणों का शोधन कर शरीर में रक्त का प्रवाह बढ़ाती है।
* परवल शरीर को ऊर्जा देता है।



# सर्दियों में कैसा हो आपका डाइटचार्ट

हम जैसा भोजन करते हैं, उसका असर हमारे तन व मन दोनों पर होता है। मौसम के बदलते ही अपने शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए हमें अपने भोजन में कुछ फेरबदल करने होते हैं। हेल्थ कांशियस युवाओं के लिए यह मौसम चुनौतियों से भरा होता है। सर्द मौसम में व्यायाम कर अपने शरीर को ऊर्जावान बनाए रखना जरूरी है साथ ही ऐसा आहार जिनकी कम मात्रा लेने पर भी उनके शरीर को भरपूर कैलोरी मिले। सर्दियों में अपनी डाइट को लेकर आप कन्फ्यूज हैं तो हम लेकर आए हैं- सर्दी के मौसम में लो फैट विद हाई कैलोरी से भरपूर भोजन की जानकारी। इन्हें अपने डाइटचार्ट में शामिल कर आप अपने शरीर के बढ़ते वजन को नियंत्रित रख पाएंगे।

### सर्दियों में युवाओं की डाइट

इस मौसम में अपने शरीर से थकान व आलस्य को दूर भगाने के साथ ही दिन भर स्फूर्ति और ऊर्जा से भरपूर रहने के लिए युवाओं को डाइट चार्ट का पालन करना चाहिए।

### ब्रेकफास्ट सुपर

सुबह का नाश्ता हमें ऊर्जा देता है। नाश्ते में अंडे के साथ ब्रेड, उपमा, सैंडविच, डोसा आदि ले सकते हैं। रोजाना नाश्ते के बाद मलाई निकले हुए एक गिलास गर्म दूध का सेवन करना न भूलें। इन सबके साथ एक प्लेट फ्रूट या वेजीटेबल सलाद आपके नाश्ते को कम्प्लीट करेंगे।

### लंच स्पेशल

दोपहर के भोजन में हरी सब्जी, चपाती, ताजा दही या छाछ, छिलके वाली दाल के साथ चावल, गरमा-गरम सूप ले सकते हैं। लंच में हरी चटनी भोजन में मल्टीविटामिन्स की कमी को पूरा करती है।

### डिलीशियस डिनर

सर्दियों में रात को आप जल्दी भोजन करने की आदत डालें। रात का भोजन आपके दोपहर के भोजन की अपेक्षा हल्का होना चाहिए। रात को भोजन में आप खिचड़ी या दलिया जैसे हल्के भोजन का सेवन करें। सोने से कम से कम 4 घंटे पहले भोजन करने से शरीर में भोजन का पाचन अच्छे से होता है। रात को सोने से पहले हल्दी, खारेक या अदरक मिले एक गिलास गर्म दूध का सेवन अवश्य करें।



सर्दियों का मौसम सेहत बनाने का होता है। इस समय डाइजेशन सिस्टम पूरी क्षमता से काम करता है। सभी हैवी डाइट खाना पसंद करते हैं। ड्राईफ्रूट्स और नट्स मेन्यू में शामिल किए जाते हैं। हैवी डाइट की शर्त है कि उसके साथ खूब कसरत की जाए।



# शीत ऋतु के रोग और उपचार

शीत ऋतु में प्रायः जो रोग होते हैं, उससे छुटकारा पा सकते हैं। बशर्ते आप ये उपाय आजमाएं।

* पाचन दोष के रोगियों को ठंड से कब्ज बढ़ जाने का खतरा रहता है। उन्हें ठंड में पानी खूब पीना चाहिए।
* सर्दी में सिर दर्द की शिकायत रहती है, दूध में जायफल घिसकर माथे पर लेप करें, आराम मिलेगा।
* सर्दी में अक्सर होंठ फटते हैं। कोकम का तेल लगाने से आराम मिलेगा।
* बिवाइयां फट जाने पर प्याज का पेस्ट लगाने से आराम मिलेगा।
* सर्दियों में प्रायः छाती में बलगम जमा हो जाता है, अंजीर का सेवन करने से बलगम निकलेगा तथा खांसी में राहत मिलेगी।
* भोजन के पश्चातजीरा पावडर खाएं पाचन क्रिया ठीक रहेगी।
* आजवाइन के चूर्ण का आधा चम्मच दिन में तीन बार खाने से ठंड से आया बुखार उतर जाता है।
* सर्दियों में खांसी, बुखार, जुकाम में पुदीने के पत्तों की चाय, शकर या नमक मिलाकर पीने से लाभ होता है।
* कफ जमा हो जाने से व दमा बढ़ने पर आजवायन छोटी पीपर, पोस्त दाना का काढ़ा बनाकर पीने से शीघ्र आराम मिलता है।
* ठंड के मौसम में अक्सर जोड़ों के दर्द की शिकायत रहती है, धतुरे के पत्तों पर तेल लगाकर गर्म करके दर्द वाले स्थान पर बाँध देने से आराम मिलता है।